राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 70, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली मंगलवार 26 सितम्बर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

तीसरी पुण्यतिथि पर सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक एस.पी बाला सुब्रमण्यम को श्रद्धा सुमन

.... पेज 03

सभी विभागों में रिक्त पदों को तत्काल भरें, कतई न हो देर : योगी

.... पेज 05

तृतीय नेशनल फिजिकल डिसअबिलिटी क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 28 सितम्बर से

.... पेज 07

## भारत ने एशियाड क्रिकेट में पहली बार जीता गोल्ड

### विमेंस फाइनल में श्रीलंका को 19 रन से हराया; तितास ने 3 विकेट लिए

**हांगझोऊ।** भारत ने एशियन गेम्स के विमेंस क्रिकेट इवेंट में गोल्ड मेडल जीत लिया है। सोमवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने श्रीलंका को 19 रन से हराया। यह भारत का एशियन गेम्स के क्रिकेट इवेंट में पहला मेडल है। इससे पहले भारतीय क्रिकेट टीम ने किसी एशियन गेम्स में हिस्सा नहीं लिया था।



भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 116 रन बनाए और श्रीलंका को 117 रन का टारगेट दिया। श्रीलंका की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 97 रन ही बना सकी। भारत के लिए तितास साधु ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। चेज करने उतरी श्रीलंका की ओर से हसिनी परेरा ने सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 22 बॉल पर 25 रन की पारी खेली। उनके अलावा नीलाक्षी डी सिल्वा ने 34 गेंद पर 23 रन बनाए। भारत की ओर से तितास साधु ने 4 ओवर में केवल 6 रन देकर सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। राजेश्वरी गायकवाड़ ने 20 रन देकर 2 विकेट लिए। वहीं दिप्ती शर्मा, पूजा वस्त्रकार और देविका वैद्य को 1-1 विकेट मिला।

#### स्मृति मंधाना ने सबसे ज्यादा रन बनाए

भारत के लिए सबसे ज्यादा रन स्मृति मंधाना ने बनाए। उन्होंने 45 बॉल पर 46 रन की पारी खेली। मंधाना के अलावा जेमिमा रोड्रिग्स ने 40 बॉल पर 42 रन की पारी खेली। श्रीलंका की ओर से इनोका रणवीरा, सुगंधिका कुमारी और उदेशिका प्रबोधनी ने 2-2 विकेट लिए।

#### मंधाना-रोड्रिग्स की अर्धशतकीय साझेदारी

16 रन पर शेफाली का विकेट गंवाने के बाद मंधाना और रोड्रिग्स ने 73 रनों की साझेदारी की। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 67 बॉल पर 73 रन जोड़े। इस साझेदारी को इनोका रणवीरा ने तोड़ा।

## मणिपुर में आवश्यक सत्यापन के बाद जारी किए जाएं आधार

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि मणिपुर हिंसा में विस्थापित लोगों को आवश्यक सत्यापन के बाद ही आधार कार्ड जारी किए जाने चाहिए।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने मणिपुर जातीय हिंसा से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान एक वकील के सवाल पर स्पष्ट किया कि वह कोई सामान्य आदेश पारित नहीं कर सकती है।

पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि किसी को यह सत्यापित करना होगा कि आवेदक वास्तविक हैं या नहीं और यदि कोई अवैध है तो क्या होगा।

पीठ के समक्ष वकील ने दलील दी कि विस्थापित व्यक्तियों के लिए आधार कार्ड फिर से बनाए जाने होंगे और बैंकों को निर्देश दिए जाने चाहिए। ऐसे व्यक्तियों को निरंतर सेवाएं प्रदान करना जरूरी है।

पीठ ने कहा कि अदालत यह कह सकती है कि अधिकारी यह सत्यापित करेंगे कि व्यक्ति वास्तविक नागरिक है या नहीं, लेकिन वह सामान्य आदेश पारित नहीं कर सकता।

## जाति जनगणना हिन्दुस्तान का एक्सरे : राहुल

एजेंसी

बिलासपुर। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जाति जनगणना को हिन्दुस्तान का एक्सरे करार देते हुए कहा कि हमारी सरकार आने पर पहला कदम जाति जनगणना करवाकर ओबीसी को उनकी वाजिब भागीदारी देना होगा। कांग्रेस यह करके दिखायेंगी।

गांधी ने छत्तीसगढ़ सरकार की ग्रामीण आवास न्याय योजना का शुभारंभ करने के बाद आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए जाति जनगणना पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को घेरते हुए कहा कि..श्री मोदी जहां जाते हैं वहां ओबीसी की बात करते हैं,लेकिन कांग्रेस की सरकार ने जो जाति जनगणना करवाई थी,उसमें हर जाति का डेटा सरकार के पास हैं,लेकिन उसे वह सार्वजनिक नही करना चाहते..।

उन्होने कहा कि एक बार जाति जनगणना के डेटा जनता के हाथ में होगा तो देश सबको भागीदारी देकर आगे बढ़ पायेंगा। उन्होने कहा कि यह सभी को पता हैं कि सरकार कैबिनेट सचिव और सचिव चलाते है। 90 सचिवों में महज तीन सचिव ओबीसी है।

इस पर उनके मंत्री ओबीसी सांसद विधायक की संख्या बताते है। उनके ओबीसी सांसदों से पूछो तो कहते हैं कि हम कुछ बोल नही सकते,सब मोदी जी और सिक्रेटरी करते है। उन्होने कहा कि अगर सभी को भागीदारी देनी है तो जाति जनगणना करवानी होगी।




छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'ग्रामीण आवास न्याय योजना' के शुभारंभ के दौरान एक लाभार्थी को 'चेक' दिया।

## अन्नाद्रमुक ने भाजपा से नाता तोड़ा

### पार्टी ने एनडीए छोड़ने का प्रस्ताव पारित किया; लोकसभा और विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी

चेन्नई। अन्नाद्रमुक ने भाजपा और एनडीए से आधिकारिक तौर पर नाता तोड़ लिया है। पार्टी अगला लोकसभा और विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। पार्टी नेताओं ने सोमवार को मीटिंग में इस संबंध में प्रस्ताव भी पारित किया है। पार्टी के डिप्टी कोओर्डिनेटर केपी मुनुसामी ने बताया कि अन्नाद्रमुक आज से भाजपा और एनडीए से सभी संबंध तोड़ रही है। भाजपा के लोग पिछले एक साल से पार्टी नेताओं, खासकर महासचिव ई पलानीसामी के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं। अन्नाद्रमुक प्रवक्ता शशिरेखा ने कहा- सदस्यों की राय के आधार पर हम यह प्रस्ताव लाए। यह अन्नाद्रमुकके लिए खुशी का क्षण है। हम आगामी लोकसभा या विधानसभा चुनाव अकेले अपने दम पर लड़ेंगे। 18 सितंबर को अन्नाद्रमुक नेता डी जयकुमार ने कहा था- तमिलनाडु के भाजपा प्रमुख के अन्नामलाई हमारी



पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्रियों सीएन अन्नादुरई और जयललिता पर बयानबाजी करते हैं। हमारे कार्यकर्ता इस बात को कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे।

#### भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष का जयललिता पर बयान

अन्नाद्रमुक और भाजपा के बीच इस साल जून में ही कड़वाहट शुरू हो गई थी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई ने एक अंग्रेजी अखबार को दिए इंटरव्यू में कहा था कि तमिलनाडु सबसे भ्रष्ट राज्यों में से एक है, जहां पूर्व मुख्यमंत्री तक को दोषी ठहराया गया।

उनका इशारा तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जे जयललिता पर था। उन्हें आय से ज्यादा संपत्ति मामले में दोषी ठहराया गया था। हालांकि इस मामले में जयललिता आरोपी थीं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के फैसले से पहले उनका निधन हो गया था। इस मामले में उनकी सहयोगी शशिकला समेत अन्य लोग दोषी ठहराए गए।

#### बीजेपी खुद को प्रमुख विपक्ष के रूप में प्रोजेक्ट कर रही है

तमिलनाडु विधानसभा में भाजपा के सिर्फ 4 एमएलए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, जब अन्नाद्रमुक में ई पलानीसामी और ओ पन्नीरसेल्वम के बीच विवाद गहरा गया था तो भाजपा ने खुद को प्रदेश में मुख्य विपक्षी दल के रूप में प्रोजेक्ट करना शुरू कर दिया था। इसी के बाद से दोनों सहयोगी दलों में मतभेद शुरू हो गए। बिहार, महाराष्ट्र, पंजाब के बाद तमिलनाडु चौथा राज्य है, जहां भाजपा के सहयोगी पार्टी से अलग हुए हैं। इससे पहले बिहार से नीतीश कुमार की जेडी, महाराष्ट्र से शिवसेना उद्धव गुट, पंजाब से शिरोमणि अकाली दल एनडीए से अलग हो चुके हैं।

#### दोनों पार्टियों के नेताओं का एक-दूसरे दल में शामिल होना

मार्च में भाजपा के पांच नेता अन्नाद्रमुक में शामिल हो गए थे। इनमें पार्टी के प्रदेश आईटी विंग के प्रमुख सीआरटी निर्मल कुमार भी शामिल हैं। निर्मल कुमार ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई पर आरोप लगाया है कि उनकी डीएमके की एक मंत्री के साथ साठगांठ है। निर्मल के अलावा 13 और नेता भी अन्नाद्रमुक में चले गए।

इससे पहले अन्नाद्रमुक के बड़े नेता और पूर्व मंत्री नैनार नागेंद्रन पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे और अभी विधानसभा में पार्टी के नेता हैं। इस पर अन्नाद्रमुक ने कहा- जब हमारे कैडर बीजेपी में जाते हैं तो वह छाती ठोकती है और जब उनके पार्टी कैडर हमारे साथ आते हैं तो वे चिल्लाने लगते हैं।

## 'बैंकरप्ट' होने के बाद ठेके पर चल रही कांग्रेस

### 'अर्बन नक्सलियों' के हाथ में पार्टी की कमान : मोदी

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के माध्यम से कांग्रेस पर जबर्दस्त हमला बोलते हुए आज कहा कि पार्टी के जमीन से जुड़े नेता अब चुपचाप बैठ गए हैं और बैंकरप्ट (दिवालिया) होने के बाद ठेके पर चल रही कांग्रेस अब अर्बन नक्सलियों के हाथ में चली गई है।



मोदी आगामी विधानसभा चुनाव के पूर्व यहां आयोजित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता महाकुंभ को संबोधित करने आए थे। इस दौरान अपने लगभग एक घंटे के संबोधन में उन्होंने कांग्रेस को ताबड़तोड़ तरीके से निशाने पर लिया।

उन्होंने विकास और गरीब कल्याण से लेकर महिला आरक्षण तक के मुद्दे के बहाने कांग्रेस को घेरा।

प्रदेश में पिछले दो विधानसभा चुनावों के पूर्व पार्टी इस प्रकार के कार्यकर्ता महाकुंभ का आयोजन करती है। आज के इस विशाल आयोजन में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, पार्टी चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक और केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रहलाद पटेल, फग्गन सिंह कुलस्ते, पार्टी के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय और प्रदेश सरकार के कई मंत्री उपस्थित थे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब इच्छाशक्ति खो चुकी है। पार्टी के जमीन से जुड़े नेता मुंह पर ताला लगा कर बैठ गए हैं। पहले बर्बाद और अब बैंकरप्ट हो चुकी कांग्रेस का ठेका दूसरों के हाथों में चला गया है। अब कांग्रेस को उसके नेता नहीं चला रहे। वो एक ऐसी कंपनी बन गई है, जहां हर चीज आउटसोर्स हो रही है। ये ठेका अब अर्बन नक्सलियों के हाथ चला गया है।

उन्होंने कहा कि मैदानी स्तर पर काम कर रहा कांग्रेस का हर कार्यकर्ता इस बात को महसूस कर रहा है। कांग्रेस खोखली हो गई है।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस के पास भविष्य को लेकर कोई योजना नहीं। पार्टी उस जंग लगे लोहे के समान हो गई है, जो बारिश में रखे-रखे खराब हो जाता है। उनके पास देशहित को समझने का सामर्थ्य नहीं बचा है।

#### मध्यप्रदेश ने भाजपा की प्रचंड विजय का बनाया मन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के पूर्व आज भारतीय जनता पार्टी के विशाल आयोजन कार्यकर्ता महाकुंभ के संदर्भ में कहा कि कार्यकर्ताओं की ऊर्जा देखकर यकीन होता है कि मध्यप्रदेश ने भाजपा की प्रचंड विजय का मन बना लिया है। मोदी ने कार्यकर्ता महाकुंभ के अपने संबोधन के बाद एक्स पर पोस्ट किया, भोपाल में हुए 'कार्यकर्ता महाकुंभ' में लोगों का जो स्नेह और आशीर्वाद मिला, वह बहुत उत्साहित करने वाला है। उनकी ऊर्जा और उमंग देखकर यह विश्वास होता है कि मध्यप्रदेश ने भाजपा की प्रचंड विजय का मन बना लिया है। इसके पहले मोदी ने अपने भोपाल प्रवास के दौरान लगभग 50 मिनट तक पार्टी कार्यकर्ताओं को अपना संबोधन दिया।

## पेड़ से टकराई कार, 5 लोगों की मौत

शहडोल। शहडोल में तेज रफ्तार एसयूवी पेड़ से टकरा गई। हादसे में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतकों में शहडोल में पदस्थ खनिज इंस्पेक्टर पुष्पेंद्र त्रिपाठी, अवनीश दुबे जिला प्रबंधक लोक सेवा, प्रकाश जगत संविदा इंजीनियर जिला पंचायत, दिनेश सारीवान सब इंजीनियर गोहपारू और पुष्पेंद्र त्रिपाठी के ममेरे भाई अमित शुक्ला शामिल हैं। घुनघुटी चौकी प्रभारी एएसआई शैलेन्द्र चतुर्वेदी ने बताया, खनिज इंस्पेक्टरपुष्पेंद्र त्रिपाठी के भाई अमित शुक्ला का जन्मदिन मनाकर पांचों लोग सेलटोस कार क्रमांक एमपी 18 जेडबी 2942 से उमरिया की तरफ से शहडोल जा रहे थे। इसी दौरान मझगवां के पास हादसा हो गया। सभी की उम्र 35 से 40 वर्ष के बीच थी। मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, हादसे में अवनीश दुबे और दिनेश सारीवान बुरी तरह घायल हुए थे।

## सी-295 मालवाहक विमान भारतीय वायु सेना के बेड़े में शामिल

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी को पहला नया मालवाहक विमान सी-295 सौंपा इसके साथ ही यह विमान विधिवत रूप से वायु सेना के बेड़े में शामिल हो गया।

रक्षा मंत्री ने बाद में सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि हिन्डन वायु सेना स्टेशन में सी-295 मालवाहक विमान के अनावरण समारोह में शामिल हुआ। यह विमान विधिवत हवाई पट्टी के बिना आधे अधूरे बने रनवे से उडान भरने तथा उतरने में भी सक्षम है। इसे एवरो मालवाहक विमानों के स्थान पर वायु सेना में शामिल किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस विमान से वायु सेना की क्षमता बढेगी और बाद में इसके देश में ही विनिर्माण से रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता बढेगी।




वायु सेना का नया मालवाहक विमान सी-295 स्पेन से गत बुधवार को गुजरात के वड़ोदरा वायु सेना स्टेशन पर पहुंचा था। भारत ने इस विमान के देश में विनिर्माण के लिए स्पेन स्थित एयर बस डिफेंस एंड स्पेस के साथ समझौता किया है। इसके तहत पहले वायु सेना को 16 विमान पूरी तरह तैयार हालत में मिलेंगे और बाद में इनका विनिर्माण देश में ही किया जायेगा। इस तरह यह पहला स्वदेशी मालवाहक विमान होगा। रक्षा मंत्री ने इस मौके पर भारत ड्रोन शक्ति 2023 प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया। इस प्रदर्शनी का आयोजन वायु सेना और भारतीय ड्रोन महासंघ ने संयुक्त रूप से किया है। दो दिन की इस प्रदर्शनी में देश भर से 75 से भी अधिक ड्रोन स्टार्टअप हिस्सा ले रहे हैं। सरकार 2030 तक भारत को प्रमुख ड्रोन हब बनाने की दिशा में निरंतर कदम उठा रही है।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सत्येंद्र जैन को राहत, अंतरिम जमानत नौ अक्तूबर तक बढ़ाई गई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को बड़ी राहत दी। कोर्ट ने सत्येंद्र जैन को चिकित्सा आधार पर दी गई अंतरिम जमानत आठ अक्तूबर तक बढ़ा दी। मामला न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया गया था। इसके बाद पीठ ने इसे नौ अक्तूबर को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया।



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आरोपी सत्येंद्र कुमार जैन से कहा कि वह शीर्ष न्यायालय में लंबित कार्यवाही का इस्तेमाल निचली अदालत में मामले की सुनवाई में देरी कराने के लिए ना करें। इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिकायत की कि जैन निचली अदालत में बार-बार स्थगन का अनुरोध कर रहे हैं।

पीठ ने कहा कि यह स्पष्ट किया जाता है कि इस न्यायालय के समक्ष लंबित कार्यवाहियों या किसी भी कारण का इस्तेमाल बहाने के रूप में या निचली अदालत में कार्यवाहियां टालने के लिए नहीं किया जाए, लेकिन याचिकाकर्ता तत्परता से निचली अदालत की कार्यवाहियों में शामिल होंगे और मामले को आगे बढ़ने देंगे।

इससे पहले आम आदमी पार्टी नेता की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उनकी अंतरिम जमानत 25 सितंबर तक के लिए बढ़ा दी थी।

सत्येंद्र जैन की 21 जुलाई को सर्जरी हुई थी। चिकित्सा आधार पर दी गई अंतरिम जमानत समय-समय पर बढ़ाई गई है।

शीर्ष अदालत ने 26 मई को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सत्येंद्र जैन को छह सप्ताह के लिए अंतरिम जमानत दी थी।

**हमला**

### केरल के कोल्लम जिले की घटना, 6 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

## सैनिक को पीटा, पीठ पर हरे रंग से लिखा पीएफआई

कोल्लम (केरल)। केरल में भारतीय सेना के एक जवान के साथ कथित तौर पर हमले का मामला सामने आया है। समाचार एजेंसी के अनुसार, दक्षिणी केरल जिले में रविवार रात एक सैनिक पर उसके घर के कुछ लोगों ने कथित तौर पर हमला कर दिया। इस दौरान उन्होंने जवान के साथ मारपीट की और उसके पीठ पर हरे रंग से क्कद्ब भी लिख दिया।

#### छह हमलावरों ने किया जवान पर हमला

पुलिस ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि हमलावरों की संख्या छह के करीब बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि इस घटना को रविवार देर रात कडक्कल में जवान के घर पास अंजाम दिया गया। पुलिस के अनुसार, घटना से पहले जवान अपनी बाइक से घर लौट रहा था। पुलिस ने बताया कि जिस दिन इस घटना को अंजाम दिया गया, वे सैनिक की छुट्टी का आखिरी दिन था। इसके बाद उसे वापस ड्यूटी पर लौटना था।

#### आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

पुलिस ने बताया कि जवान के बयान के आधार पर छह लोगों के खिलाफ आईपीसी की धारा 143, 147, 153, 323 और 341 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने कहा कि



अभी तक इस घटना के पीछे का मकसद पता नहीं चल पाया है। साथ ही अभी तक किसी भी संगठन की भूमिका का कुछ पता चला है।

#### कडक्कल पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई शिकायत

कडक्कल पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने जवान की शिकायत का जिक्र करते हुए बताया कि जब वह अपनी बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान उसके घर के पास कुछ लोग खड़े थे। इसके बाद जवान ने घटनास्थल पर खड़े लोगों से सवाल पूछा। उन्होंने बताया कि पास के बगान में कोई व्यक्ति नशे की हालत में पड़ा हुआ है। उन्होंने जवान से पूछा कि क्या वह उस शख्स को जानते हैं।

#### सैनिक के हाथ-पैर बांधकर पीठ पर लिखा पीएफआई

अधिकारी ने बताया कि सैनिक उन लोगों के साथ बगान में गया। तभी हमलवारों ने एक-एक कर जवान पर हमला करना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं हमलावरों ने सैनिक के हाथ पैर को भी बांध दिया। इसके बाद उन्होंने जवान के पीठ पर हरे रंग की स्याही से पीएफआई लिख दिया। पुलिस ने बताया कि सिपाही को ज्यादा चोटें नहीं आई है।

#### भारत सरकार ने लगाया था पीएफआई पर प्रतिबंध

बता दें कि पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया पर भारत सरकार ने पिछले साल प्रतिबंध लगाया था। जवान पर हमला उस समय किया गया, जब वह एक दिन छुट्टी पर जाने वाला था। फिलहाल जवान को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है और वह अपने घर पर ही है।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
मंगलवार 26 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शिवराज ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर नमन किया

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें नमन किया। चौहान ने निवास कार्यालय स्थित सभागार में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। पंडित उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को मथुरा के नगला चन्द्रभान गांव में हुआ। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिंतक और संगठनकर्ता थे। पं. उपाध्याय भारतीय जनसंघ के सह संस्थापक भी रहे।



# शार्ट न्यूज

## कश्मीर पुलिस ने सुलझाया हिट एंड रन मामला, आरोपी गिरफ्तार

श्रीनगर। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सोमवार को हिट एंड रन का मामला सुलझाकर एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में चार व्यक्तियों की जान चली गयी थी। यह हादसा 22 सितंबर को उस वक्त हुआ, जब उजरू से आ रहे एक अज्ञात ट्रक ने अखरोट फैक्ट्री के पास काजीगुंड में एक मारुति वैन को टक्कर मार दी। वैन बनिहाल की ओर जा रही थी। वैन में सवार चार लोगों की मौत हो गई। इस घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक को लेकर मौके से फरार हो गया था। काजीगुंड थाना में कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया और जांच शुरू की। जांच के दौरान, कुलगाम पुलिस ने सीसीटीवी, टोल प्लाजा, टेलीकॉम और अन्य उपयोगी एप्लिकेशन और सेवाओं से साक्ष्य एकत्र किए और अनंतनाग निवासी आरिफ अहमद इलाही को गिरफ्तार किया। उसका वाहन भी बरामद कर लिया। इस मामले से संबंधित जांच जारी है।

## कश्मीर घाटी में हिमपात, बारिश हुई

श्रीनगर। कश्मीर घाटी के ऊपरी इलाकों में पिछले 24 घंटों में इस मौसम का पहला हिमपात हुआ और मैदानी इलाकों में बारिश होने के कारण तापमान में गिरावट आयी। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान कश्मीर घाटी के ऊंचे इलाकों में हिमपात हुआ, जबकि मैदानी इलाकों में व्यापक रूप से हल्की से मध्यम बारिश हुई। इसी अवधि में जम्मू में अलग-अलग स्थानों पर भी हल्की बारिश हुई। उत्तरी कश्मीर में स्कीइंग रिसॉर्ट गुलमर्ग के अफरवाट पहाड़ों, बांदीपोरा में राजदान टॉप, सदना टॉप, पीर पंजाल पर्वत श्रृंखला और कश्मीर घाटी के अन्य ऊंचे इलाकों में पिछले 24 घंटों के दौरान हल्की बर्फबारी हुयी है। जम्मू-कश्मीर में अलग-अलग स्थानों पर बारिश जारी है और अन्य स्थानों पर बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को जम्मू-कश्मीर में आमतौर पर बादल छाए रहने तथा बुधवार को कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने के आसार हैं जबकि 27-28 सितंबर को मौसम शुष्क रहने के अनुमान हैं। जम्मू-कश्मीर में कई जगहों पर 29-30 सितंबर को भी बारिश होने के आसार हैं।

## तपोवन बांध परियोजना में विस्फोटकों के मामले में एनडीएमए लेगा निर्णय

नैनीताल। उत्तराखंड के आपदाग्रस्त जोशीमठ में प्रस्तावित तपोवन विष्णुगाढ़ हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर बांध परियोजना के निर्माण को लेकर राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) निर्णय करेगा। प्राधिकरण जोशीमठ को लेकर किये गये अध्ययनों और विभिन्न रिपोर्टों को आधार बनाकर दो सप्ताह में सरकार को अपनी रिपोर्ट देगा और सरकार एनडीएमए की सिफारिश पर एक सप्ताह में अंतिम निर्णय लेगी। साथ ही सरकार इसके संबंध में रिपोर्ट उच्च न्यायालय में सौंपेगी। मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की युगलपीठ ने उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी (उपपा) के अध्यक्ष पीसी तिवारी की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद ये निर्देश जारी किये। अदालत में नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन (एनटीपीसी) की ओर से दायर प्रार्थना पत्र पर सुनवाई हुई। एनटीपीसी की ओर से एक प्रार्थना पत्र दायर कर अदालत से परियोजना के निर्माण कार्य के लिये विस्फोटकों के इस्तेमाल की अनुमति की मांग की गयी थी।

## पिथौरागढ़ पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ दो सप्ताह में जांच पूरी करने के निर्देश

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने पिथौरागढ़ की जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोरा के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की लंबित जांच दो सप्ताह में पूरी करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही रिपोर्ट अदालत में सौंपने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ ने ये निर्देश पिथौरागढ़ निवासी दिनेश सिंह बिष्ट की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिये। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोरा पर पद के दुरूपयोग के आरोप हैं। जिला पंचायती राज सचिव की ओर से पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी (डीएम) को 26 जून 2023 को जांच सौंपी गयी लेकिन अभी तक जांच पूरी नहीं की गयी है। याचिकाकर्ता की ओर से यह भी कहा गया कि नियमों के मुताबिक प्राथमिक जांच 15 दिन में पूरी हो जानी चाहिए लेकिन डीएम जांच को टाल रहे हैं। अदालत ने इसे गंभीरता से लेते हुए डीएम को दो सप्ताह में जांच पूरी करने के साथ ही रिपोर्ट अदालत में सौंपने को कहा है।

## सिपाही पर बदमाशों का चाकुओं से हमला

हिसार। हरियाणा में रविवार रात यहां पुलिस के एक सिपाही पर मोटरसाइकिल सवार युवकों ने चाकुओं से हमला कर उससे सोने की चेन लूट ली। पुलिस ने बताया कि इस घटना में चौथा मिल निवासी सिपाही आदित्य कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसे नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आदित्य गुरुग्राम में तैनात है। वह शनिवार को छुट्टी लेकर घर आया था। अस्पताल में भर्ती आदित्य ने बताया कि वह रविवार रात करीब आठ बजे मोटरसाइकिल पर घरेलू सामान लेने बाजार गया था। वापस लौटते समय जोगीराम की ढाणी के मोटरसाइकिल पर सवार होकर दो युवकों ने उसका रास्ता रोक कर उस पर चाकुओं से हमला कर दिया। वह जब घायल होकर गिर गया तो इस दौरान हमलावरों ने उसके गले से सोने की चेन निकाल ली। उसने एक हमलावर को दबोच भी लिया लेकिन उसके दूसरे साथी ने फोन कर वहां तीन अन्य युवकों को बुला लिया जो पकड़े गये युवक को छुड़ा कर फरार हो गये।

## तिब्बत को चीन से स्वतंत्रता नहीं, पूर्ण स्वायत्तता चाहिए: दलाई लामा

धर्मशाला। तिब्बत के सर्वोच्च धर्मगुरु दलाई लामा ने तिब्बत को चीन के हिस्से के रूप में पूर्ण स्वायत्तता की मांग दोहराई है और कहा है कि चीन की सोच में रुख बदलाव आ रहा है और वहां के लोग उनकी तिब्बत में वापसी चाहते हैं। तिब्बती बौद्ध जगत में सर्वोच्च स्थान रखने वाले 14 वें दलाई लामा ने सोमवार को यहां अपने निवास स्थान पर इंडियन एसोसिएशन ऑफ फॉरेन अफेयर्स कॉरेस्पॉन्डेंट्स (आईएएफएसी) के एक प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात की। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा जिस तरह से उन्हें बहुत सारे लोग प्यार करते हैं, उसी तरह से चीन में भी बहुत सारे लोग उन्हें प्यार करते हैं। वे चाहते हैं कि वह (दलाई लामा) तिब्बत लौटें। दलाई लामा ने कहा कि वह ल्हासा में रहना नहीं चाहते हैं। वह धर्मशाला में ही रहना चाहते हैं क्योंकि ल्हासा की समुद्र तल से ऊंचाई एवं जलवायु उनकी शारीरिक स्वास्थ्य के अनुकूल नहीं है। उन्होंने दोहराया कि वह तिब्बत के लिए चीन के हिस्से के रूप में ही पूर्ण स्वायत्तता चाहते हैं। उन्होंने कहा, हम चीन का भाग रहते हुए पूर्ण स्वायत्तता चाहते हैं।

## किसानों का चंडीगढ़ कूच का एलान

हिसार। हरियाणा में यहां लघु सचिवालय में फसल बीमा दावों की मांग को लेकर धरने पर बैठे किसानों ने पक्का मोर्चा समाप्त कर अब अपनी लम्बित मांगों को लेकर पैदल चंडीगढ़ कूच करने का ऐलान किया है। उल्लेखनीय है कि ये किसान हिसार और फतेहाबाद में पगड़ी संभाल जट्टा नारे के तहत लघु सचिवालय में गत 117 दिनों से धरने पर बैठे हुये थे। सोमवार को गुलाबी सूंडी से फसल खराब होने के चलते किसान ट्रैक्टर-ट्राली में खराब कपास लेकर लघु सचिवालय पहुंचे। किसान नेता सतीश बेनीवाल ने बताया कि कपास की फसल में प्रति एकड़ 20 हजार रुपए का खर्चा होता चुका है, ऐसे में गुलाबी सुंडी से 50-70 प्रतिशत तक नुकसान हुआ है। किसानों की मांग है कि सरकार विशेष गिरदावरी करा कर तुरंत प्रभाव किसानों को 50 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा दे। दूसरी तरफ बालसंमद तहसील में किसानों ने बकाया मुआवाजा और कपास की विशेष गिरदावरी की मांग को लेकर मुख्यमंत्री का पुतला फूंका। धरना समाप्त करने के बाद 26 सितम्बर को फतेहाबाद से हजारों की सख्या में किसान पैदल मार्च करते हुए चंडीगढ़ जाएंगे। हिसार जिले के 72 गांवों में किसानों को फसल बीमा क्लेम नहीं मिला है, यह मांग प्रमुख रूप से उठाई जाएगी।

# कानपुर में आनंद महिंद्रा समेत 13 के खिलाफ एफआईआर

## हादसे में स्कॉर्पियो का एयरबैग नहीं खुला, युवक की मौत



कानपुर। कानपुर में आनंद महिंद्रा समेत 13 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज हुई है। आरोप है कि स्कॉर्पियो का एयरबैग नहीं खुलने की वजह से युवक की हादसे में मौत हो गई थी। पीड़ित ने बताया कि थाने और चौकी में कंपनी की इस लापरवाही को लेकर सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद कोर्ट की मदद से रायपुरवा थाने में एफआईआर दर्ज कराई।

### इन लोगों के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर

रायपुरवा थाने में महिंद्रा कंपनी के मालिक आनंद गोपाल महिंद्रा, तिरुपति आटो के मैनेजर, मुंबई स्थित महिंद्रा कंपनी के निदेशक चंद्र प्रकाश गुरनानी, विक्रम सिंह मेहता, राजेश गणेश जेजुरिकर, अनीश दिलीप शाह, थोथला नारायणनासामी, हैग्रेव खेतान, मुथैया मुरगप्पन मुथैया, विशाखा नीरुभाई देसाई, निसबाह गोदरेज, सिखासंजय शर्मा और विजय कुमार शर्मा के खिलाफ गैर इरादतन हत्या, धोखाधड़ी, जान से मारने की धमकी देना और साजिश रचने समेत कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज कराया गया है।

### पिता ने डॉक्टर बेटे को गाड़ी गिफ्ट की थी

कानपुर के जूही इलाके में रहने वाले राजेश मिश्रा ने बताया कि 2 दिसंबर 2020 को जरीब चौकी स्थित तिरुपति ऑटो से एक ब्लैक स्कॉर्पियो 17.39 लाख रुपए में खरीदी थी। कंपनी की ओर से गाड़ी की खूबियों और सुरक्षा के बारे में बताया गया था। इतना ही नहीं, कई सोशल मीडिया पर आनंद महिंद्रा द्वारा दिखाए गए ऐड देखकर इकलौते बेटे डॉ. अपूर्व मिश्रा को कार गिफ्ट की। 14 जनवरी 2022 को अपूर्व दोस्तों के साथ लखनऊ से कानपुर लौट रहे थे। कोहरे के चलते गाड़ी डिवाइडर से टकराकर पलट गई और अपूर्व की मौके पर ही मौत हो गई थी।

## ओडिशा सड़क दुर्घटना में दो की मौत

भुवनेश्वर। ओडिशा में गंजम जिले के खलीकोट थाना के अंतर्गत हरिदामुला में सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-16 पर एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार आंध्र प्रदेश से खाद्य तेल लेकर पश्चिम बंगाल जा रहा एक ट्रक सड़क से फिसलकर पलट गया जिसकी चपेट में एक मोटरसाइकिल और कार आ गयी। इसमें एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन बाद में उनकी हालत बिगड़ने पर एमकेसीजी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल बरहामपुर में स्थानांतरित कर दिया गया। मृतकों में महिला और ट्रक चालक शामिल हैं। घायल हुए लोगों में महिला का भाई, पुत्र और ट्रक चालक का सहायक है। इस घटना से संबंधित मामला दर्ज कर लिया गया और जांच शुरू कर दी है।

## देहरादून में होगी एआईपीएससी, अमित शाह करेंगे उद्घाटन

देहरादून। 49वीं अखिल भारतीय पुलिस साइंस कांग्रेस (एआईपीएससी) का आयोजन इस वर्ष उत्तराखंड पुलिस द्वारा वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून में होगा। आगामी सात एवं आठ अक्टूबर को प्रस्तावित इस कांग्रेस का शुभारंभ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे, जबकि अगले दिन इसका समापन राज्य के राज्यपाल व सेवानिवृत लेफ्टिनेंट जनरल, गुरमीत सिंह करेंगे। राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अशोक कुमार ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 'पुलिसिंग इन अमृत काल' पर केंद्रित यह आयोजन गृह मंत्रालय, भारत सरकार की संस्था पुलिस विकास एवं अनुसंधान ब्यूरो (बीपीआरएण्डडी) के तत्वावधान में हो रहा है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व 41वें एआईपीएससी का आयोजन 21 से 23 जून, 2011 के मध्य वन अनुसंधान संस्थान देहरादून में ही कराया गया था।

कुमार ने बताया कि कांग्रेस का उद्घाटन शनिवार यानी सात अक्टूबर को वन अनुसंधान संस्थान के दीक्षांत हॉल में पूर्वाहन में होगा। इस अवसर पर गृह मंत्री, भारत सरकार श्री शाह ने मुख्य अतिथि बनने के लिए सहमति दे दी है और मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड पुष्कर सिंह धामी अतिविशिष्ट सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रतिभाग करने एवं अपने विचार प्रस्तुत करने हेतु पूरे देशभर से पुलिस अधिकारी, शिक्षाविद्, शोधकर्ता, न्यायविद, विज्ञान विशेषज्ञ तथा दूसरे हितधारक उपस्थित होंगे।

डीजीपी ने बताया कि समापन समारोह रविवार यानी आठ अक्टूबर को भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद सभागार में शाम चार बजे आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर राज्यपाल, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने मुख्य अतिथि बनने के लिए सहृदय सहमति दे दी है।

## मुख्यमंत्री शिकायत प्रकोष्ठ में मंत्रियों की आवश्यकता नहीं

भुवनेश्वर। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सोमवार को कहा कि मुख्यमंत्री शिकायत प्रकोष्ठ को मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) नियंत्रित करता है और मंत्रियों को इसमें भाग लेने की आवश्यकता नहीं है।

राज्य विधानसभा में विपक्ष की आलोचना पर एक बयान देते हुए श्री पटनायक ने कहा कि मुख्यमंत्री शिकायत प्रकोष्ठ को सीएमओ नियंत्रित करता है और उनके निर्देशों के अनुसार सीएमओ के अधिकारी राज्य के सभी जिलों में विकेन्द्रीकृत शिकायत प्रकोष्ठ का संचालन करते हैं। उन्होंने कहा, एक बार याचिकाएं प्राप्त होने के बाद उन्हें संबंधित विभागों को भेजा जाता है और सवाल किया जाता है। इसमें मंत्री बनाम अधिकारी का मुद्दा कहां है? मंत्रियों ने याचिकाओं को हल करने में विभागों के प्रमुख के रूप में एक प्रमुख भूमिका निभाई है। मेरी सरकार ने हमेशा लोगों की शिकायत निवारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

उन्होंने बताया कि कोविड होने से पहले सीएमओ भुवनेश्वर में शिकायतों की सुनवाई करता था और राज्य भर से लोग आते थे और अपनी शिकायतें दर्ज कराते थे। उन्हें हल करने के लिए एक मजबूत प्रणाली थी। जब कोविड हुआ तो करीब दो साल तक प्रतिबंधों के कारण सीएम शिकायत कक्ष बंद रहा। स्थिति सामान्य होने पर इसे दोबारा शुरू किया गया।

## तेलंगाना में अगले तीन-चार दिनों में भारी बारिश के आसार

हैदराबाद। तेलंगाना के महबूबाबाद, सूर्यपेट, यादद्री भुवनगिरी, रंगारेड्डी, हैदराबाद, वनपर्थी तथा जोगुलम्बा गादवाल जिले में विभिन्न स्थानों पर भारी बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि इसी तरह की स्थिति खम्म, नालगोंडा, सूर्यपेट, यादद्री भुवनगिरी, रंगारेड्डी, महबूबाबाद, नागरकुर्नूल, वनपर्थी, नारायणपेट तथा जोगुलम्ब गदवाल जिले में 29 सितंबर को भी रह सकती है। राज्य के कुछ जिलों में अगले पांच दिनों तक बिजली चमकने के साथ ही गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं अगले साथ दिनों तक राज्य में कई स्थानों पर या कुछ स्थानों पर हल्की बारिश या मध्यम स्तर की बारिश होने या गरज के साथ छींटे पड़ने के आसार हैं।

## ममता ने एशियाई खेलों में पदक जीतने पर भारतीय एथलिटों को दी बधाई

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को चीन में आयोजित हो रहे एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले भारतीय एथलिटों को बधाई दी और कहा कि हांग्जो में चल रहे 19वें एशियाई खेलों के दूसरे दिन भी भारत की जीत का सिलसिला जारी है और हम अब हम 10 पदक जीत चुके हैं।

बनर्जी ने रुद्रांक बालासाहेब पाटिल, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और दिव्यांश सिंह पंवार को 10 मीटर एयर राइफल पुरुष टीम स्पर्धा में आज एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाने और पहला स्वर्ण पदक जीतने पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं।



उन्होंने आदर्श सिंह, अनीश भानवाला और विजयवीर सिद्धू को पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में देश के लिए एक और कांस्य पदक जीतने के लिए शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि दो और कांस्य पदक प्राप्त करने के लिए भारतीय पुरुष फोर तथा पुरुष क्वाड्रपल स्कल्स टीमों को बधाई। देश के लिए गौरव अर्जित करने के आपके सभी भविष्य के प्रयासों के लिए आपको शुभकामनाएं।

पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि हमारी रोइंग टीमों को आज दो और कांस्य पदक जीतने के लिए बहुत-बहुत बधाई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के लिए हमारी महिला क्रिकेट टीम को बधाई। पश्चिम बंगाल के हमारे अपने टिटस साधु ने शानदार प्रदर्शन किया और ऐतिहासिक जीत में योगदान दिया। इस महत्वपूर्ण अवसर के लिए सभी लड़कियों को जीत के लिए बधाई।

## ओडिशा विधानसभा में हंगामा, सदन की कार्यवाही स्थगित

भुवनेश्वर। ओडिशा विधानसभा में सोमवार को उस समय हंगामा हुआ जब विपक्षी भारतीय जनता पार्टी और सत्ता पक्ष के सदस्यों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए और नारे लगाए, जिससे अध्यक्ष प्रमिला मलिक को सदन की कार्यवाही अपराह्न चार बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी।

विधानसभा अध्यक्ष को आज दो बार सदन स्थगित करने के लिए मजबूर होना पड़ा। पहले सुबह 10: 33 बजे से 11: 30 बजे तक और फिर 11: 50 बजे से शाम चार बजे तक सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी क्योंकि भाजपा और बीजू जनता दल दोनों



दलों के सदस्यों ने अपनी सीटों से नारेबाजी करते हुए सदन में हंगामा खड़ा कर दिया।

प्रश्नकाल शुरू करने के लिए सुबह साढ़े दस बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई, विपक्ष के मुख्य सचेतक मोहन माझी के नेतृत्व में भाजपा सदस्य वेल में आ गए और सरकार के खिलाफ नारे लगाने लगे। भाजपा सदस्यों ने बिना कोई कारण बताए स्थगन प्रस्ताव की स्वीकार्यता पर बहस के लिए अध्यक्ष की ओर से उनके नोटिस को अस्वीकार करने का विरोध किया। उन्होंने इस मुद्दे पर हंगामा किया और मुख्यमंत्री से स्पष्टीकरण की मांग की कि कौन श्रेष्ठ है, मंत्री या सचिव?

भाजपा सदस्यों का मुकाबला करने के लिए सत्तारूढ़ बीजद सदस्यों ने केंद्र सरकार की लापरवाही और कटक-संबलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कार्य पूरा नहीं होने का आरोप लगाया। सदन में नारों और हंगामों के बीच अध्यक्ष ने सबसे पहले इसे 1033 बजे से 1130 बजे तक सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी।

स्थगन के बाद जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया क्योंकि जब अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को बयान देने के लिए बुलाया तो भाजपा सदस्य फिर से आसन के सामने आ गये और नारे लगाने लगे। उत्तेजित भाजपा सदस्यों ने सदन में 'लोकतंत्र की हत्या अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी' के नारे लगाते हुए हंगामा किया और मुख्यमंत्री से यह स्पष्ट करने की मांग की कि कौन श्रेष्ठ है, 'सचिव या मंत्री।'

## चोरी की मोटरसाइकिल सहित यूपी के दो शातिर उत्तराखंड में गिरफ्तार

टिहरी/देहरादून। उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल जनपद में चोरी हुई एक मोटर साइकिल को पुलिस ने चौबीस घंटे में बरामद कर उत्तर प्रदेश (यूपी) के बिजनौर जनपद के दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि गत 24 सितंबर को थाना मुनि की रेती पर वादी सजी तकेनाटील पुत्र कुटपन, निवासी वार्ड न0 11, ढालवाला, टिहरी गढ़वाल के द्वारा उनकी मोटर साइकिल सुपर स्प्लेंडर हीरो होंडा यूके07वाई6848 रात्रि में अज्ञात द्वारा चोरी कर लेने के संबंध में दी गई। तहरीर के आधार पर थाना मुनि की रेती पर मु0अ0स0 82/2023 धारा 379 आई0पी0सी0 का अभियोग पंजीकृत किया गया। उक्त चोरी गए वाहन की बरामदगी हेतु पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज की सहायता तथा पतारसी-सुरागरसी के माध्यम से दो अभियुक्तों को चोरी गई मोटर साईकिल सहित गंगा वाटिका तिराहा, ढालवाला के पास से गिरफ्तार किया गया है।

## कैंटर चालक की हत्या, फतेहाबाद में हुआ था दूसरे चालक से झगड़ा

फतेहाबाद। हरियाणा के सिरसा शहर निवासी ट्रक चालक की फतेहाबाद के साथ लगते धांगड़ गांव के निकट रविवार देर रात हत्या कर दी गई।

हत्या का आरोप साथी कैंटर चालक है। सदर थाना पुलिस ने मृतक कैंटर चालक के पिता की शिकायत पर उसके साथी चालक के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में सिरसा शहर के कीर्ति नगर क्षेत्र निवासी हरनारायण ने बताया कि उसका बड़ा पुत्र संजय (30) सिरसा निवासी सुखजिंद्र सिंह का तीन-चार महीने से कैंटर चलाता था। रविवार को सिरसा की जगदम्बा पेपर मिल से पेपर लोड करके तीन कैंटर दिल्ली भेजे गए। उनमें से एक कैंटर उसका पुत्र संजय, दूसरा कैंटर सिरसा के ही नरेलखेड़ा गांव निवासी गुरजंट सिंह और तीसरा कैंटर हिसार निवासी पटेल चला रहा था।

रात करीब साढ़े 12 बजे उन्हें पता चला कि हिसार-सिरसा राष्ट्रीय राजमार्ग पर धांगड़ गांव के पुल से करीब एक किलोमीटर पीछे गुरजंट ने संजय के कैंटर के आगे अपना कैंटर लगाकर उसे रुकवा लिया। इसके बाद गुरजंट ने संजय के कैंटर के पास जाकर उससे झगड़ा किया। आरोप है कि उसने लोहा परखी से संजय के गले और शरीर पर वार किये गम्भीर रूप से घायलावस्था में संजय को नागरिक अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक संजय शादीशुदा था। उसकी एक पुत्री और एक पुत्र है।

## हिसार, फतेहाबाद में आशा वर्करों ने दीं गिरफ्तारियां

हिसार। हरियाणा में आठ अगस्त से हड़ताल पर गईं आशा वर्करों ने जेल भरो आंदोलन के तहत आज यहां हिसार और फतेहाबाद लघु सचिवालयों के समक्ष प्रदर्शन किया और गिरफ्तारियां दीं। इस दौरान लगभग 700 आशा वर्करों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कहा कि जब तक उन्हें 26 हजार वेतन और सरकारी कर्मचारी का दर्जा नहीं मिलता तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान आशा वर्करों को गिरफ्तार करने को लेकर पुलिस की बसें लघु सचिवालय में पहुंची। पुलिस हल्का बल प्रयोग कर इन वर्करों को बसों में बैठा कर महावीर स्टेडियम में ले गई। आशा वर्कर यूनियन के आह्वान पर फतेहाबाद की आशा वर्करों ने सोमवार को जेल भरो आंदोलन चलाया।

## ड्रग रैकेट के सरगना को गिरफ्तार करने के प्रयास जारी : माणिक साहा

अगरतला। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने राज्य से संचालित नशीली दवाओं और मादक पदार्थों के रैकेट के सरगना को पकड़ने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया है।

डॉ. साहा ने रविवार को यहां 55वें राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि त्रिपुरा सरकार ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग और नशीले पदार्थों के जाल में फंस रहे युवाओं को बचाने के लिए पांच साल पहले नशा मुक्त त्रिपुरा मिशन शुरू किया था।

उन्होंने कहा, हमारे देश की युवा ताकतों को नष्ट करने की साजिश के तहत एक निहित स्वार्थ समूह म्यांमार,



मिजोरम और त्रिपुरा से भारत तथा बंगलादेश के अन्य हिस्सों में ड्रग्स और नशीले पदार्थों की तस्करी में लगा हुया है। इसको लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक धर्मयुद्ध की शुरुआत की है। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ड्रग्स और नशीले पदार्थों के प्रति शून्य सहिष्णुता की घोषणा की है। उन्होंने कहा, नशा मुक्त त्रिपुरा अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशीली दवाओं के दुरुपयोग और मादक पदार्थों की लत के चंगुल से बाहर निकालना, आपूर्ति श्रृंखला में कटौती करना और रैकेट के पीछे के व्यक्तियों की पहचान करना है। अब तक, इसके अच्छे परिणाम मिले हैं। उन्होंने कहा, हमने खतरे को खत्म करने के लिए एक व्यापक कार्य योजना बनाई है।

डॉ. साहा ने कहा, हमने तस्करों को गिरफ्तार करने के साथ ही कई पहल की शुरुआत की हैं। ड्रग तस्करों के सरगना को पकड़ने के प्रयास चल रहे हैं और लोगों को ड्रग तस्करी में शामिल लोगों की पहचान करके एक आंदोलन शुरू करना चाहिए।

## हिमाचल में क्रिप्टो करेंसी ठगी के मामलों की एसआईटी करेगी जांच

शिमला। हिमाचल प्रदेश में क्रिप्टो करेंसी के नाम पर ठगी के मामलों की जांच विशेष जांच दल (एसआईटी) करेगी। डीआईजी उत्तरी क्षेत्र अभिषेक दुल्लर की अध्यक्षता वाली एसआईटी करेगी।

उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने सोमवार को विधानसभा सदन में प्रश्नकाल के दौरान देहरा से विधायक होशियार सिंह के सवाल पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि बहुत जल्दी पैसा कमाने की चाह रखने वाले लोग इस तरह के झांसे में आ रहे हैं। उधर, विधायक ने धोखा करने वाली कंपनियों को राजनीतिक संरक्षण मिलने का आरोप भी लगाया। कहा कि देहरा क्षेत्र में ही दस करोड़ से अधिक की ठगी हो चुकी है।

गरीब लोगों को ठगा जा रहा है। उन्होंने सदन में 425 लोगों की सूची रखी, जिनसे यह धोखाधड़ी हुई है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि इस मामले की गंभीरता से जांच की जाए। कुल 200 करोड़ का घोटाला हमीरपुर में, 250 करोड़ का कांगड़ा, 100 करोड़ का ऊना में हुआ है।

आरोप लगाया कि राजनीतिक संरक्षण से यह ठगी की जा रही है। उन्होंने कुछ कंपनियों के नाम भी बताए।

## बस की टक्कर से बाइक सवार युवक.युवती की मौत


भीलवाड़ा। राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के करेड़ा थाना इलाके में आज बस की टक्कर से बाइक पर सवार युवक-युवती की मौत हो गई। थाने के हैडकांस्टेबल दिलीप कुमार ने बताया कि थाना सर्किल के मालास चौराहे पर बस की टक्कर से बाइक सवार करेड़ा निवासी दीपक टेलर (22) एवं बूंदी जिले के महावरों का मोहल्ला, अरनेठा निवासी सोनम महावर (22) की मौत हो गई।

## किसी पद की लालसा नहीं : नीतीश

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के शीर्ष नेता नीतीश कुमार ने आज एक बार फिर दुहराया कि उन्हें किसी पद की लालसा नहीं है और वह अभी विपक्षी दलों को एकजुट करने में लगे हैं। कुमार ने स्व. पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर राजेन्द्र नगर, रोड नम्बर-3 स्थित पार्क में आयोजित राजकीय समारोह में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में जदयू नेता महेश्वर हजारी द्वारा उन्हें (कुमार को) प्रधानमंत्री मैटेरियल बताने से संबंधित प्रश्न पर कहा, मुझे किसी पद की लालसा नहीं है। मैं सभी विपक्षी पार्टियों को एकजुट करने में लगा हुआ हूं। उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की तरफ झुकाव के बारे में पूछे जाने पर अनभिज्ञता जाहिर की और कहा कि इस तरह की फालतू बातें क्यों करते हैं। वह तो विपक्षी पार्टियों को एकजुट करने में लगे हुए हैं। मुख्यमंत्री ने 'इंडिया' गठबंधन की अगली बैठक कब होगी और आगे की रणनीति क्या होगी, इस सवाल पर कहा कि कमेटियां बन गई हैं, बैठक हो रही है। हम इस काम में उनलोगों को सुझाव दे रहे हैं, सभी लोग लगे हुए हैं।

## शार्ट न्यूज

### स्वर्गीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 107वीं जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए



अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के मुख्यालय बरवाला में आज संघ के राष्ट्रीय महामंत्री गांधीवादी विचारक एवं चिंतक शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने एकात्म मानववाद के चितेरे, आजीवन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 107वीं जयंती पर स्वर्गीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय गांव, गरीब, किसान, मजदूर, वंचित, पीडित, शोषितों और महिलाओं के समग्र सशक्तिकरण के पक्षधर थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने स्वदेश, राष्ट्रधर्म और पांचजन्य जैसी पत्रिकाओं की शुरुआत की। वे भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष भी रहे। वे ऐसी अर्थनीति चाहते थे जिसका सीधा लाभ भारत के गरीबों और वंचितों को मिले। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने की कालजयी पुस्तकें लिखी जिनमें एकात्म मानववाद,राष्ट्र चिंतन, भारतीय अर्थनीति विकास की एक दिशा, सम्राट चंद्रगुप्त, जगद्गुरु शंकराचार्य, दो योजनाएं प्रमुख हैं।

### पीएम मोदी के जन्मदिन पर बेटियां हुईं सम्मानित




नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क सी-ब्लॉक हनुमान मंदिर के समीप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का केक काटकर 73वां जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दिल्ली की सामाजिक संस्था अधिकार मंच के बैनर तले उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सांसद व भोजपुरी संगीत सम्राट मनोज तिवारी ने मेधावी बेटियों को 5100, 11 हजार और 21 हजार रुपए का चेक और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। मनोज तिवारी ने छात्रा राव्या चावला को 21 हजार, देवांगना शर्मा और रिया शर्मा को 11-11 हजार रुपए, आराध्या शर्मा को 5100 रुपए व अन्य को चेक देकर उनका मनोबल बढ़ाया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए और 73 अंक का स्वरूप बनाकर अनूठे अंदाज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया। मंच पर मौजूद सांसद मनोज तिवारी ने छात्राओं की प्रस्तुति देख काफी प्रसन्न हुए। उन्होंने कहा कि अधिकार मंच द्वारा सामाजिक व शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे सराहनीय कार्यों और छात्रों की इस मनमोहक प्रस्तुति को संसद में उठाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि मुझे यह देखकर काफी खुशी होती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश काफी आगे बढ़ रहा है। खास तौर से महिलाओं का शिक्षा स्तर और मान-सम्मान लगातार बढ़ रहा है। आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं।

### शारदा शताब्दी सम्मान समारोह का समापन

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क स्थित शारदा यूनिवर्सिटी में आयोजित दो दिवसीय शारदा शताब्दी सम्मान समारोह का समापन हुआ। कार्यक्रम के दौरान लेखकों की पुस्तक का विमोचन किया गया। साथ ही विभिन्न क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले 21 लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जम्मू कश्मीर के लोक सेवा आयोग के चेयरमैन सतीश चंद्रा ने कहा कि शारदा सर्वज्ञ पीठ कश्मीर के पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अमृतानंद देव तीर्थ, जो कश्मीर में कार्य कर रहे हैं वो सराहनीय है। इसकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते। आर्टिकल 370 हटने के बाद जम्मू कश्मीर के हालात में सुधार आया है। आए दिन होने वाली हड़ताल और पत्थरबाजी कम हुई है। स्कूल और कॉलेजों में बिना डरे आ रहे है। ऑफिस भी टाइम से खुल रहे हैं। राष्ट्र चिंतक और विचारक प्रमोद दुबे ने कहा कि अध्यात्म से आपको दुआ मिलती है, जिसे आप खरीद नही सकते। युवाओं को ज्ञान की उपासना करनी चाहिए, इसकी वजह आप लोगों बता सकें कि दया धर्म की जननी है, जो अध्यात्म से आती है। वहीं आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण जी महाराज ने कहा कि परंपरा एक धारा है जो नियमित चलती रहती है।

### हर घर जल गांव थीम पर बने स्टाल पर पांचो दिन उमड़ी भारी भीड़

लखनऊ /नोयडा। जल जीवन मिशन के हर घर जल गांव थीम पर बना स्टॉल इंडिया एक्सपो मार्ट, ग्रेटर नोएडा में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में आये देशी-विदेशी मेहमानों के लिये विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। पांच दिनों तक चले आयोजन में प्रत्येक दिन बड़ी संख्या में लोग स्टाल में आये और यहां बनाए मॉडल गांव और उस गांव में हर घर जल कि प्रक्रिया को समझा। युवा, महिलाएं, बुजुर्ग हों या स्कूली बच्चे सभी इस हर घर जल गांव कि थीम को देख खुश हुए और उन्होंने ग्रामीणों के लिये बनाई गई हर घर जल योजना कि तारीफ भी की। स्टाल परिसर में बनी जल जीवन मिशन की पानी टंकी और नल कि टोंटी से निकलते जल के मॉडल के साथ सेल्फी ली और फोटो भी खिचवाई। खासकर स्कूली छात्र-छात्राओं के लिये स्टाल आकर्षण का केंद्र बना रहा। स्कूली बच्चे नये यूपी के बदलते गांव का स्वरुप देखकर काफ़ी प्रसन्न हुए। उन्होंने हर घर जल गांव के बाहर फोटो भी खिचवाई और सेल्फी भी ली। बच्चों ने यहां आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया।

### किसानों की भूमि नहीं होगी जलमग्न

गुरुग्राम। मानसून के दौरान बरसाती पानी का सही तरीके से निस्तारण करने और नजफगढ़ ड्रेन से कनेक्टिविटी में सुधार करने के लिए गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (जीएमडीए) जल्द ही लेग-2 ड्रेन के शेष हिस्से का निर्माण शुरू कर उसे नजफगढ़ ड्रेन से जोड़ने जा रहा है। लेग-3 ड्रेन को भी जोड़ने का काम किया जाएगा। इससे नजफगढ़ झील क्षेत्र में किसानों की भूमि को जलमग्न होने से रोकने में मदद मिलेगी। इस काम को चार भागों में विभाजित किया गया है। पहले चरण में 21.53 करोड़ रुपये की लागत से लेग-2 ड्रेन की 550 मीटर लंबाई के शेष हिस्से का निर्माण किया जाएगा। दूसरे चरण में 3540 मीटर लंबी ड्रेन के शेष हिस्से का निर्माण किया जाएगा। इसके बाद तीसरे चरण में बांध का निर्माण किया जाएगा और इस परियोजना के चौथे चरण में लेग-2 और लेग-3 में पंपिंग मशीनरी लगाई जाएगी। जीएमडीए लेग-2 और लेग-3 ड्रेन के शेष हिस्से को जोड़ने का काम करेगा, जबकि बांध के निर्माण का काम हरियाणा के जल संसाधन विभाग द्वारा किया जाएगा। मौजूदा समय में नजफगढ़ ड्रेन के गुरुग्राम की ओर कोई बांध मौजूद नहीं है।

### स्वामी सहजानन्द सरस्वती के विचारों की प्रासंगिकता विषयक द्विदिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का होगा आयोजन

अत्यंत प्रसन्नता पूर्वक निवेदन करना है कि स्वामी सहजानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर अपने स्वर्ण-जयंती वर्ष में विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत भारतीय सामाजिक विज्ञानं अनुसन्धान परिषद् (ICSSR), नयी दिल्ली द्वारा स्वीकृत तथा प्रायोजित बदलते सामाजिक परिवेश के बीच कृषक समाज : स्वामी सहजानन्द सरस्वती के विचारों की प्रासंगिकता विषयक द्विदिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी (दिनांक : 26-27 सितम्बर, 2023) आयोजित करने जा रहा है. इस आयोजन के लिए महामहिम उपराज्यपाल, जम्मू-कश्मीर मनोज सिन्हा जी ने समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप मे अपनी गरिमामयी उपस्थिति हेतु सहमति प्रदान की है।

# जनजातीय करम पूजा महोत्सव 2023 का आयोजन धूम-धाम से सम्पन्न हुआ

## कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री सह खूंटी लोक-सभा सांसद, माननीय केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मोहन बड़ाईक, मशाल सोशल वेल्फेयर सोसाईटी (रजि) के नेतृत्त्व में तथा जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारतीय जीवन बीमा निगम, एन एच पी सी और एस जे वी एन के सौजन्य से करम पूजा महोत्सव-2023, नई दिल्ली स्थित एन डी एम सी कन्वेंशन सेन्टर, पार्लियामेंट स्ट्रीट नई दिल्ली में देशभर से आए विभिन्न जनजातीय समुदायों द्वारा पारम्परिक रीति-रिवाज एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ राष्ट्रीय स्तर पर भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक श्री युवराज बोध ने कहा कि यह कार्यक्रम पूर्व केंद्रीय मंत्री सह लोक-सभा सांसद श्री जुएल ओराम जी के अध्यक्षता में आयोजित की जा रही है। मशाल सोशल वेलफेयर सोसाइटी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में विभिन्न जनजातीय आदिवासी पर्व त्यौहारों का आयोजन पिछले 20 वर्षों से निरंतर आयोजित करते आ रही है। संस्था द्वारा आदिवासी पारंपरिक कला संस्कृति को बढ़ावा देने का कार्य अत्यंत सराहनीय है। आज दिल्ली के अंदर विभिन्न प्रदेशों से आए लगभग 30 लाख आदिवासी समाज प्रवास करते हैं जो दिल्ली/एनसीआर के विभिन्न क्षेत्रों में रहते हैं।



आदिवासी समाज सदस्यों से प्रकृति को भगवान मानकर पूजते आ रहे है क्योंकि उसी से हमारा समस्त जीवन व्यतीत हो रहा है। पानी के बिना मछली एक पल भी जीवित नहीं रह सकता उसी प्रकार जल-जंगल-जमीन के बिना आदिवासी समाज जिंदा नहीं रह सकता। परन्तु आज आदिवासी समाज के ऊपर कई के राजनीतिक पार्टियां और विदेशी संगठन हमारे अस्तित्व को षड्यंत्र के तहत मिटाने का कोशिश कर रहे हैं। हम सभी को इस बात को समझना होगा। हमारे समुदाय को एक दुसरे से लड़ाने का कार्य कर रहे हैं और इसी का फायदा उठाकर वे हमारे समाज में सेंधमारी कर घूसने तथा जल-जंगल-जमीन पर हमला कर कब्जा करने का कार्य कर रहे हैं। इसलिए हमें अपने समाज के प्रति जागरूक होते हुए अपने समाज संस्कृति एवं सभ्यता के जल-जंगल-जमीन की रक्षा करनी होगी

करम पर्व भादो महीने के एकादशी को मनाई जाती है। कुंवारी कन्याए करम देवता का पूजा के लिए उपवास रखती हैं। आदिवासी समाज के मान्यता अनुसार करम पूजा से घर में सुख, शांति, समृद्धि और लक्ष्मी का वास होता है। यह पर्व भाई-बहन के अटूट प्यार को भी दर्शाता है, बहनों द्वारा करम देवता से मांगी गई मन्नत भविष्य में शादी के उपरांत कुशल पुत्ररत्न की प्राप्ति एवं भाई की दीर्घायु के साथ खुशहाल जीवन के लिए वरदान साबित होती है।

एकादशी के दिन पहान द्वारा उपवास कर विधिवत रीति-रिवाज के अनुसार सूर्यास्त से पहले करम वृक्ष की डाल काट कर लाया जाता है तथा सूर्यास्त होने के उपरांत आंगन में करम डाल को गाड़कर स्थापित किया जाता है। आंगन में उपासिन करम डाल के चारों ओर बैठकर पाहन के द्वारा विधिवत रीति-रिवाज के साथ करम की पूजा करती हैं और बैगा पहान द्वारा सुनाई गयी करम की कहानी सुनती हैं।करम कहानी समापन के बाद उपासिन सात चक्र पारम्परिक सांस्कृतिक नृत्य-गायन और वादन के साथ करम नृत्य कर करती हैं और यह सिलसिला रात भर चलता है ।

बैठक में संस्था की महासचिव श्रीमती रोजिना जी ने कहा कि करम पूजा महोत्सव को राष्ट्रीय पर्व का दर्जा मिलना चाहिए जिस प्रकार माननीय प्रधानमंत्री जी ने भगवान बिरसा मुंडा की जन्म दिवस को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की उसी प्रकार प्रेस के माध्यम से मैं माननीय प्रधानमंत्री जी से निवेदन करती हूं कि करम पूजा को राष्ट्रीय पर्व का दर्जा देने का कष्ट करते हुए राष्ट्र के नाम करम पूजा की शुभकामना देने की कृपा करें जिसके लिए समस्त आदिवासी समाज आपका श्रृणी रहेंगे।

# दिल्ली सरकार प्रदूषण पर सख्त

## अब निर्माण साइट पर लगानी होगी 'एंटी स्मॉग गन'

दिल्ली। राजधानी में सर्दी के मौसम में निर्माण एजेंसियों की लापरवाही से होने वाले धूल प्रदूषण की रोकथाम को लेकर दिल्ली सरकार सख्त हो गई है। सरकार ने निर्माण एजेंसियों को 14 सूत्रीय दिशा निर्देश जारी किए हैं। एजेंसी को 5 हजार वर्ग मीटर की निर्माण साइट पर एंटी स्मॉग गन लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके साथ ही सरकार सर्दियों में होने वाले प्रदूषण से निपटने के लिए 15 फोकस बिंदुओं पर विंटर एक्शन प्लान तैयार कर रही है, जिसमें धूल प्रदूषण पर अंकुश लगाना भी शामिल है।

बैठक में सभी सरकारी और प्राइवेट निर्माण एजेंसी को प्रदूषण रोकने के लिए 14 सूत्रीय दिशा-निर्देशों को विस्तार से बताया गया और सख्ती से उसका अमल करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधियों से सुझाव भी लिए गए। इसमें धवस्तीकरण या निर्माण का कार्य होने पर उसे तिरपाल या ग्रीन नेट से ढकना अनिवार्य किया गया है। वहीं, निर्माण स्थल पर लोडिंग या अनलोडिंग में काम करने वाले कर्मचारियों और मजदूरों को डस्ट मास्क देना होगा।

वायु प्रदूषण पर नियंत्रण करने के उपायों पर काम तेज कर दिया है। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने सोमवार को सरकारी और निजी निर्माण एजेंसियों के 200 से अधिक प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और धूल प्रदूषण रोकने के लिए दिशा-निर्देशों का पालन करने के सख्त निर्देश दिए।



बैठक में राय ने चेतावनी दी है कि मानदंडों का पालन नहीं करने वाली सरकारी और निजी एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी और निजी निर्माण एजेंसी को गाइडलाइन के संदर्भ में कंस्ट्रक्शन कर्मचारियों को साइट पर ही ट्रेनिंग देना अनिवार्य कर दिया गया है। ट्रेनिंग सामग्री दिल्ली प्रदूषण कंट्रोल कमेटी (डीपीसीसी) द्वारा एजेंसी को उपलब्ध कराई जाएगी।

### धूल प्रदूषण रोकने को लेकर सरकारी और निजी निर्माण एजेंसियों को 12 सूत्रीय दिशा-निर्देश

1. निर्माण स्थल के चारों ओर उचित ऊंचाई पर टीन की दीवार खड़ी करनी होगी और निर्माण स्थल चारों तरफ से ढका होना चाहिए।
2. 5 हजार वर्गमीटर से लेकर उससे अधिक के एरिया के निर्माण साइट पर एंटी स्मॉग गन लगाना अनिवार्य है।
3. धवस्तीकरण या निर्माण का कार्य होने पर उसे तिरपाल या ग्रीन नेट से ढकना अनिवार्य होगा।
4. निर्माण स्थल तक निर्माण सामग्री को लाने-ले जाने वाले वाहनों की सफाई करना अनिवार्य होगा।
5. निर्माण सामग्री ले जा रहे वाहनों को पूरी तरह से ढकना होगा और इस बात का ध्यान रखना होगा कि रास्ते में वह न गिरे।
6. निर्माण सामग्री और धवस्तीकरण के अवशिष्ट को केवल आवंटित क्षेत्र के अंदर संग्रहित करना होगा और निर्माण सामग्री या अवशिष्ट का सड़क के किनारे भंडारण पर प्रतिबंध रहेगा।
7. मिट्टी या बालू को बिना ढके नहीं रखा जाएगा।
8. निर्माण कार्य में जो पत्थरों की कटिंग की जाती है, वह खुले में नहीं होगी।
9. निर्माण स्थल पर धूल से बचाव के लिए लगातार पानी का छिड़काव करना अनिवार्य है।
10. बड़े निर्माण स्थल (20 हजार वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र) में निर्माण और धवस्तीकरण स्थल पर जाने के लिए सड़क पक्की हो।
11. निर्माण या धवस्तीकरण से उत्पन्न अपशिष्ट को चिन्हित साइट पर ही निस्तारण किया जाए और उनका रिकार्ड भी रखा जाए।
12. लोडिंग या अनलोडिंग में जितने कर्मचारी काम करते हैं, निर्माण कंपनी को उन्हें डस्ट मास्क देना अनिवार्य है।

# मां हंसवाहिनी साहित्यिक मंच की काव्य संध्या आयोजित

## काव्य संध्या में कवियों ने बिखेरे कविता के रंग



गाजियाबाद। माँ हंसवाहिनी साहित्यिक मंच की ओर से वसुंधरा सेक्टर 15 में आयोजित काव्य संध्या में कवियों ने अपनी कविताओं के विविध रंग प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। काव्य संध्या की अध्यक्षता देश के वरिष्ठ गीतकार डॉ. अशोक मधुप ने की। वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार डॉ. चेतन आनंद मुख्य अतिथि रहे। जबकि सुप्रसिद्ध ग़ज़लकार रजनीश त्यागी राज विशिष्ट अतिथि थे। मंच की उपाध्यक्ष एवं सुप्रसिद्ध कवयित्री ममता लड़ीवाल ने कार्यक्रम का मन भावन संचालन किया। माँ शारदा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर काव्य संध्या का शुभारंभ किया गया। सुपरिचित कवयित्री वन्दना कुँअर रायज़ादा ने माँ वीणापाणि की वंदना की। मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण एवं पटका पहनाकर संस्था के अध्यक्ष जगदीश मीणा, महासचिव डॉ. मनोज कामदेव एवं कोषाध्यक्ष शोभा सचान ने स्वागत व अभिनंदन किया। आमंत्रित सभी रचनाकारों ने अपने-अपने अंदाज़ में काव्य पाठ कर समा बाँध दिया। डॉ अशोक मधुप, डॉ. चेतन आनंद, वंदना कुँअर रायज़ादा, अनिल मीत, सुंदर सिंह, सुमित अग्रवाल, डॉ रजनीश त्यागी 'राज', रवि ऋषि, डॉ अवधेश तिवारी 'भावुक', सुरेंद्र रावत, पूनम सागर, पवन तोमर, गोपाल गुप्ता, जयप्रकाश रावत, सीमा सागर शर्मा, पूजा श्रीवास्तव, शोभा सचान, डॉ. मनोज कामदेव, ममता लड़ीवाल एवं जगदीश मीणा सभी ने एक से बढ़कर एक गीत, ग़ज़ल, मुक्तक, छंद पढ़कर कार्यक्रम को ऊंचाइयां प्रदान कीं। वरिष्ठ गीतकार प्रमोद प्यासा के निधन पर श्रद्धांजलि स्वरूप दो मिनट का मौन रखा गया। कार्यक्रम के अंत में संस्था के महासचिव डॉ. मनोज कामदेव ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

### यमुना प्राधिकरण का सुरक्षा गार्ड चोरी में गिरफ्तार

**जेवर।** जेवर की रबूपुरा कोतवाली पुलिस ने बिल्डर साइट से चोरी करने के आरोप में यमुना प्राधिकरण के सुरक्षा गार्ड को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि वह पिछले काफी महीने से चोरी की घटनाओं का अंजाम दे रहा था। जिसके आधार पर पुलिस ने उसको गिरफ्तार किया है। जबकि उसके दो साथी पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गए। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से पुलिस ने चोरी का सामान भी बरामद किया है। जिसको पुलिस सोमवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजेगी। मूलरूप से उत्तराखंड के नैनीताल निवासी भैरव दत्त जोशी यमुना प्राधिकरण का सुरक्षा गार्ड है। साथ ही वह भूतपूर्व सैनिक भी है। आरोप है कि वह अपने अन्य और साथियों के साथ मिलकर पिछले कई महीनो से यमुना प्राधिकरण की बिल्डर साइट से चोरी कर रहा था। चोरी करने के बाद वह सामान को अन्य कहीं जगह बेचता था। जिसकी तलाश में प्राधिकरण के अधिकारी काफी समय से लगे हुए थे। सूचना के आधार पर प्राधिकरण के अधिकारियों ने रविवार की रात जब वह चोरी करके सामान को ले जा रहा था। इस दौरान पुलिस को सूचित कर दिया। जिसके आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी भैरव दत्त जोशी को मौके से चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी के दो साथी अंधेरा होने की वजह से मौके से फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि आरोपी के कब्जे चोरी का सामान बरामद हुआ है, जिसको कोर्ट में पेश करके जेल भेजा जाएगा।

# एक्काकल्चर क्रांति के लिए सेमिनार कर सिस्टा-360 लॉन्च किया

- भारत की सतत एक्काकल्चर क्षमता पर क्रांतिकारी समाधान है एक्काकल्चर : प्रेमचंद्रन
- जलीय कृषि को बढावा देने के लिए हरसंभव प्रयास जारी है: साजी बेबी जॉन

नई दिल्ली। भारत में एक्काकल्चर क्रांति के लिए सोमवार को नई दिल्ली में एक भव्य सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देश के जाने माने वैज्ञानिकों , शिक्षाविदों , व्यवसाइयों व तमाम गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। सतत जलीय कृषि भारत की वैश्विक नेता बनने की क्षमता शीर्षक पर आयोजित इस सेमिनार में जलीय कृषि समाधानों के लिए अग्रणी डिजिटल प्लेटफॉर्म, सिस्टा 360 ने मुख्य भूमिका निभाई। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए, सांसद एन.के. प्रेमचंद्रन ने कहा, किंग्स इंफ्रा के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक साजी बेबी जॉन के मार्गदर्शन से, टिकाऊ जलीय कृषि क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति देखी गई है। बेबी जॉन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई नीली क्रांति को अपनाने में अग्रणी थे। निर्बाध समन्वय के माध्यम से, बेबी जॉन ने नीली क्रांति के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए अथक प्रयास किया है। प्रेमचंद्रन ने कहा भारत सरकार की महत्वाकांक्षा 5 ट्रिलियन-डॉलर की अर्थव्यवस्था हासिल करने तक फैली हुई है, जिसके बाद 10 ट्रिलियन-डॉलर की अर्थव्यवस्था की आकांक्षाएं हैं। जबकि जलीय कृषि क्षेत्र अब तक अपेक्षाकृत अछूता रहा है, मेरा दृढ़ विश्वास है कि 10 ट्रिलियन डॉलर के आर्थिक लक्ष्य के लिए इसमें भारत को आगे बढ़ाने की अपार क्षमता है। इससे देश के मछुआरों की सामाजिक और आर्थिक भलाई का पोषण करना सुदृढ होगा। जो मछुआरे अपनी आजीविका के लिए पूरी तरह इसी उद्योग पर निर्भर हैं , उन्हें निश्चित ही बल मिलेगा। प्रधानमंत्री ने फीडबैक के आधार पर मस्त्य पालन में मछुआरों का सहयोग किया है।




# हिंदुस्तान की सबसे खूबसूरत किताब है 'भारत का संविधान'

## हर युवा, लड़की को इसे पढ़ना चाहिए : दयाशंकर मिश्र

नई दिल्ली. भारत का संविधान हिंदुस्तान की सबसे खूबसूरत किताब है. हर छात्र को यह किताब जरूर पढ़नी चाहिए. यह किताब हमारे संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने दी है, इसलिए यह और खास है, क्योंकि ये कॉलेज उनके नाम, आदर्श और मूल्यों पर आधारित है. खासकर लड़कियों, सभी नौजवानों को संविधान को जरूर पढ़ना चाहिए. क्योंकि अगर वो इसे पढ़ेंगे तो सवाल करेंगे. अब जब जमाना बदला है तो पुराना वाला वैल्यू सिस्टम ही हम चाहते हैं. देश में सुसाइड रेट में पुरुषों की संख्या में बढ़ोतरी चिंताजनक है, क्योंकि वो महिलाओं की वैल्यू को समझ नहीं पा रहे हैं. सोशल मीडिया पर सभी लड़के जेंडर समानता की बात तो करेंगे, लेकिन क्या रियल लाइफ में उनका व्यवहार बदल नहीं जाता यह विचार वरिष्ठ पत्रकार दयाशंकर मिश्र ने दिल्ली यूनिवर्सिटी के डॉ. भीमराव आंबेडकर कॉलेज में मनोविज्ञान विभाग द्वारा आत्महत्या, निवारण एवं चुनौतियां विषय पर आयोजित सेमिनार में व्यक्त किए.

सेमिनिार को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार दयाशंकर मिश्र ने कहा कि सुसाइड जैसे इतने गंभीर विषय पर चर्चा करना आज समय की मांग है. मैं सुसाइड प्रिवेंशन विषय के बजाए अपनी बातचीत जिंदगी पर फोकस करने की कोशिश करूंगा. मैं आपको एक उदाहरण के जरिए समझाना चाहूंगा कि कैसे यह विषय मेरे नजदीक आया. साल 2016 में पेशे से डॉक्टर मेरे एक करीबी ने जब सुसाइड को चुना था. 26 से 27 साल का एक होनहार लड़का अपनी जान दे देता है और उसने कोई सुसाइड नोट भी नहीं छोड़ा. मुझे अचानक से लगा कि एक पत्रकार के तौर पर जहां हम कहानी बताते हैं, ये एक कोना है जिंदगी का जहां बहुत अंधेरा है. इस पर बातचीत कैसे कर सकते हैं इसके लिए डॉक्टर और कुछ ऐसे विशेषज्ञों को जोड़ने का काम किया जो इस विषय पर बातचीत कर सकते थे.

सेमिनार को संबोधित करते हुए मिश्र ने आगे कहा कि हम सब एक जैसे डेंजर जोन में हैं. कोई ये न समझे कि हम कम खतरनाक जोन में हैं और कोई अन्य ज्यादा. उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ें सबकुछ नहीं बताते हैं. यह डेटा एक व्यक्ति के न रहने को लेकर हो सकता है. अमूमन हमारे समाज में सुसाइड करना एक परिवार की बदनामी का कारण भी माना जाता है. इसलिए व्यक्ति के जाने के बाद परिवार इसे छिपाना चाहता है. परिवार कोशिश करता है कि वो सुसाइड के रूप में दर्ज न हो.

उन्होंने कुछ साल पहले सुसाइड करने वाले सीसीडी के मालिक का जिक्र करते हुए कहा कि इसके पीछे की वजह वित्तीय संकट बतायी गई. अब पता चला है कि वो वित्तीय संकट खत्म हो गया है. उस संस्थान के पास की संपत्ति में से उनकी पत्नी ने करीब 50 फीसदी को बेचा और समस्या को सुलझा लिया गया. इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि सुसाइड के ज्यादातर केसों में फाइनेंशियल क्राइसिस नहीं रहते हैं. सेमिनार में समाज के हर वर्ग से जुड़े लोगों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए.

सभी वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं के सवालों के जवाब भी दिए. सेमिनार में वरिष्ठ पत्रकार दयाशंकर मिश्र के अलावा दिल्ली पुलिस में डीसीपी ट्रैफिक (ईस्टर्न रेंज) दिनेश कुमार गुप्ता, एम्स के मनोविज्ञान विभाग के सीनियर रेजिडेंट डॉ. जसवंत जांगड़ा और अंबेडकर कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग के एचओडी प्रोफेसर नवीन कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए.

### तीसरी पुण्यतिथि पर सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक एस.पी बाला सुब्रमण्यम को श्रद्धा सुमन अर्पित किए



अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री दयानंद वत्स ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में पद्मभूषण से सम्मानित मशहूर प्लेबैक सिंगर स्वर्गीय श्री एस.पी बाला सुब्रमण्यम को आज उनकी तीसरी पुण्यतिथि पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए । इस अवसर पर वत्स ने अपने संबोधन में कहा कि एस.पी ने 16 भाषाओं में 40हजार से ज्यादा गीत गाकर करोडों श्रोताओं के दिल में अपनी जगह बना ली। श्री एस. पी बाला सुब्रमण्यम बहुमुखी प्रतिभा के धनी पार्श्व गायक, एक्टर, म्यूजिक डायरेक्टर, प्रोड्यूसर भी थे। एस.पी बाला सुब्रह्मण्यम छह बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से नवाजे गए थे। छह फिल्मफेयर अवार्ड साउथ और एक फिल्म फेयर अवार्ड हिंदी गाने के लिए उन्हें मिला। 1981 में लेखक निर्देशक के बालचंद्र की कमल हासन और रति अग्निहोत्री अभिनीत हिंदी फिल्म एक दूजे के लिए में पहली बार एस.पी बालसुब्रमण्यम ने गाने गाए थे। फिल्म सुपर डुपर हिट रही थी। एक दूजे के लिए में गाए उनके गीतों ने उन्हें हिंदी भाषी करोडों श्रोताओं का चहेता बना दिया। लोग उन्हें प्यार से एस.पी और बालु के नाम से भी पुकारते थे। राजश्री प्रोडक्शन की सलमान खान अभिनीत मैने प्यार किया और हम आपके हैं कौन में गाए उनके गीतों से एस.पी ने करोडों हिंदी प्रेमियों के दिल में अपनी जगह बना ली थी। हम बने तुम बने इक दूजे के लिए, दिल दीवाना बिन सजना के माने ना, मेरे रंग में रंगने वाली, आजा शाम होने आई, जूते दो पैसे लो, वाह वाह राम जी, पहला पहला प्यार है जैसे गीत अब अमर हो गये हैं। मणिरत्नम की रोजा, चेन्नई एक्सप्रेस, साजन में भी एस.पी ने अपने सुरों से लोगों का मन मोह लिया था वत्स ने कहा कि भले ही एस.पी आज हमारे बीच नहीं रहे हों लेकिन अपने गीतों से वह अमर हो गये हैं।

## संपादकीय

# संसद की मर्यादा

बिधूड़ी के भाषण का वह अंश चौतरफा प्रसारित है और उसे देख-सुन कर साफ लगता है कि उन्हें संसद के पटल और मुहल्ले के नुक्कड़ पर चल रही बहस में कोई अंतर महसूस नहीं होता।

नफरती बयानों पर सख्त रुख दिखाते हुए सर्वोच्च न्यायालय कई मौकों पर इसे रोकने का निर्देश दे चुका है, मगर स्पष्ट है कि राजनेताओं ने इसे कभी गंभीरता से नहीं लिया। अब तो शायद सार्वजनिक मंचों पर भाषा की मर्यादा का भी खयाल रखने की जरूरत नहीं समझी जाती। इसी का नतीजा है कि सड़क की भाषा उठ कर संसद में पहुंच गई। दक्षिणी दिल्ली से भाजपा के सांसद रमेश बिधूड़ी ने संसद में अपने ही साथी, बसपा सांसद के बारे में जैसे अपमानजनक और अशोभन शब्दों का इस्तेमाल किया, वैसा अब तक कभी नहीं किया गया। इसे लेकर स्वाभाविक ही विपक्षी दल सरकार पर हमलावर हैं।

बिधूड़ी के भाषण का वह अंश चौतरफा प्रसारित है और उसे देख-सुन कर साफ लगता है कि उन्हें संसद के पटल और मुहल्ले के नुक्कड़ पर चल रही बहस में कोई अंतर महसूस नहीं होता। संसद की अपनी मर्यादा है, उसके नियम-कायदे हैं। यहां तक कि संसद की भाषा तय है। वहां बहुत सारे शब्दों का इस्तेमाल वर्जित है। वहां किसी भी ऐसे शब्द का उपयोग नहीं किया जा सकता, जिसे असंसदीय करार दिया गया है। इसलिए वहां बोलने के लिए सांसद पहले से तैयारी करके आते हैं। ऐसा नहीं माना जा सकता कि बिधूड़ी इससे अनजान हैं।

सरकार ने संसद का विशेष सत्र बुलाकर इस संकल्प के साथ नए संसद भवन में प्रवेश किया कि उसमें लोकतंत्र की मर्यादाएं और प्रगाढ़ होंगी, मगर विचित्र है कि उसी सत्र में बिधूड़ी का ऐसा आपत्तिजनक आचरण सामने आ गया। लोकसभा अध्यक्ष ने उन्हें चेतावनी देते हुए कहा कि अगर अगली बार से ऐसा आचरण सामने आया, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विपक्षी दलों ने हंगामा किया तो पार्टी अध्यक्ष ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करके पंद्रह दिन के भीतर जवाब देने को कहा।

मगर विपक्षी दलों का तर्क है कि जब दूसरे दलों के नेताओं से सदन में मामूली चूक होती है तो भी उन्हें संसद से निलंबित कर दिया जाता है और बिधूड़ी ने एक साथी सांसद को सदन के पटल पर गाली दी, फिर भी उनके खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही। उन्हें चेतावनी देकर क्यों छोड़ दिया गया? विपक्ष उनकी सदस्यता समाप्त करने की मांग कर रहा है। इस तरह लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका भी प्रश्नांकित होने लगी है।

मगर सबसे अधिक किरकिरी भाजपा को झेलनी पड़ रही है। दरअसल, यह पहला मौका नहीं है जब भाजपा के किसी नेता ने इस तरह किसी विशेष समुदाय के लोगों के लिए ऐसे आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। भरी सभाओं के मंचों से कुछ सांसद और कई नेता ऐसे नफरती भाषण देते देखे-सुने गए हैं।

सरेआम समुदाय विशेष के प्रति लोगों को हिंसक व्यवहार करने, उनके कारोबार-व्यापार को बंद कराने को उकसाते देखे गए हैं। उन्हें लेकर सर्वोच्च न्यायालय पार्टी और सरकार को सख्त हिदायत दे चुका है। मगर ऐसे नफरती बोल रुक नहीं पा रहे हैं, इसलिए विपक्ष को यह आरोप दोहराने का एक बार फिर मौका मिल गया है कि भाजपा समुदाय विशेष के प्रति नफरत का वातावरण बना कर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास करती है।

अब जब नफरत की भाषा संसद के भीतर पहुंच गई है, तो स्वाभाविक ही पार्टी से ऐसे प्रतिनिधियों, नेताओं के प्रति सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग उठने लगी है। जब राजनेता खुद अपनी भाषा में संयम और मर्यादा का ध्यान नहीं रख पा रहे, तो उन्हें यह सलीका सिखाने की जिम्मेदारी कौन उठाएगा!

# पराली का प्रबंधन

मुश्किल यह है कि पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी कोई भी समस्या जब तक संकट का रूप नहीं ले लेती, तब तक न तो सरकार की नींद खुलती है और न ही लोगों को इसकी गंभीरता समझ में आती है।

अमूमन हर वर्ष हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश में पराली जलाने से पैदा परेशानी चिंता का कारण बनती रही है, लेकिन इस पर काबू पाने की कोशिशें अब तक आधी-अधूरी ही रही हैं। अब हरियाणा सरकार का दावा है कि उसकी ओर से वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को सौंपी गई कार्ययोजना के जरिए आग लगने की घटनाओं में काफी हद तक कमी लाई जा सकेगी और इस वर्ष इसके उन्मूलन की कोशिश की जाएगी।

दरअसल, सर्दियों की शुरुआत के साथ ही हरियाणा में बड़े पैमाने पर पराली जलाने की घटनाएं सामने आने लगती हैं और इसका वायु गुणवत्ता पर गंभीर असर पड़ता है।

आसपास के राज्यों तक इसका प्रभाव देखा जाता है। इसके चलते दिल्ली में भी वायु प्रदूषण चिंताजनक स्तर तक पहुंच जाता है। आरोप-प्रत्यारोपों के बीच सरकारों की ओर से इस समस्या पर काबू पाने के लिए जरूरी कदम उठाने की बात की जाती है, लेकिन नाममात्र के लिए उठाए गए कदमों के समांतर ही बड़े पैमाने पर पराली जलाने की घटनाएं जारी रहती हैं।

अब अगर हरियाणा सरकार किसी कार्ययोजना के जरिए पराली प्रबंधन की ओर ठोस कदम उठाना चाहती है, तो इसे स्वागतयोग्य कहा जा सकता है। मगर यह इस बात पर निर्भर करेगा कि जमीनी स्तर पर इसके अमल को लेकर कितनी गंभीरता दिखाई जाती है। यों हरियाणा में पराली दहन एक आम चलन बन चुका है, लेकिन इसकी वजह से जब समस्या गंभीर शक्ल अख्तियार करने लगती है, तब सरकार की नींद खुलती है। खासकर जिन इलाकों में इसका दायरा ज्यादा बड़ा होता है, वहां पैदा होने वाले घुटन भरे माहौल में एक तरह से आम जनजीवन भी बाधित होने लगता है।

हरियाणा में इस वर्ष खेतों में आग लगने की पांच सौ से ज्यादा घटनाओं वाले तीन जिले कैथल, जींद और फतेहाबाद को चिन्हित किया गया है। जबकि सिरसा, कुरुक्षेत्र और करनाल आदि को चिंताजनक इलाकों में शुमार किया गया है।

यह तब है जब पिछली समीक्षा बैठक में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने राज्य सरकार को चिह्नित जिलों पर विशेष ध्यान देने, जिला और राज्य स्तर पर तैयार की गई कार्ययोजना के प्रभावी और सख्त कार्यान्वयन के अलावा कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया था।

हालांकि केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने हरियाणा में पराली जलाने की घटनाओं में काफी कमी आने की बात कही है, लेकिन अब भी कई जिलों में समय रहते कदम उठाने की जरूरत है।

मुश्किल यह है कि पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी कोई भी समस्या जब तक संकट का रूप नहीं ले लेती, तब तक न तो सरकार की नींद खुलती है और न ही लोगों को इसकी गंभीरता समझ में आती है। कुछ समय पहले अमेरिका की हावर्ड यूनिवर्सिटी और मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी के शोधकर्ताओं के एक अध्ययन से यह जानकारी सामने आई थी कि देश में पराली और अन्य फसलों को जलाने से फैलने वाले प्रदूषण की वजह से हर साल हजारों लोगों की जान चली जाती है।

आंकड़ों के मुताबिक, देश में पराली जलाने से प्रदूषण के करीब सत्तर से नब्बे फीसद हिस्से के लिए पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश जिम्मेदार हैं। पराली से निपटने के लिए खेतों में उसे काटने से लेकर इससे बायोगैस तैयार करने जैसे विकल्प संभव हैं, लेकिन इसे वास्तव में जमीन पर उतारने को लेकर राजनीतिक इच्छाशक्ति चाहिए। इस बारे में औपचारिक घोषणाओं से आगे, ठोस कार्ययोजनाओं पर अमल के जरिए पराली जलाने की समस्या से निपटना होगा।

# कनाड़ा की धरती पर बनेगा खालिस्तान ?



अशोक मधुप

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो भारत में खालिस्तान बनाने की मांग करने वाले अतिवादियों पर पूरी तरह मेहरबान है।भारत द्वारा इन अतिवादियों के बारे में दी गई जानकारी पर वे कुछ कार्रवाई नही कर रहे, अपितु भारत पर ही आरोप लगा रहे हैं कि भारत से फरार अपराधी खालिस्तानी अतिवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में उसके राजनयिक का हाथ है। भारत को चाहिए कि यह कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को भारत के खालिस्तान का समर्थन करने वाले अतिवादियों का समर्थन करने दें। कुछ समय ऐसा ही चलने दें।हां सार्वजनिक रूप से भारत उसे चेतावनी देने का सिलसिला जारी रखें। अपने यहां खालिस्तान समर्थकों पर सख्ती रखें।कुछ समय ऐसा ही चलता रहा तो यह निश्चित है कि अब खालिस्तान भारत में नही कनाडा में बनेगा। कनाडा की धरती पर बनेगा।

आज जो कनाड़ा कर रहा है, कभी वही भारत के कुछ नेताओं ने किया था। वह पंजाब में खालिस्तान की बढ़ती गतिविधियों को नजर अंदाज करते रहे।परिणाम स्वरूप पजांब में रहने वाले हिंदुओं को पंजाब छोड़ने के लिए कहा जाने लगा। उन पर हमले होने शुरू हो गए। सिख आंतकवाद पंजाब में ही नही बढ़ा,अपितु उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र को भी उसने अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया।इस दौरान पंजाब में धार्मिक नेता भिंडरावाला तेजी से लोकप्रिय होने लगे। कहा जाता है कि राजनैतिक लाभ के लिए केंद्र की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने उसे प्रश्य देना शुरू कर दिया। हालत यह हुई कि वहीं भिंडरावाला कांग्रेस के लिए भस्मासुर साबित हुआ। उसने स्वर्ण मंदिर में डेरा जमा लिया। मजबूरन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को भिंडरावाला को स्वर्ण मंदिर से निकालने के लिए फौज का सहारा लेना पड़ा।बाद में उनके ही दो सुरक्षा गार्ड ने उनकी हत्या कर दी।

आज जो कनाडा में हो रहा है, वह 40 साल से खालिस्तान समर्थकों को पोषित किए जाने का परिणाम है।कनाडा में खालिस्तान समर्थक आंदोलन पिछली सदी के आठवें दशक में शुरू हो गया था। पियरे ट्रूडो के प्रधानमंत्री बनने के बाद इसकी जड़ें गहरी हुईं। उनके कार्यकाल के दौरान ही तलविंदर परमार भारत में चार पुलिसकर्मियों की हत्या करने के बाद कनाडा भाग गया था।

प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने जून 1973 में कनाडा की यात्रा की थी और पियरे ट्रूडो के साथ उनके व्यक्तिगत संबंध सौहार्दपूर्ण थे। लेकिन, पियरे ट्रूडो ने 1982 में तलविंदर परमार को भारत प्रत्यर्पित करने का अनुरोध ठुकरा दिया। इसके लिए बहाना बनाया गया कि भारत का रुख महारानी के प्रति पर्याप्त रूप से सम्मानजनक नहीं है।

पियरे ट्रूडो के पद छोड़ने के ठीक एक साल बाद तलविंदर परमार ने जून 1985 में एयर इंडिया की फ्लाइट 182 (कनिष्क) में बम विस्फोट की साजिश रची, जिसमें विमान में सवार सभी 329 लोग मारे गए। हालाकि मरने वालों मे अधिकतर कनाडा के ही नागरिक थे।इस विमान हादसे में कुछ तो पूरे परिवार ही खत्म हो गए।




अगर पियरे ट्रूडो ने तलविंदर परमार को भारत प्रत्यर्पित करने का इंदिरा गांधी का अनुरोध मान लिया होता, तो कनिष्क विमान में विस्फोट नहीं हुआ होता। भारतीय-कनाडाई राजनीति के जानकार मानने लगे हैं कि जो गलती पियरे ट्रूडो ने तब की थी,वहीं उनके बेटे जस्टिन ट्रूडो भी आज कर रहे हैं।अपनी सरकार चलाने के लिए कनाडा में खालिस्तान समर्थक उग्रवादियों के प्रति सहानुभूति रखकर वही गलती कर रहे हैं।कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत के ऊपर बेबुनियाद आरोप लगाकर कनाडा में पल रहे खालिस्तानी समर्थकों को हवा दे दी है। प्रधानमंत्री के इन आरोपों के बाद कनाडा के अलग-अलग राज्यों में खालिस्तान समर्थकों ने ऐसी साजिश रचनी शुरू कर दी जिससे वहां रह रहे न सिर्फ भारतीयों बल्कि डिप्लोमेट्स और भारतीय दूतावास के लिए बड़ा खतरा पैदा हो गया है बल्कि कनाडा में बसे भारतीय हिंदुओं को भी खतरा बनेगा। खालिस्तानी समर्थकों ने 25 सितंबर को कनाडा के हाईकमीशन और सभी काउंसलेट के बाहर बड़े प्रदर्शन की तैयारी की है। खुफिया एजेंसी को मिले इनपुट के आधार पर पता चला है कि ब्रिटिश कोलंबिया के सरे स्थित गुरुद्वारे में काउंसिल के कुछ सदस्यों ने इसे लेकर साजिश रची है। जानकारी यह भी है कि इस पूरे प्रदर्शन में कनाडा के कई पूर्व सांसद, नेता और कुछ चरमपंथी और खालिस्तान समर्थक इस मामले पर खतरनाक मंसूबों के साथ आगे बढ़ रहे हैं।रक्षा मामलों के विशेषज्ञों का मानना है कि कनाडा की जमीन पर पहले से ही खालिस्तान समर्थकों को कनाडा की सरकार प्रश्रय देती आई है। यही वजह है कि कनाडा सरकार के समर्थन के चलते भारत विरोधी गतिविधियां इस देश के अलग-अलग हिस्सों में लगातार चलती रहती हैं। बीते कुछ समय में खालिस्तान जनमत संग्रह के नाम पर कनाडा की सरकार न सिर्फ इन भारत विरोधी खालिस्तानियों को सुरक्षा मुहैया कराती आई है बल्कि कार्यक्रम स्थलों की भी उपलब्ध करवाती आई है।पिछले दिनों एक शोभा यात्रा में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरागांधी की हत्या की झांकी निकालना भी इसी कड़ी का हिस्सा है। जानकारों का मानना है कि जिस तरीके से कनाडा के प्रधानमंत्री ने भारत के ऊपर बेबुनियाद आरोप लगाया है उसका असर अगले कुछ दिनों में ही बहुत तेजी से दिखाना शुरू हो सकता है। विदेशी मामलों की जानकार मानते हैं कि कनाडा सरकार का भारत के लिए लिया गया एक्शन आने वाले दिनों में भारत और कनाडा के रिश्तों पर भी बड़ा असर डालने वाला है।

कनाडा के प्रधानमंत्री के बयान के बाद के हालात में क्रम में सिख फॉर जस्टिस (स्नब्छ) के नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू की ओर से हिंदू समुदाय को धमकी दी गई है। एसएफजे के पन्नू ने कनाडा के हिंदुओं को धमकी दी है। पन्नू ने उन्हें कनाडा छोड़ने के लिए कहा है। खालिस्तानी अलगाववादी सरगना ने कनाडा में सिखों से वैंकूवर में 29 अक्टूबर को होने वाले तथाकथित जनमत संग्रह में वोट डालने की भी अपील की। जो पन्नू ने कनाड़ा के हिंदुओं से कहा है, ऐसा ही कभी पंजाब में आंतकवाद की शुरूआत में कहा गया था।फिर उनपर हमले शुरू हो गए थे। कनाडा में धमकी से पहले ही हिंदुओं पर हमले होने लगे हैं।

इन धमकियों को लेकर कनाडा में भारतीय मूल के सांसद चंद्र आर्य ने एक न्यूज चैनल के साथ इंटरव्यू में कहा कि कनाडा में खालिस्तानी समूहों से बढ़ते खतरों के मद्देनजर अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय भयभीत है।कनाडा में हिंदू लोगों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं हैं. उन्होंने प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के सरे में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार के शामिल होने के दावे के बाद कनाडा में हिंदू लोगों के खिलाफ धमकियों की निंदा की। इंटरव्यू के दौरान आर्य ने कनाडाई टिप्पणीकार एंड्रयू कॉइन के कॉलम का हवाला दिया। इन्होंने कहा था कि 'कनाडा में सांप्रदायिक खून-खराबे का खतरा है।खालिस्तान आंदोलन के बढ़ते खतरे के बारे में लिबरल सांसद की चेतावनी पन्नू का एक वीडियो वायरल होने के बाद कनाडा की सरकार ने इस तरह के काम पर अपनी असहमति जाहिर की और इस बात पर जोर दिया कि देश में नफरत के लिए कोई जगह नहीं है।

दरअस्ल कनाडा में खालिस्तान समर्थकों को पाकिस्तान पाल रहा है। कनाड़ा इन्हें प्रश्रय दे रहा है। अमेरिका आज के हालात में भारत का विरोध नही कर पा रहा किंतु इस मामले में उसका भी रवैया ठीक नही है।कनाडा के हिंदुओं को धमकी देने वाला सिख फॉर जस्टिस (स्नब्छ) का नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू अमेरिकी नागरिक है। पन्नू भारत का फरार और इनामी आंतकी है। इसके बावजूद वह अमेरिका में सरे आम रह रहा है।

भारत को चाहिए कि वह भारत में खालिस्तान समर्थकों के प्रति सख्ती जारी रहे। कनाडा में भारत के खिलाफ कार्रवाई करने वालों पर मुकदमें दर्ज करने के साथ उनके आईओसी कार्ड जब्त करता रहे।इनकी भारत की संपत्ति भी कब्जे में ले।आज कनाडा जो कर रहा है, कल उसके ही सामने आएगा।

खालिस्तान समर्थक वहां रहने वाले हिंदुओं पर हमले करेंगे। कानून व्यवस्था कनाडा की खराब होगी। मजबूरन जब कनाडा सरकार सख्ती करेगी तो ये खालिस्तान समर्थक कनाडा के निवासी भिंडरावाला की तरह उसी के सामने संकट खड़ा करेंगे।

# भौतिकवाद की आधुनिकता से विखंडित होते संयुक्त परिवार

## पश्चिम दर्शन से दिग्गभ्रमित युवा वर्ग

समय के परिवर्तन के साथ ही भौतिकता ने अपना परचम फैलाना शुरू कर दिया है। पाश्चात्य शैली की आधुनिकता ने वैदिक और संस्कारी परिवारों में विखंडन की बड़ी विभीषिका ने आमद शुरू कर दी है। बड़े और संस्कारी परिवार गिनती के शेष रह गए हैं। परिवारों में स्नेह,प्यार और आपसी सम्मान की भावनाओं में बेहद कमी होने लगी है। भारत मूलतः परंपरावादी वैदिक तथा सनातनी देश है पर आधुनिकता ने देश के संयुक्त परिवारों को खंडित कर दिया है। अधिकांश परिवार अब एकल परिवार में परिवर्तित हो गए हैं ऐसे में बुजुर्ग तथा बच्चे सबसे ज्यादा इस त्रासदी के शिकार हुए हैं। आधुनिक जीवन शैली ने माता पिता को नन्हे बच्चों से दूर कर दिया है इसी तरह बुजुर्गों के साथ उनकी संतानों की संवेदनहीनता ने असहाय सा बना दिया है। बच्चों तथा बुजुर्गों को इसी समय सबसे ज्यादा अपने माता पिता तथा संतानों के सहयोग एवं संरक्षण की आवश्यकता महसूस होती है। यदि आधुनिक जीवन शैली के कारण बुजुर्गों तथा बच्चों का उनके अभिभावक एवं पुत्रों पुत्रियों के साथ संवाद हीनता एक बड़ी पीड़ा का कारण बन जाति है।

भारत में सर्वे के अनुसार बुजुर्गों और नौजवान पीढ़ी के बीच संवाद हीनता एक चिंताजनक स्वरूप ले चुका हैद्य बुजुर्ग एकाकीपन से अब मानसिक रोगों के शिकार होने लगे हैं। जिन बुजुर्गों को चलने फिरने और बाहर जाने में परेशानी होती है उनके लिए नौजवान पीढ़ी के साथ संवाद हीनता परेशानी का एक बड़ा सबक बन चुका है। महिला तथा पुरुष बुजुर्गों के साथ यह समस्या बृहद रूप लेकर सामाजिक समस्या बन गई हैद्य बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं इनका जीवन के हर दृष्टिकोण में संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। इसी तरह बच्चों को नैतिक तथा बुनियादी शिक्षा देकर उन्हें देश का अच्छा नागरिक बनाने की जिम्मेदारी भी दम पत्तियों पर होती है पर वर्तमान में बच्चे मां बाप से दूर होते जा रहे हैं और बुजुर्ग अपनी संतानों से मोबाइल ,व्हाट्सएप फेसबुक और इंटरनेट ने नौजवान पीढ़ी और बुजुर्गों के बीच एक बड़ा संवाद हीनता का संकट पैदा कर दिया है। बुजुर्ग यदि अपने मन की बात किसी से कह नहीं सकेंगे तो उन्हें मानसिक रूप से बीमारी का संकट हो सकता है। नौजवान पीढ़ी को खाली समय में मोबाइल कंप्यूटर में फेसबुक व्हाट्सएप इंस्टाग्राम से ही फुर्सत नहीं है। ऐसे में बुजुर्गों के लिए यह संकट और गहराने का खतरा बढ़ता जा रहा है। उल्लेखनीय है कि बुजुर्गों का अनुभव उनका ज्ञान परिवार,समाज तथा देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। देश की संस्कृति में बुजुर्गों का सम्मान और इज्जत उनकी रक्षा निहित है। करोना की तीसरी लहर से भारतीय समाज में निवास कर रहे बुजुर्गों की बड़ी संख्या को हमें सुरक्षित और महफूज रखना है।

वह वटवृक्ष की तरफ हम सबका मार्गदर्शन करते हैं ,अतः हमारा प्रथम कर्तव्य होगा कि हम वृद्धजनों की हर संभव रक्षा कर उनकी इज्जत, तवज्जो करेंद्य इसके साथ ही हमें बच्चों तथा नौजवानों की भी रक्षा करनी होगीद्य

# खुद की तलाश में मैं

खुद की तलाश में में।
क्या कभी आपने
अपने आप को
खुद में पहचानने,
खोजने की कोशिश की है,
उस सच की तलाश की है,
जो आपके अंदर
सदियों से समाया हुआ है,
आपके अंदर,
तिल तिल कर जिंदा है
आप के मनोभावों के साथ
बाहर आना चाहता हो,
आपने अंदर के मासूम बच्चे
को जीने की कोशिश की है।
आप कभी यूं ही बेवजह
मुस्कुराये,
खिलखिलाये है,
रोज एक नया मुखौटा लेकर
एक नए-नए पलों को
जीते चले जा रहे हैं,
जिंदगी के सच का
सामना नहीं कर सकते हैं,
वही सच जो आपको
वर्तमान का आईना
भी दिखाता है,
आप भागते हैं कड़वी
सच्चाईयों से,
और निकल पड़ते हैं,
नए चेहरे की तलाश में
जो आने वाले कालचक्र में
आपको नया मुखौटा देगा,
और अंदर की सच्चाई से
दूर और दूर ले जाएगा,
बेवजह अनासक्त,
चलो किसी नन्हे मासूम की
भोली मुस्कान में खो जाते हैं,
जिंदगी के बहुत नजदीक ।

# राजनीति में महिलाओं की डमीं नहीं वास्तविक भागीदारी की ज़रूरत



## चुनाव जीतकर आई महिलाओं के संवैधानिक अधिकारों पर उनके परिजनों का असंवैधानिक कब्जा तोड़ना ज़रूरी

वैश्विक स्तरपर भारत नारी की पुज्यनीय भूमि है यहां आदि-अनादि काल से नारी का सम्मान किया जाता है जो मां लक्ष्मी सरस्वती दुर्गा काली माता सीता इत्यादि जहां अनेक ऐतिहासिक किस्से दर्ज हैं, वहीं देश की राष्ट्रपति लोकसभा अध्यक्ष प्रधानमंत्री सहित अनेक महत्वपूर्ण संवैधानिक पदों पर भारतीय नारी आसीन होकर सफ़लताओं के झंडे गाढ़ चुकी है। नारी शक्ति के सम्मान को आगे बढ़ाते हुए 21 सितंबर 2023 का वह ऐतिहासिक पल इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से शामिल हो गया है, जब संसद के उच्च सदन राज्यसभा में देर रात्रि 214 वोटो से संविधान के 128 वें संविधान संशोधन विधेयक को पारित कर नारी शक्ति वंदन विधायक 2023 पर मोहर लगाते हुए महिलाओं का विधानसभा लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण पर मोहर लगा दी। बता दें लोकसभा ने 20 सितंबर 2023 को ही 454/2 बहुमत से इस प्रस्ताव को पारित कर दिया था। बता दें स्थानीय स्तरपर भी पंचायत समितियों निकायों स्तर पर पहले भी 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू है परंतु इन स्तरोंपर महिलाआरक्षण का एक कटु सत्य अनुभव अक्सर प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में सुनाई देते रहता है कि चुनकर आई महिलाओं के पति पुत्रों देवर या परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा महिला के संवैधानिक अधिकारों का हनन कर खुद असंवैधानिक रूप से बैठकों, नीति निर्धारण, आदेशों निर्देशों, ठेकेदारी दबंगई सहित अनेक प्रत्यय किए जाते हैं यहां तक कि अपनी पत्नी मां या रिश्तेदार के संवैधानिक अधिकार के सील ठपे भी अपने पास रखते हैं और समय, धन, मांग को देखकर उसका उपयोग करते हैं। यह सब नजारे मैनें खुद ने भी हमारे स्थानीय प्रशासन में महिला पार्षद के पति या पुत्रों को करते हुए स्वयं देखा है। होता यह है कि महिला को चुनाव में भी उनके परिजनों द्वारा धूमधाम से उतारा जाता है और जिताया भी जाता है।फिर महिलाका स्थान घर हो जाता है और बाहर का खेला उनके पति या पुत्रों द्वारा किया जाता है। यानें संवैधानिक कार्य को असवैधानिक व्यक्ति विशेष द्वारा किया जाता है जिसे अत्यंत कढ़ाई से ध्यान देने को रेखांकित करना ज़रूरी है। माननीय पीएम से इस आर्टिकल के माध्यम से मेरा विशेष निवेदन है कि इस कुत्य को रोकने के लिए पार्टी और शासकीय स्तरपर नीति निर्धारण करना समय की मांग है, ताकि महिलाओं को दिखावटीभागीदारी नहीं बल्कि वास्तविक भागीदारी दिलाई जा सके। चूंकि 33 परसेंट आरक्षण पारित हो चुका है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, महिला आरक्षण 33 प्रतिशत फिक्स हुआ अब चुनकर आई महिलाओं के पति पुत्र परिवार वालों द्वारा उनके संवैधानिक अधिकारों के दुरुपयोग को रोकना ज़रूरी है।

साथियों बात अगर हम महिलाओं के रिश्तेदारों द्वारा असंवैधानिक दखलंदाजी की करें तो, महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए सरकार ने ग्राम पंचायत से लेकर संसद तक आरक्षण कर रखा है। लेकिन नगरीय निकाय में आज भी चुनकर आई महिला पार्षदों के स्थान पर उनके पति, पुत्र, भाई, अन्य रिश्तेदार महत्वपूर्ण भूमिका अदा की जाती रही हैं। निगम में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण किया गया है। जिसके तहत पार्षद महिलाएं चुनकर आती हैं। महिला पार्षद हैं, लेकिन आधे से ज्यादा पार्षदों का कामकाज उनके पति, पुत्र, भाई, देवर या अन्य रिश्तेदार संभाल रहे हैं। इसे देखते हुए राज्य सरकारों के वर्षों पुराने आदेश को निगम आयुक्त बार बार जारी किया करते है, कि नगरीय निकायों के कामकाज संचालन के दौरान बैठक समेत अन्य कार्यों में महिला पदाधिकारी के कोई भी सगे संबंधी/रिश्तेदार भाग नहीं लेंगे और न ही कोई हस्तक्षेप या दखलंदाजी करेंगे। निर्देश का पालन नहीं होता है तो नगर पालिक निगम अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई बिना भेदभाव के और बहुत ही गंभीरता से की जाए। पंचायतों में भी महिला जनप्रतिनिधियों के पति या परिवार के अन्य सदस्य उनका कामकाज संभालते है। महिलाएं केवल मुहर बनकर रह गई है। अनेक स्थानीय निकायों में ऐसा होता है कि चुनाव से पहले पार्षद पद के लिए महिला उम्मीदवारों ने पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं, रिश्तेदारों के साथ जोर-शोर से प्रचार-प्रसार किया करते है। लेकिन चुनाव के बाद कई मतदाताओं ने महिला पार्षदों की शक्ल नहीं देखी हैमतदाताओं का कहना है कि समस्याओं के निराकरण के लिए मोबाइल फोन लगाने पर महिला पार्षद के पति, पुत्र से ही बात होती है। वे समस्याएं सुनकर निराकरण करा देते हैं। महिला पार्षद के पति-पुत्र ही वार्ड विकास की रणनीति बनाते देखे जाते हैं। शहर गांव के लोगों ने जिन महिलाओं को पार्षद चुना, वे कुछ महीने बाद ही घर बैठ जाती है, जबकि उनके रिश्तेदार पार्षदी कर रहे हैं। हर 5 सालों के अंदर जनता के वोटों से शहर गांव के महिला पार्षद चुनी जाती है। लोगों ने अपने वार्ड की जिम्मेदारी सौंपी लेकिन चुनी हुई महिलाओं के रिश्तेदारों ने उनके अधिकारों पर कब्जा कर लिया। मतदान का परिणाम आने तक ही महिला प्रत्याशी जनप्रतिनिधि के रूप में नजर आती हैं। जीत के बाद मोहल्लों में जुलूस भी निकाला। इसके बाद पुरुष प्रधान समाज ने महिला जनप्रतिनिधि के पार्षद पद पर कब्जा कर लेते हैं। किसी का बेटा तो किसी का भाई, भतीजा, देवर, पति और ससुर स्वयंभू पार्षद बन गए। पार्षदों के ये रिश्तेदार समय-समय पर निगम की विभागीय समितियों की बैठकों में शामिल भी होते रहे हैं। साथियों बात अगर हम इसके नियमों की करें तो नियमानुसार चुने हुए जनप्रतिनिधि ही निगम की बैठकों में शामिल हो सकते हैं। अन्य व्यक्ति को संवैधानिक रूप से विभागीय बैठकों में बैठने का अधिकार नहीं है। निगम की व्यवस्था विधानसभा और लोक सभा की तर्ज पर ही चलती है। योजना समिति की बैठक में पार्षद के भतीजेनिगम सभागृह में, योजना समिति की बैठक में, पार्षद के रिश्तेदार शामिल होते रहे हैं। बैठक में विचार-विमर्श भी करते रहें है। बात को अनसुनी करने या कुछ कहने पर दबंगई करने से भी परहेज नहीं की जा रही है ऐसा करीब करीब अनेक नगरों में होता है। साथियों बात अगर हम 21 सितंबर 2023 को पारित नारी शक्ति वंदन विधेयक 2023 की करें त, आखिरकार राज्यसभा से भी महिला आरक्षण बिल सर्वसम्मति से पास हो गया. बिल के समर्थन में 214 वोट डाले गए, जबकि विरोध में एक भी वोट नहीं पड़ा। इससे पहले लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पास हो गया था। अब बिल को राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद महिला आरक्षण बिल, कानून बन जाएगा हालांकि, पहले जनगणना और सीटों के परिसीमन का काम होगा. उच्च सदन में विधेयक पारित के बाद दोनों सदनों को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया है। जानकारों का कहना है कि महिला आरक्षण बिल को अभी भी लंबा सफर तय करना है। जनगणना और परमीसन के बाद महिला आरक्षण विधेयक साल 2029 केलोकसभा चुनाव तक ही लागू हो सकेगा। 128वें संविधान संशोधन विधेयक (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) को अब अधिकांश राज्य विधानसभाओं की मंजूरी की आवश्यकता होगी।

नई दिल्ली
मंगलवार 26 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

# शार्ट न्यूज

## सहारनपुर में नगरायुक्त ने किया निरीक्षण

**सहारनपुर।** सहारनपुर में स्मार्ट सिटी की सीईओ एवं नगरायुक्त गजल भारद्वाज ने दिल्ली रोड का औचक निरीक्षण किया। स्मार्ट रोड, भगत सिंह मार्ग और नेहरु मार्किट में जल निगम द्वारा सीवर लाइन का कार्य चल रहा है। कार्य में गुणवत्ता के साथ कार्य करने और जल्दी से कार्य कराने के निर्देश दिए। नगरायुक्त गजल भारद्वाज भगत सिंह मार्ग नेहरु मार्किट पहुंची और वहां स्मार्ट सिटी के तहत जल निगम द्वारा किये जा रहे सीवर लाइन कार्य का निरीक्षण किया। स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट मैनेजर जितेंद्र सिंह ने बताया, यहां क्रेगी नाले को क्रॉस करने के लिए अंडर ग्राउंड ट्रैंच विधि से कार्य किया जा रहा है। नगरायुक्त ने गुणवत्ता के साथ कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। जल निगम के अधिशासी अभियंता रचिर यादव ने नगरायुक्त को बताया, 28 सितंबर तक कार्य पूरा कर दिया जाएगा। नगरायुक्त ने महाप्रबंधक जल कल को स्मार्ट सिटी अधिकारियों व कार्यदायी संस्था से समन्वय बनाकर पेयजल के लिए एक समानांतर लाइन डालने के भी निर्देश दिए। जीएम जलकल राधेश्याम, अधिशासी अभियंता निर्माण अमरेंद्र गौतम, अधिशासी अभियंता जल निगम रुचिर यादव व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहे। नगरायुक्त दिल्ली रोड पहुंची और वहां स्मार्ट सिटी के तहत बनाई जा रही स्मार्ट रोड का निरीक्षण किया।

## उन्नाव में कुर्क और जब्त की गई जमीन

उन्नाव। उन्नाव में बीते दिन रविवार को गंगाघाट कोतवाली के अखलॉक नगर में गैंगस्टर और भू-माफिया के आरोपित नसीम अहमद की एक अरब से अधिक की जमीन कुर्क और जब्त की गई है। कई भूमि नंबरों पर प्लाटिंग की गई है। ऐसे में जिन लोगों ने अपने प्लाट खरीद रखे हैं, या फिर मकान बनाकर रह रहे हैं। ऐसे लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। गंगाघाट के ग्राम सभा कटरी पीपर खेड़ा के अखलॉक नगर गांव में डॉ. नसीम अहमद की लगभग पौने तीन बीघा जमीन पर दो अलग-अलग बोर्ड लगवाकर जब्त और कुर्क की कार्रवाई की गई है। कुल लगभग चालीस बीघा जमीन कुर्क और जब्त की जानी है। बाढ़ का पानी भरा होने के चलते अन्य जगहों पर पुलिस प्रशासन नहीं पहुंच सका है। जिससे आगे की कार्रवाई करने की बात कही गई है। जिन भूमि पर कार्रवाई हुई है। वहीं अन्य पर होनी है। ऐसे तमाम रकवा हैं, जहां पर प्लाटों में नींव भरी हुई है। फिर लोग मकान बनाकर रह रहे हैं। प्रशासन की कार्रवाई के बाद लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। लगभग पचास से साठ बने अधबने मकान बनाकर रह रहे हैं। कार्रवाई से पहले प्रशासन ने कोई भी नोटिस नहीं दी है। ऐसे में उनका भविष्य क्या होगा, लोग खासे परेशान दिखे।

## मुरादाबाद में कुएं में मिला यूवक का शव

मुरादाबाद। मुरादाबाद में 6 दिन से लापता एक हलवाई की डेडबॉडी जंगल में कुएं में पड़ी मिली है। पुलिस और परिजनों का मानना है कि संभवत॰ पैर फिसलने की वजह से हलवाई कुएं में गिर गया। मदद नहीं मिल पाने की वजह से उसी कुएं में उसकी मौत हो गई। मामला मुरादाबाद के कांठ थाना क्षेत्र में मोहल्ला घोसीपुरा का है। यहां रहने वाला हलवाई नन्हें (32 साल) पुत्र हरस्वरूप सिंह 19 सितंबर को घर से बिना बताए कहीं चला गया था। परिजन तभी से उसकी खोज में जुटे थे। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। सोमवार को सभासद शिशुपाल सिंह के खेत में बने कुएं में एक डेडबॉडी पड़ी होने की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस ने शव बाहर निकलवाया तो स्थानीय लोगों ने उसकी शिनाख्त नन्हें के रूप में की। तुरंत उसके परिजन भी रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। नन्हें के बड़े भाई कैलाश और पप्पू ने बताया कि 19 सितंबर की रात बिना किसी को बताए नन्हें घर से चला गया था। इस संबंध में पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। इसके बाद से उसकी तलाश की जा रही थी। परिजन पैर फिसलने से कुएं में गिरकर मौत होने की आशंका जता रहे हैं। नन्हें के तीन बच्चे हैं। वह शादी ब्याह में खाना बनाने का काम करता था।

## धर्मांतरण करने वाले दो गिरफ्तार

आजमगढ़। आजमगढ़ की पुलिस ने धर्मांतरण कराने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में मेंहनाजपुर थाने में स्थानीय लोगों ने शिकायत दर्ज कराई की सलमान अपने सहयोगियों के साथ आकर पैसे का लालच देते हुए अपने बच्चों को ईसाई स्कूल में पढ़ने का दबाव बना रहा है। इसके साथ ही धर्म परिवर्तन का लगातार दबाव बना रहा है। इस शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की तो मामला सच पाया गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि आरोपी लगातार पैसे का लालच देकर लोगों को इकट्ठा कर धर्म परिवर्तन का दबाव बना रहा था। इस मामले की सूचना लगातार मिल रही थी। इससे पूर्व भी धर्मांतरण की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। इसी क्रम में धर्म परिवर्तन के आरोपी दोनों अभियुक्तों सलमान जो कि गाजीपुर जिले का रहने वाला है और त्रिभुवन जो कि मेंहनाजपुर थाने का रहने वाला है को हिरासत में लिया गया है। आरोपियों के कब्जे से 10 धार्मिक पुस्तक, एक माइक्रो मशीन, दो माइक, दो बुफर भी बरामद किया गया है। आरोपी पैसे का लालच देकर धर्म परिवर्तन कराते थे। आरोपियों के इस जाल में लोग फंस जाते हैं। पुलिस दोनों आरोपियों को कोर्ट भेज रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## सात अपराधियों की खुली हिस्ट्रीशीट

आजमगढ़। एसपी अनुराग आर्य ने अपराधियों के विरूद्ध अभियान चलाया हुआ है। इस अभियान के तहत गोवध, हत्या, पशु, क्रूरता और एनडीपीएस में शामिल सात अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। यह अपराधी बिलरियागंज, अहिरौला, जहानागंज, देवगांव, रानी की सराय, मुबारकपुर और सरायमीर थाने के एक-एक अपराधी शामिल हैं जिनकी हिस्ट्रीशीट खोली गई और इनकी निगरानी की जा रही है। जिले के जिन सात अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई उनमें परवेज बिलरियागंज थाना क्षेत्र का रहने वाला है। इसके साथ ही आजाद अहिरौला थाने का, सद्दाम जहानागंज थाना क्षेत्र का, आसिफ देवगांव थाना क्षेत्र का रहने वाला है। इसके साथ ही पंकज यादव रानी की सराय थाना क्षेत्र का रहने वाला है जबकि बालचन्द्र मुबारकपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। जबकि इमरान सरायमीर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। इन सभी की निगरानी की जा रही है। एसपी अनुराग अनुराग आर्य ने जिले में संगठित अपराध करने वाले 108 गिरोहों को रजिस्टर्ड किया है। उन्होंने बताया, संगठित गैंग बनाकर अपराध करने वालों पर प्रभावी कार्रवाई कर रहे हैं। अब तक 1617 अपराधियों पर गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इसके साथ ही 588 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। इसके साथ ही 188 अपराधियों पर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की गई है। जबकि 783 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है। 17 अपराधियों पर रासुका के तहत कार्रवाई की गई है।

## गृह क्लेश के चलते युवक ने लगाई फांसी

मैनपुरी। गृह क्लेश के चलते युवक ने घर के कमरे में फांसी लगा कर दी जान, मामूली विवाद के बाद मायके गई पत्नी नहीं आ रही थी घर मैनपुरी के कुरावली थाना क्षेत्र में गृह क्लेश के चलते एक युवक ने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। उसका शव कमरे में फांसी के फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मामला कुरावली थाना क्षेत्र के गांव रोशिंगपुर से जुड़ा है। गांव निवासी बृजलाल के पुत्र सत्यवीर का शव घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटकता हुआ मिला। शव घर में लटका देखते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार घर में कोई बड़ी बात भी नहीं हुई थी। बीते शाम वह आराम से खाना पीना खाकर घर के कमरे में सोने के लिए चला गया था। यह जरूर है कुछ दिन पूर्व सत्यवीर से परिवार में मामूली कहासुनी हो गई थी। उन्हें नहीं पता था कि सत्यवीर आत्मघाती कदम उठा लेगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराया। मृतक के भतीजे सुशील ने बताया कि उनकी पत्नी से 6 माह पूर्व कुछ कहासुनी हो गई थी। उसके बाद उनकी पत्नी घर का सामान भैंस आदि लेकर अपने मायके चली गई थी। यह बुलाने जाता था वह आ नहीं रही थी। जिसके चलते चाचा ने घर के कमरे में फांसी लगा ली।

# सभी विभागों में रिक्त पदों को तत्काल भरें, कतई न हो देर : योगी

### सभी विभागों से मांगा रिक्त पदों का विवरण, भर्ती प्रक्रिया तेज करने के निर्देश



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने सभी विभागों में रिक्त पदों पर यथाशीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव गणों के साथ विभागवार कार्मिकों की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री जी ने अनेक दिशा-निर्देश दिए...

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि शासकीय विभागों में मानव संसाधन का अभाव विभागीय कार्यक्षमता और जनहित पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है।

नियुक्तियों में विलंब से केवल बैकलॉग बढ़ता है, बल्कि युवाओं की अपनी योग्यता के अनुरूप अवसर भी नहीं मिलता।

इसलिए यह आवश्यक है कि प्रत्येक विभाग अपने यहां नियुक्ति की प्रक्रिया को समय से आगे बढाएं। रिक्तियों के संबंध में जिलों से प्राप्त हो रही जानकारी की समीक्षा भी करें।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सभी विभागों में ग्राम/नगर और जिला से लेकर शासन स्तर तक प्रत्येक संवर्ग की गहनता से समीक्षा कर आवश्यक रिक्तियों की स्थिति स्पष्ट की जाए। नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग के माध्यम से सभी विभागों में रिक्तियों/प्रचलित नियुक्ति प्रक्रिया और आवश्यक मानव संसाधन की विस्तृत रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया में सरलता के लिए ई-अधियाचन की व्यवस्था लागू की गई है, उसका उपयोग करें। नियुक्ति के लिए अधियाचन भेजने से पूर्व आरक्षण नियमावली का सूक्ष्मता से परीक्षण कर लिया जाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बदलते दौर के साथ नगर विकास जैसे विभागों में अनेक नवीन पदों के सृजन की आवश्यकता है। तदनुसार कार्यवाही की जानी चाहिए। राजस्व विभाग में समायोजित किये गए चकबंदी लेखपालों का विधिवत प्रशिक्षण कराएं। पुलिस विभाग में विभिन्न पदों पर जारी चयन की प्रक्रिया आगामी दिसंबर तक पूरी कर लें।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि समयबद्ध पदोन्नति शासकीय सेवा का हिस्सा है। हर कर्मचारी को नियत समय पर इसका लाभ मिलना ही चाहिए। पदोन्नति के लिए परफॉर्मेंस को आधार बनाएं।

इस वर्ष मुख्य सचिव/अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/ विभागाध्यक्ष अथवा लोक सेवा आयोग स्तर पर की जाने वाली पदोन्नति की कार्यवाही प्रत्येक दशा में 30 सितंबर तक पूरी कर ली जाए।

## शौकिया अवैध तमंचा रखने वाला युवक गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

फर्रुखाबाद । उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के शहर कोतवाली पुलिस ने आज शौकिया अवैध 315बोर का तमंचा एवं कारतूस रखने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस सब इंस्पेक्टर योगेंद्र कुमार श्रीवास्तव अपने दल बल के साथ आज तड़के गश्त पर थे। इसी दौरान पल्ला तालाब पानी टंकी के समीप से आवारा गर्दी करते हुए मोहल्ला गढी अब्दुल मजीद खा का निवासी इंतजार अली को गिरफ्तार किया गया। इस पकड़े गए युवक ने पुलिस को बताया कि उसने 315 बोर का आवाज तमंचा चलते हुए एक राहगीर से खरीदा और हथियार लाइसेंस पर वह माफी मांगते हुए कहने लगा कि वह शौकिया अपने पास इस अवैध तमंचे को रखता था। पुलिस ने अवैध 315 बोर का तमंचा एवं एक जिंदा कारतूस रखने वाले इस युवक को आज जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त पर अवैध हथियार रखने के दो मुकदमे विचाराधीन है।

## अमेठी : संजय गांधी अस्पताल को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू




अमेठी। उत्तर प्रदेश के अमेठी स्थित संजय गांधी अस्पताल की बहाली को लेकर कांग्रेस ने आर पार का सोमवार को बिगुल फूंक दिया ।
सीएमओ कार्यालय में कांग्रेस नेता दीपक सिंह के नेतृत्व सत्याग्रह आंदोलन शुरू हो गया है। दीपक सिंह ने सरकार और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पर जम कर हमला बोला। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि स्मृति ईरानी ने अस्पताल को बंद करवाकर क्या सौगात दी है।
संजय गांधी अस्पताल मुंशी गंज के लाइसेंस की बहाली को लेकर सोमवार से शुरू हुए सत्याग्रह आंदोलन को लीड कर रहे कांग्रेस नेता दीपक सिंह ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए।
उन्होंने कहा कि जिस तरह अमेठी के संजय गांधी अस्पताल को बंद किया गया है, मानक के विपरीत ईर्ष्यावश बंद किया गया, ताकत एवं सरकारी तंत्रों का दुरुपयोग किया गया। उसी क्रम में संजय गांधी अस्पताल के बहाली को लेकर हम लोग सत्या ग्रह आंदोलन पर बैठे हैं। हम सरकार से सवाल पूछने के लिए बैठे हैं ।
उन्होंने कहा कि सांसद स्मृति ईरानी से सवाल पूछ रहे हैं कि जब नीति आयोग की रिपोर्ट में स्वास्थ्य सूचनांक में सबसे फिसड्डी उत्तर प्रदेश है। वही उत्तर प्रदेश के अमेठी में संजय गांधी अस्पताल सालाना डेढ़ करोड़ का घाटा सहते हुए अमेठी के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ अच्छा इलाज दे रहा था। उसे बंद करके अमेठी के लिए क्या सौगात दी है। क्या मौत की सौगात दी है।
उन्होंने कहा कि हम कांग्रेस के लोग हैं नफरत के खिलाफ, ईर्ष्या के खिलाफ सत्याग्रह के मार्ग पर बैठे हैं। इस दौरान वह लगातार सरकार पर हमलावर दिखे। उन्होंने सरकार से सवाल करते हुए कहा कि आपने संजय गांधी अस्पताल बंद कर दिया। सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं ठीक नहीं कीं । अस्पताल में पीएससी, सीएससी पर डॉक्टर नहीं है ,दवाइयां एवं जांच नहीं है, जांच करने वाले यंत्र नहीं हैं।

## संविदा चिकित्सक के आठ साल के बेटे ने दी मुखाग्नि

**सुलतानपुर।** उत्तर-प्रदेश के सुलतानपुर जिले में जमीनी विवाद में दबंगों की मारपीट में मारे गये संविदा चिकित्सक को उनके आठ साल के बेटे ने मुखाग्नि दी। इस मामले में मुख्यमंत्री से न्याय की उम्मीद जताते हुए उनके अथवा उपमुख्यमंत्री के आने तक चिकित्सक का अंतिम संस्कार करने पर अड़े परिजनों ने उनकी छह सूत्रीय मांग को विधायक व जिलाधिकारी की लिखित सहमति व संस्तुति के बाद यह जिद छोड़ दी। इसके बाद धोपाप घाट पर आठ वर्षीय बेटे ने चिकित्सक पिता को मुखाग्नि दी। गौरतलब है कि शनिवार को दबंगो ने जमीनी विवाद में संविदा चिकित्सक डॉ घनश्याम त्रिपाठी की पीट पीटकर हत्या कर दी थी। रविवार को सुबह चिकित्सक के शव का पोस्टमार्टम के बाद उनके पैतृक गांव लम्भुआ कोतवाली के सखौली पहुंचा तो परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। मौके पर पहुचे क्षेत्रीय विधायक, प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस अधिकारियों ने समझाने का प्रयास किया किंतु परिजन मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री के आने के बाद ही अंतिम संस्कार करने पर अड़े हुए थे।

## भाजपा विधायक के फ्लैट में युवक ने किया सुसाइड

### लखनऊ में गर्लफ्रेंड गेट पर थी, वीडियो कॉल करके फांसी लगाई; मीडिया सेल में काम करता था

**लखनऊ।** लखनऊ में भाजपा विधायक योगेश शुक्ला के सरकारी फ्लैट में युवक ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। 24 साल का श्रेष्ठ तिवारी विधायक के मीडिया सेल में नौकरी करता था। हजरतगंज स्थित विधायक के सरकारी फ्लैट नंबर-804 में रहता था। पुलिस के मुताबिक, गर्लफ्रेंड से कहासुनी के बाद रविवार रात श्रेष्ठ ने सुसाइड किया। वारदात के वक्त गर्लफ्रेंड फ्लैट के गेट पर खड़ी थी। उसे वीडियो कॉल करते हुए वह फंदे पर लटक गया। घटना के बाद लड़की की तबीयत खराब हो गई है, निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गर्लफ्रेंड की सूचना पर ही पुलिस मौके पर पहुंचीं। दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से उतारा। कमरे से पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। श्रेष्ठ और उसकी गर्लफ्रेंड के मोबाइल को पुलिस ने कब्जे में लिया है। फॉरेंसिक टीम ने भी कमरे की जांच की।



विधायक के फ्लैट में सुसाइड की सूचना मिलते ही पुलिस के सीनियर अफसर मौके पर पहुंच गए।

### गर्लफेंड ने खुदकुशी के स्क्रीनशॉट भी लिए

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, खुदकुशी के दौरान गेट पर खड़ी गर्लफ्रेंड ने वीडियो कॉल के दौरान के स्क्रीनशॉट भी लिए हैं। बीते चार साल से दोनों रिलेशन में रहे। फिलहाल, प्रथम दृष्टया पुलिस मान रही है कि गर्लफ्रेंड से कहासुनी के बाद ही श्रेष्ठ तिवारी ने जान दी है। गर्लफ्रेंड अलीगंज की रहने वाली है।

### बाराबंकी जिले का रहने वाला था श्रेष्ठ

हजरतगंज इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार पांडेय के मुताबिक, बाराबंकी के हैदरगढ़ का रहने वाला श्रेष्ठ तिवारी बक्शी का तालाब विधायक योगेश शुक्ला के मीडिया सेल में काम करता था।

रविवार रात सूचना मिली की श्रेष्ठ ने फांसी लगाकर जान दे दी। रात करीब 11: 30 बजे पुलिस टीम फ्लैट नंबर 804 पहुंची तो दरवाजा तोड़ा गया। अंदर फंदे पर श्रेष्ठ का शव लटका था।

## प्रेमिका के घर मिला पूर्व प्रधान के बेटे का शव

### परिवार वालों ने हत्या कर शव बोरी में भरा, फिर भूसे के ढेर में छिपा दिया

**महराजगंज।** महराजगंज में पूर्व प्रधान के बेटे का शव उसकी प्रेमिका के घर पर मिला है। शव एक बोरी में भरकर भूसे के ढेर में छिपाया गया था। पूर्व प्रधान का बेटा रविवार रात अपने घर से खाना खाने के बाद आटा चक्की पर सोने चला गया था। सोमवार सुबह जब वो काफी देर तक घर नहीं पहुंचा तो परिवार के लोगों ने उसको ढूंढना शुरू किया।
काफी देर नहीं मिलने पर परिवार ने पुलिस से मामले की शिकायत की। जांच में पूर्व प्रधान के बेटे का गांव की लड़की से प्रेम प्रसंग होने की बात सामने आई।
पुलिस ने जब प्रेमिका के घरवाले से




सवाल किए तो वो लोग उलझ गए। जिसके बाद पुलिस ने उनके घर की तलाशी ली। करीब 10 मिनट की खोजबीन के बाद आंगन में रखे भूसे के ढेर में शव मिल गया।
ये घटना महाराजगंज के श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के चौपरिया गांव का है। पूर्व प्रधान के बेटे का शव सोमवार दोपहर करीब 12 बजे मिला है।

### काफी समय से चल रहा था दोनों का प्रेम-प्रसंग

पुलिस के अनुसार, राजेन्द्र का गांव की एक लड़की से काफी समय से प्रेम संबंध था। इस बात की जानकारी गांव के लोगों को भी थी। लड़की पक्ष इस रिश्ते के खिलाफ था। कई बार दोनों के घरों में इस बात को लेकर विवाद भी हो चुका है। लेकिन युवक अपनी प्रेमिका से अक्सर मिलता रहता था। बताया जा रहा है, रविवार को राजेन्द्र खाना खाने के बाद आटा चक्की पर जाने की बात कहकर घर से निकल गया। उसने वहीं पर सोने की बात कही थी। सोमवार को जब वो काफी देर तक अपने घर नहीं पहुंचा तो उसके पिता सुनील शर्मा उसके ढूंढते हुए आटा चक्की पहुंचे। जहां पर राजेन्द्र नहीं था। उसके बाद वो घर लौट आए। उनको लग रहा था बेटा कुछ देर बाद घर आ जाएगा।

पुलिस ने पूर्व प्रधान सुनील की तहरीर पर प्रेमिका, उसके माता-पिता और भाई पर केस दर्ज किया है।
सभी को गिरफ्तार कर लिया गया है।
मरने वाले युवक का नाम राजेन्द्र शर्मा था। उसकी उम्र 35 साल बताई जा रही है। गांव में उसकी खुद की आटा चक्की है।

## दो दिन बाद सरयू से बरामद हुआ युवक का शव

### परिवार में विवाद के बाद सरयू में कूद गया था युवक

बहराइच। बहराइच के बोझिया गांव निवासी युवक ने पारिवारिक विवाद के बाद सरयू में छलांग लगा दी थी। सोमवार को उसका शव काफी दूर बरामद हुआ। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। शव मिलने के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।
कोतवाली मुर्तिहा अंतर्गत बोझिया गांव निवासी फिरोज अहमद (23) पुत्र मसूद का शनिवार सुबह परिवार में विवाद हुआ। इससे युवक नाराज हो गया। उसने गांव में सरयू नदी पर बने पुल से छलांग लगा दी। रविवार को एनडीआरएफ टीम द्वारा युवक की तलाश की गई, लेकिन काफी प्रयास के बाद भी उसका शव बरामद नहीं हुआ था।
सोमवार सुबह फिरोज का शव पानी के बहाव में बहते हुए बिचपरी पुल के पास स्थित धोभीघाट पहुंच गया। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी।
पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। परिवार के लोगों को सूचना दी। परिवार के लोगों ने फिरोज की पहचान की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## बदायूं में बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या

**बदायूं ।** बदायूं में रविवार आधी रात को घर में सो रहे बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देकर हमलावर भाग निकले। परिजनों की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ पुलिस ने हत्या का मुकदमा कायम किया है। वहीं एसएसपी डॉ. ओपी सिंह ने घटनास्थल का मुआयना कर पुलिस को घटना के सही खुलासे का निर्देश दिया गया है। वारदात फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के गांव किशनपुर में हुई। यहां रहने वाले 65 वर्षीय रक्षपाल सिंह अपने घर में सो रहे थे। परिजनों के मुताबिक रक्षपाल अविवाहित थे और अपने भाई-भतीजों के साथ रहते थे। रात तकरीबन एक बजे दो गोलियां मारकर उनकी हत्या कर दी गई। भतीजे जितेंद्र यादव की ओर से दर्ज मुकदमे के मुताबिक इस वारगात को गांव के कोटेदार बाबूराम, कपूरी सिंह, नन्हें व विनेश ने अंजाम दिया है। इधर, दूसरे दिन सोमवार को एसएसपी ने घटनास्थल का मुआयना किया। वहीं पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। परिजनों के मुताबिक तकरीबन दो साल पहले रक्षपाल की भैंस बाबूराम चोरी करके ले जा रहा था। इस दौरान रक्षपाल ने उसे धर दबोचा और चप्पल से पिटाई की थी। इससे बाबूराम रंजिश मान गया। जबकि बाद में उसने रक्षपाल के भाई के साथ भी मारपीट की थी। इसका मुकदमा कोर्ट में विचाराधीन है। इसी रंजिश में हत्या की बात परिजन कह रहे हैं।

## एटा में युवक की हत्या, चेहरे और गर्दन चोट के निशान




### पत्नी और ससुराल वालों पर लगाया हत्या का आरोप

एटा। एटा के अवागढ थाना क्षेत्र मे निधौली मार्ग पर एक 30 वर्षीय युवक का शव मिलने से आस पास के इलाके मे सनसनी फैल गई है।
शव मिलने से मृतक के परिवार मे कोहराम मच गया है। मृतक युवक की पहचान थाना अवागढ़ क्षेत्र के गांव नगला सीर निवासी चरन सिंह (35)पुत्र सोबरन सिंह के रूप मे हुई है। प्रथम दृष्टया युवक की हत्या कर शव फेकने की आशंका जाहिर की जा रही है। मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी हुई है। पुलिस के आला अधिकारियों ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया है।
इस बीच पुलिस की डॉग स्क्रायड व फोरेंसिक टीमें साक्ष्य जुटाने का प्रयास कर रहीं हैं ।मृतक के परिजनों ने मृतक के ससुराल वालों पर हत्या करने के आरोप लगाए हैं। परिजन रघुवीर सिंह के अनुसार कुछ दिन पूर्व मृतक के सास ससुर 4 से 5 अन्य लोगों के साथ मृतक के घर आये थे और अपनी लड़की को उसके एक लड़के के साथ ले गए थे।
दो लड़के यहीं छोड़ गए थे और उन्होंने मृतक को मरवाने की धमकी भी दी थी। पति पत्नी के बीच आये दिन पत्नी के द्वारा किसी से फोन पर बात करने को लेकर कलह और मारपीट होती रहती थी। मृतक की पत्नी किसी ओर से फोन पर बात करती थी। इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद रहता था। मृतक के परिजन इस घटना के पीछे मृतक के ससुरालीजनों का हाँथ बता रहे हैं। हलाकि अवागढ़ थाना पुलिस इस घटना की प्रत्येक पहलू से जाँच कर रही है। इस सम्बन्ध मे थाना अध्यक्ष अवागढ़ क्षतरपाल सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों द्वारा ससुराली जनो पर हत्या का आरोप लगाते हुये तहरीर दी गई है।

## फतेहपुर सीएचसी अस्पताल से डॉक्टर गायब

फतेहपुर। फतेहपुर जिले में इन दिनों अस्पतालों से डॉक्टर गुम है और मरीज अस्पतालों के चक्कर लगा रहे हैं। परेशान मरीज शिकायतें भी अधिकारियों तक कर रहे हैं, लेकिन सुनवाई के नाम पर कार्रवाई का आश्वासन देकर कोई कार्रवाई न होने से मरीज प्राइवेट अस्पतालों में इलाज करने को मजबूर है।
फतेहपुर जिले के खखरेरू सीएचसी का इन दोनों हाल बेहाल है। सीएससी में डॉक्टर ना पहुंचने से मरीजों को इलाज के लिए काफी दिक्कतों का सामान कर पर पड़ रहा है। मरीज को लेकर तीमारदार कई बार अस्पतालों के चक्कर लगाने के बाद भी जब डॉक्टर अस्पताल में नहीं मिलते तो थक हार कर मरीज को प्राइवेट झोलाछाप डॉक्टरों के पास पहुंच उपचार करने को मजबूर होते हैं। इस मामले को लेकर तहसील स्तर से लेकर जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी तक शिकायतें हुई लेकिन अभी तक ठोस कार्रवाई न होने से डॉक्टर के रवैया पर कोई फर्क नहीं पड़ा। खखरेरु सीएससी में तीन दिनों से महिला डॉक्टर के न आने से दर्जनों महिलाएं परेशान होकर घर वापस लौट रही हैं। एक तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री करोड़ों रुपये खर्च कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर इलाज मिले इसके लिए आधुनिक मशीनें लगवा रहे हैं और ग्रामीण क्षेत्र के गरीब लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवा का सही लाभ मिले। इसके लिए डॉक्टरों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ही रुकने के आदेश दे रहे हैं लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के आदेश को दरकिनार कर डॉक्टर सीएचसी में नहीं रुकते बल्कि अपने निजी निवासी कानपुर प्रयागराज से ही आते जाते है और हप्टो तक अस्पताल तक नहीं पहुंचते।

## ट्रैक्टर पलटने से एक की मौत दो घायल

मिर्जापुर । उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर जिले के हलिया थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक ट्रैक्टर पलट जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दो अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गए । पुलिस के अनुसार नौडिहवा गांव निवासी भंगीलाल का पुत्र लालजी राव (35) आज सुबह अपने निजी ट्रैक्टर से खेत की जुताई कर रहा था। ट्रैक्टर पर गांव के ही राधेश्याम और बिंदु भी सवार थे। जुताई के बाद घर लौटते समय सड़क से नीचे उतरते समय अचानक असंतुलित हो कर टैक्टर पलट गई।

## चलती कार में नाबालिग के साथ गैंगरेप

कुशीनगर। कुशीनगर में एक नाबालिग के साथ गैंगरेप की घटना सामने आई है। नाबालिग के साथ पहले गांव में बनी एक झोपड़ी में रेप होता है। उसके बाद आरोपी नाबालिग को गांव से 30 किलोमीटर दूर लेकर जाता है। वहां पर आरोपी के दोस्त पहले से होते हैं। वो लोग नाबालिग का दुपट्टा खींचकर उसको कार में बैठा लेते हैं। उसके बाद उसके साथ बारी-बारी से रेप करते हैं। इस घटना में पुलिस के एक करीबी की भी शामिल होने की बात सामने आ रही है। बताया जा रहा है, सभी आरोपी रेप के बाद पीड़िता को थाने ले जाते हैं। पुलिस नाबालिग के बयान लेने के बाद थाने में महिला पुलिस न होने की बात कहकर गांव के पूर्व प्रधान के घर पर भेज देती है। जहां से पीड़िता को उसके परिवार को सौंप दिया जाता है। परिवार के पास जाने के बाद पीड़िता पूरी बात बताती है। जिसके बाद नाबालिग के अब्बू-अम्मी पुलिस से शिकायत करने पहुंचते हैं। लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं होती है। एसपी से शिकायत करने के बाद भी मामले में कोई कार्रवाई नहीं हो रही थी। 24 सितंबर को घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले में संज्ञान लिया है। बता दें ये घटना कुशीनगर के कप्तानगंज की है। 9 सितंबर को पीड़िता अपने घर से गायब होती है।

## शार्ट न्यूज

### मिनोशा ने लांच लेज़र प्रिंटरों की स्मार्ट रेंज

नयी दिल्ली। रिको प्रोडक्ट्स की विशिष्ट पार्टनर कंपनी मिनोशा इंडिया लिमिटेड ने अगली पीढ़ी के लेज़र प्रिंटरों की नयी रेंज पेश की है। कंपनी ने आज यहां कहा कि यह पेशकश भारत में ऑफिस प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी को नया रूप देने की दिशा में उठाया गया कदम है। इस महत ?वपूर्ण उत्पाद के दो विशिष्ट सेगमेंट हैं ~मोनो और कलर। प्रत्येक सेगमेंट को ऑफिस प्रिंटिंग का स्वरुप बदलने, उत्पादकता बढ़ाने और असाधारण गुणवत्ता प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। ये प्रिंटर टेक ?नोलॉजी में महत्वपूर्ण प्रगति के प्रतीक हैं। उसने कहा कि ये प्रिंटर उत्कृष्टता और उन्नति के जोश को प्रस् ?तुत करते हैं जिसके लिए मिनोशा और रिको, दोनों मशहूर हैं। नवीनता, बहुपयोगिता और सुरक्षा पर निरंतर फोकस के साथ मिनोशा इंडिया लिमिटेड सम्पूर्ण भारत में व्यवसायों की गतिशील ज़रूरतों से आगे बढ़कर डिजाइन किये गए ऑफिस प्रिंटिंग समाधानों का एक नया युग आरम्भ कर रही है। सभी प्रिंटर वाई-फाई समर्थित हैं। इन प्रिंटर के लिए ग्राहकों को उद्योग में सर्वश्रे ?ठ ऑनसाइट सर्विस प्रदान किया जाता है, जिनमें एक स्मार्ट डिवाइस कनेक्टर, रिमोट डिवाइस मैनेजर, और एक मजबूत राष्ट्रव्यापी सर्विस पार्टनरों का मजबूत नेटवर्क शामिल है। भारत में इस लेज़र प्रिंटर रेंज की कीमत 30,000 रुपये से शुरू हो रही है।

### यूनिटेक पर ईडी की तलवार, 125 करोड़ रुपये की संपत्ति अस्थायी रूप से कुर्क

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने यूनिटेक इन्फोपार्क लिमिटेड की 125.06 करोड़ रुपये की जमीन अस्थायी रूप से कुर्क कर ली है। ईडी ने चेन्नई के नल्लामबक्कम में यूनिवर्ल्ड सिटी टाउनशिप का हिस्सा 4.79 एकड़ जमीन का 39.83 प्रतिशत हिस्सा अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है। यूनिटेक समूह और इसके प्रवर्तकों के खिलाफ घर खरीदारों की शिकायतों के आधार पर दिल्ली पुलिस और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज कई प्राथमिकियों से धन शोधन का यह मामला सामने आया था। ईडी ने इस विषय में एक निचली अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया था। ईडी ने आरोप लगाया है कि आवासीय परियोजना के लिए घर खरीदारों से एकत्र किए गए धन को उस उद्देश्य के लिए उपयोग नहीं किया गया और इस तरह उनके साथ धोखाधड़ी की गई तथा आरोपियों ने धनशोधन का अपराध किया है। प्रीति चंद्रा के खिलाफ यह आरोप है कि उन्हें अपराध की आय के रूप में अपनी कंपनी प्राकौसली इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड में 107 करोड़ रुपये प्राप्त हुए, लेकिन धन के उपयोग का खुलासा नहीं किया गया। ईडी ने सोमवार को कहा कि कुर्क की गई जमीन की कीमत 125.06 करोड़ रुपये है। उक्त जमीन का स्वामित्व यूनिटेक इन्फोपार्क लिमिटेड के पास है।

### पुरुषों के मुकाबले महिलाएं अधिक ले रही है ऋण

नई दिल्ली। देश की आर्थिक स्थिति में पिछले कुछ वर्षों में कई बदलाव देखने को मिले हैं। खासकर उन महिलाओं की संख्या में इजाफा हुआ है, जो अब कार्यबल का हिस्सा बन चुकी हैं। इससे संपत्ति मालिकों के रूप में महिलाओं की संख्या बढ़ी है। संख्या के लिहाज से पुरुषों के मुकाबले महिलाएं ज्यादा होम लोन ले रही हैं। बैंक बाजार के एस्पिरेशन सर्वे के मुताबिक, संपत्ति खरीदने के लिए होम लोन लेने वाली महिलाओं की संख्या 48 फीसदी पहुंच गई है, जबकि पुरुषों की संख्या 46 फीसदी है। महिलाओं की संख्या में इस वृद्धि की कई वजह हैं। बैंक और अन्य वित्तीय संस्थान न सिर्फ महिलाओं को सस्ता कर्ज दे रहे हैं बल्कि उन्हें कर बचत समेत कई लाभ भी मिल रहे हैं। बैंक व गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) महिलाओं को संपत्ति मालिक बनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं। इसलिए, ये वित्तीय संस्थान उन महिलाओं को पुरुषों के मुकाबले सस्ते ब्याज पर कर्ज दे रहे हैं, जो खुद की संपत्ति खरीदना चाहती हैं या होम लोन में सह-आवेदक हैं। ऐसी महिलाओं को पुरुषों के मुकाबले 0.05 से 0.1 फीसदी तक सस्ता होम लोन मिल रहा है। होम लोन के लिए आवेदन करने वाली महिलाएं आयकर कानून की धारा 80सी के तहत लोन की मूल राशि पर 1.50 लाख तक कर छूट पा सकती हैं।

### लग्जरी कारों की ब्रिक्री में हो सकता है इजाफा

नई दिल्ली। लग्जरी कार कंपनियों मर्सिडीज बेंज, लेक्सस व ऑडी को चालू त्योहारी सीजन में बेहतर बिक्री की उम्मीद है। उनका कहना है कि त्योहारी सीजन में महंगी गाड़ियों की मांग काफी अच्छी है। मर्सिडीज बेंज इंडिया के एमडी व सीईओ संतोष अय्यर ने कहा, पिछले साल के मुकाबले यह त्योहारी सीजन ज्यादा अच्छा रहेगा। यह त्योहारी सीजन चार माह तक चलेगा व हम इसे लेकर आशान्वित हैं, क्योंकि हमने ओणम से बहुत सकारात्मक शुरुआत की है। लेक्सस इंडिया के अध्यक्ष नवीन सोनी ने कहा, देश में लग्जरी कार बाजार लगातार बढ़ रहा है। इस साल महंगी कारों की मांग से उद्योग उत्साहित है। ज्यादा अमीर (एचएनआई), युवा आबादी, खर्च योग्य कमाई बढ़ने व स्थिर आर्थिक वृद्धि के साथ यात्रा करने वाले लोगों की बढ़ती संख्या इस वृद्धि को बढ़ावा दे रही है। ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा, कंपनी 2023 की पहली छमाही में 3,474 गाड़ियां बेच चुकी है। यह 97 फीसदी वृद्धि है। इस त्योहारी सीजन घरेलू यात्री कारों की बिक्री 10 लाख के पार पहुंच सकती है। उपकरण व उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को त्योहारी सीजन में बिक्री 18-20 फीसदी बढ़ने की उम्मीद है।

### जल्द शुरू हो सकता है जम्मू-कश्मीर के लिथियम-रिजर्व का ऑक्शन

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के लिथियम रिजर्व की नीलामी सरकार आने वाले हफ्तों में शुरू कर सकती है। सरकार से जुड़े एक सोर्स ने इसकी जानकारी दी है। रिपोर्ट्स में बताया गया है कि इसके नीलामी के लिए कुछ विदेशी माइनर्स से बात भी चल रही है। खान एवं खनिज (विकास एवं नियमन) संशोधन विधेयक, 2023 को हाल ही में संसद से मंजूरी मिली है, जिसके बाद नीलामी की रोडमैप तैयार करने के प्रयास तेज हैं। इलेक्ट्रिक व्हीकल्स और दूसरे इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेस की बैटरी बनाने के लिए लिथियम एक जरूरी रॉ-मटेरियल है। जम्मू कश्मीर में 59 लाख टन लिथियम भंडार की खोज के बाद भारत इसका सातवां सबसे बड़ा भंडार वाला देश बन गया है। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (स्नस्) के रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में टोटल 9.8 करोड़ टन लिथियम का भंडार है। भारत के नए भंडार के इसमें शामिल होने के बाद यह आंकड़ा बढ़कर 10.39 करोड़ टन हो गया है। बोलिविया, अर्जेंटीना, अमेरिका, चिली, ऑस्ट्रेलिया और चीन भारत से ज्यादा लिथियम का स्टॉक है, इनके पास दुनिया का 76न्न लिथियम भंडार है। अभी भारत में लिथियम का पूरी तरह इम्पोर्ट किया जाता है। मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2022-23 में 2.8 अरब डॉलर की लिथियम आयन बैटरी बाहर से खरीदी गई थी। इसमें 95 प्रतिशत केवल चीन और हॉन्ग कॉन्ग से आई थी।

### सरकार ने स्टॉक लिमिट घटाई

नई दिल्ली। सरकार ने तुअर दाल और उड़द दाल की कीमतों पर नियंत्रण और उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए स्टॉक लिमिट 31 दिसंबर तक बढ़ा दी है। स्टॉक होल्डिंग लिमिट को भी रिवाइज किया है। डिपो में बड़ी चेन रिटेल्स और थोक विक्रेताओं के पास स्टॉक की सीमा 200 मीट्रिक टन से घटाकर 50 मीट्रिक टन कर दी गई है। पहले स्टॉक लिमिट 30 अक्टूबर तक लागू थी। सरकार ने कहा कि स्टॉक लिमिट में संशोधन और टाइम पीरियड बढ़ाने का फैसला जमाखोरी को रोकने के लिए किया गया है। इससे बाजार में पर्याप्त मात्रा में दालों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी और उपभोक्ताओं को यह सस्ती कीमतों पर मिलती रहेगी। इससे पहले सरकार ने 2 जनवरी 2023 को तुअर और उड़द के लिए स्टॉक लिमिट का नोटिफिकेशन जारी किया था। इसके साथ ही इम्पोर्टर्स 30 दिन से अधिक स्टॉक नहीं रख सकते हैं। पोर्टल पर स्टॉक की जानकारी देनी होगी। उपभोक्ता मामले का विभाग स्टॉक डिस्क्लोजर पोर्टल के माध्यम से तुअर और उड़द की स्टॉक स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहा है, जिसकी राज्य सरकार के साथ साप्ताहिक आधार पर समीक्षा की जाती है। एक्सपर्ट के अनुसार तुअर की नई फसल आने के साथ ही अफ्रीकन तुअर दाल भी भारतीय बाजार में अवेलेबल हो जाएगी। इस कारण दाल के दाम 10 रुपए तक कम हो सकते हैं। यह पहला साल होगा कि त्योहारी सीजन में दाम नहीं बढ़ेंगे।

# पंद्रह दिग्गज कंपनियों में तेजी के बावजूद सेंसेक्स और निफ्टी सपाट

मुंबई। विश्व बाजार की गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व और कोटक बैंक समेत पंद्रह दिग्गज कंपनियों में साढ़े चार प्रतिशत से अधिक तक की तेजी के बावजूद इंफोसिस, एसबीआई, रिलायंस और टाटा मोटर्स समेत 15 अन्य कंपनियों में करीब डेढ़ प्रतिशत तक की गिरावट से आज सेंसेक्स और निफ्टी मामूली बढ़त के साथ सपाट रहे।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 14.54 अंक बढ़कर 66023.69 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी मामूली बढ़त के साथ 19674.55 अंक पर सपाट बंद हुआ। वहीं, बीएसई का मिडकैप 0.46 प्रतिशत उछलकर 32,094.28 अंक और स्मॉलकैप 0.12 प्रतिशत बढ़कर 37,101.25 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3946 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1872 में लिवाली जबकि 1904 में बिकवाली हुई वहीं 170 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 24 कंपनियों में तेजी जबकि 25 में गिरावट रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई के नौ समूहों में लिवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.23, सीडी 0.09, एफएमसीजी 0.12, वित्तीय सेवाएं 0.46, हेल्थकेयर 0.13, बैंकिंग 0.29, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.43, धातु 0.11 और रियल्टी समूह के शेयर 1.56 प्रतिशत चढ़ गए।



अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.50, जर्मनी का डैक्स 0.64, हांगकांग का हैंगसेंग 1.82 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.54 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि जापान के निक्केई में 0.85 प्रतिशत की तेजी रही।


कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 74 अंक चढ़कर 66,082.99 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 65,764.03 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से दोपहर बाद यह 66,225.63 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद फिर बिकवाली का दबाव बढ़ने से अंत में यह पिछले दिवस के 66,009.15 अंक के मुकाबले 0.02 प्रतिशत बढ़कर 66,023.69 अंक पर सपाट बंद हुआ। निफ्टी चार अंक बढ़कर 19,678.20 अंक पर सपाट खुला और सत्र के दौरान 19,601.55 अंक के निचले जबकि 19,734.15 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,674.25 अंक की तुलना में मामूली बढ़त के साथ 19,674.55 अंक पर सपाट रहा।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में बजाज फाइनेंस 4.64, बजाज फिनसर्व 2.23, कोटक बैंक 1.60, एशियन पेंट 1.44, अल्ट्रासिमको 0.92, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 0.72, एनटीपीसी 0.69, आईसीआईसीआई बैंक 0.65, टाटा स्टील 0.51, मारुति 0.45, नेस्ले इंडिया 0.42, टाइटन 0.28, एचडीएफसी बैंक 0.16 और एक्सिस बैंक 0.08 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, इंफोसिस 1.42, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.17, विप्रो 1.10, टीसीएस 0.70, एसबीआई 0.67, सन फार्मा 0.67, इंडसइंड बैंक 0.65, एचसीएल टेक 0.62, रिलायंस 0.59, एलटी 0.54, टाटा मोटर्स 0.40, टेक महिंद्रा 0.38, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.24, आईटीसी 0.14, भारती एयरटेल 0.13 और पावरग्रिड ने 0.10 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## फोनपे ने लांच किया इंडस ऐपस्टोर डेवलपर प्लेटफॉर्म

नयी दिल्ली। फोनपे ने आज इंडस ऐपस्टोर डेवलपर प्लेटफॉर्म लॉन्च करने की घोषणा करते हुये कहा कि इंडस ऐपस्टोर सभी एंड्रॉइड ऐप डेवलपर्स को स्व-सेवा डेवलपर प्लेटफॉर्म का उपयोग करके अपने ऐप को पंजीकृत करने और अपलोड करने के लिए आमंत्रित करता है।




कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इन ऐप को जल्द ही लॉन्च होने वाले 'मेड-इन-इंडिया' इंडस ऐपस्टोर पर सूचीबद्ध किया जाएगा, जो 12 भाषाओं में स्थानीय अनुभव प्रदान करेगा, जो पूरी तरह से भारतीय ग्राहकों के लिए अनुकूलित है। पहले साल में, इंडस ऐपस्टोर डेवलपर प्लेटफॉर्म पर ऐप लिस्टिंग मुफ्त होगी। इसके बाद नाममात्र वार्षिक शुल्क लागू होगा। इंडस ऐपस्टोर इन-ऐप पेमेंट के लिए डेवलपर से कोई प्लेटफ़ॉर्म शुल्क या कमीशन नहीं लेगा। डेवलपर किसी भी पेमेंट गेटवे को अपने ऐप में एकीकृत कर सकते हैं। इंडस ऐपस्टोर के सीपीओ एवं सह संस्थापक आकाश डोंगरे ने लॉन्च पर बात करते हुए कहा, भारत 2026 तक एक अरब से अधिक स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं के लिए तैयार है, जो हमारे लिए एक आधुनिक, स्थानीयकृत एंड्रॉइड ऐप स्टोर बनाने का एक बड़ा अवसर प्रदान करेगा। इतना बड़ा उपभोक्ता बाज़ार होने के बावजूद, ऐप डेवलपर्स को अपने ऐप वितरित करने के लिए हमेशा केवल एक ऐप स्टोर गूगल ऐप स्टोर के साथ काम करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। इंडस ऐपस्टोर को उम्मीद है कि वह ऐप डेवलपरों को गूगल प्लेस्टोर का एक विश्वसनीय विकल्प प्रदान करेगा - जो अधिक स्थानीयकृत है और बेहतर ऐप खोज और उपभोक्ता जुड़ाव प्रदान करता है। हम आज इंडस ऐपस्टोर डेवलपर प्लेटफ़ॉर्म लॉन्च करने के लिए उत्साहित हैं, और सभी डेवलपर्स को मेड इन इंडिया ऐपस्टोर पर अपने ऐप सूचीबद्ध करने के लिए आमंत्रित करते हैं। इंडस ऐपस्टोर डेवलपरों को भारतीय एंड्रॉइड बाजार में प्रवेश करने के लिए एक वैकल्पिक वितरण चैनल प्रदान करेगा। यह उन्हें बहुभाषी ऐप खोज के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाले उपयोगकर्ता अधिग्रहण में भी सहायता करेगा। स्टार्टअप और नए ऐप लॉन्च के लिए इंडस ऐपस्टोर के पास एक समर्पित गंतव्य 'लॉन्च पैड' होगा जो इन नए ऐप को बेहतर दृश्यता के साथ-साथ सर्वोत्तम खोज परिणाम भी देगा। यह अधिकांश एंड्रॉइड डेवलपरों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए कई डेवलपर टूल और सुविधाएं भी प्रदान करेगा, जिसमें भारत में एक समर्पित 24 घंटे की ग्राहक सहायता टीम, डेवलपर के लिए अंग्रेजी के अलावा 12 भारतीय भाषाओं में अपने ऐप को सूचीबद्ध करने का विकल्प और शामिल है। वीडियो के माध्यम से ब्रांड जागरूकता बढ़ाने की क्षमता भी होगी।

## 81 प्रतिशत उपभोक्ता ऑनलाइन त्योहारी खरीद की तैयारी में

नयी दिल्ली। त्योहारी सीजन में खरीददारी की तैयारी कर रहे लोगों में से अधिकांश से ऑनलाइन खरीददारी करने की इच्छा व्यक्त की है। नील्सन मीडिया इंडिया द्वारा किए गए एक अध्ययन के मुताबिक पूरे भारत में उपभोक्ता इस साल त्योहारी सीजन के दौरान ऑनलाइन खरीदारी करने के लिए पहले से कहीं अधिक उत्साहित और उत्सुक हैं। 78 प्रतिशत ग्राहकों ने कहा कि उन्हें ऑनलाइन शॉपिंग पर भरोसा है, वहीं हर 2 में से 1 ग्राहक पिछले साल की तुलना में इस त्योहारी अवधि में ज्यादा ऑनलाइन खर्च करने का इरादा रखते हैं। इसके साथ ही ग्राहक बड़े संग्रह, प्रतिस्पर्धी कीमतों, आसानी से रिटर्न और एक्सचेंज करने की सुविधा के साथ बेहतर ऑनलाइन शॉपिंग अनुभव की उम्मीद कर रहे हैं।

इस रिपोर्ट में ऑनलाइन मार्केटप्लेस अमेजन इंडिया के कंज्यूमर बिजनेस के कंट्री प्रबंधक मनीष तिवारी ने कहा, त्योहार का सीजन पूरे भारत में उपभोक्ताओं और विक्रेताओं के लिए पसंदीदा समय होता है। हमें यह जानकर प्रेरणा मिली है कि इस वर्ष उपभोक्ता सबसे अधिक उत्साहित हैं और अधिक खर्च करने और ऑनलाइन खरीदारी करने के इच्छुक हैं।

एक मार्केटप्लेस के रूप में, हम अपने विक्रेताओं और ग्राहकों के लिए उत्साहित हैं, और इस बात को लेकर आश्वस्त हैं कि अमेजन ग्रेट इंडिया फेस्टिवल 2023 पूरे भारत में उपभोक्ताओं के लिए एक निर्बाध खरीदारी अनुभव, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों और उत्पादों का संग्रह और सुविधाएं पेश करेगा।

## इंद्रजाल ने सिग्मा एडवांस्ड सिस्टम्स के साथ की साझेदारी

हैदराबाद। हैदराबाद स्थित दुनिया की एकमात्र स्वायत्त व्यापक क्षेत्र एंटी-ड्रोन/काउंटर-मानवरहित विमान समाधान फर्म इंद्रजाल ने सोमवार को हैदराबाद से बाहर अग्रणी रक्षा प्रौद्योगिकी निर्माता सिग्मा एडवांस्ड सिस्टम्स (एसएएस) के साथ विनिर्माण साझेदारी की घोषणा की।

कंपनी ने यहां एक विज्ञप्ति में कहा कि सिग्मा एडवांस्ड सिस्टम्स के साथ जुड़कर इंद्रजाल ने भारत में एंटी-ड्रोन रक्षा प्रणालियों के स्वदेशी विनिर्माण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

इंद्रजाल ड्रोन खतरों के सभी वर्गीकरणों का मुकाबला करने, रक्षा, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक सुरक्षा सहित कई उद्योगों को व्यापक समाधान प्रदान करने में रक्षा प्रौद्योगिकी में अपनी अभूतपूर्व प्रगति के लिए प्रसिद्ध है। सहयोग के तहत सिग्मा इंद्रजाल के अत्याधुनिक ड्रोन काउंटर उपायों के लिए महत्वपूर्ण हार्डवेयर सिस्टम के स्वदेशी निर्माण के लिए जिम्मेदार होगा।

साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए इंद्रजाल के सह-संस्थापक किरण राजू ने कहा,हम सिग्मा के साथ इस यात्रा को शुरू करने के लिए रोमांचित हैं जो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रक्षा तथा एयरोस्पेस उद्योग के लिए विश्व स्तरीय उत्पाद एवं सेवाएं प्रदान करता है। यह साझेदारी भारत के सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने के प्रति हमारे समर्पण को मजबूत करती है।

एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार 2023-2027 तक 24.41 प्रतिशत की मजबूत वार्षिक वृद्धि दर से प्रेरित होकर, वैश्विक एंटी-ड्रोन 2023 तक 1.47 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2027 तक 3.8 अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है।

सिग्मा एडवांस्ड सिस्टम्स के संस्थापक दामोदर रेड्डी ने कहा, इंद्रजाल के साथ यह साझेदारी आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया पहल में हमारे समर्थन को बहाल करती है।

### एपल आईफोन का प्रोडक्शन अस्थायी रूप से रुका

नई दिल्ली। भारत में एपल के आईफोन बनाने वाली कंपनी पेगाट्रॉन कॉर्प की चेन्नई स्थित फैक्ट्री में अस्थाई रूप से प्रोडक्शन रोक दिया गया है। न्यूज एजेंसी रायटर्स के अनुसार, फैक्ट्री में रविवार शाम को आग लग गई थी। इस वजह से पेगाट्रॉन कॉर्प को 2 शिफ्ट का काम बंद करना पड़ा और तीसरी शिफ्ट की स्थिति के बारे में अभी तक असेंबली कर्मचारियों को सूचित नहीं किया है। रविवार को होने के चलते फैक्ट्री में काम नहीं चल रहा था, इस कारण घटना के वक्त किसी के हताहत या घायल होने की कोई सूचना नहीं मिली है। इसके अलावा, आग लगने से हुए नुकसान की पता नहीं चला है। ऐपल और पेगाट्रॉन की ओर से फिलहाल घटना को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई है। रिसर्च फर्म काउंटरप्वाइंट के अनुसार, पेगाट्रॉन हर साल भारत में ऐपल के कुल आईफोन प्रोडक्शन का 10 प्रतिशत प्रोड्यूस करती है।

## टाटा मोटर्स की हाइड्रोजन फ्यूल सेल बस

नयी दिल्ली। वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली भारत की सबसे बड़ी कंपनी टाटा मोटर्स ने आज देश की सबसे बड़ी पेट्रोलियम कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) को अपने तरह की पहली हाइड्रोजन फ्यूल सेल पावर्ड (एफसीईवी) बसों की आपूर्ति की।




कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि इस प्रकार टाटा मोटर्स ने भारत को यातायात के ज्यादा स्मार्ट और पर्यावरण के अनुकूल समाधानों से आगे बढ़ाने के लिये अपनी प्रतिबद्धता की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। पूरी तरह से डीकार्बनाइज़्ड परिवहन के नये युग की घोषणा कर रहीं दो बसों को पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्यमंत्री रामेश्वर तेली, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव पंकज जैन, आईओसीएल के अध्यक्ष एस एम वैद्य, आईओसीएल के कार्यकारी निदेशक डॉ. उमिश श्रीवास्तव और टाटा मोटर्स के अध्यक्ष एवं मुख्य टेक्नोलॉजी अधिकारी राजेन्द्र पेटकर ने हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर टाटा मोटर्स के कार्यकारी निदेशक गिरीश वाघ ने कहा,यह सरकार की प्रगतिशील नीतियों, भविष्य के लिये तैयार रहने पर आईओसीएल के केन्द्रित होने और शोध एवं विकास में टाटा मोटर्स के कौशल का नतीजा है। इन सभी बातों ने भारत में शुद्ध (प्रदूषण-रहित) यातायात के साझा विचार में योगदान दिया है।

आईओसीएल को एफसीईवी बसों की आपूर्ति इस यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है और हम अपने भागीदारों के भरोसे एवं सहयोग के लिये आभारी हैं। टाटा मोटर्स में हम हमेशा राष्ट्र-निर्माण को प्राथमिकता देते हैं और देश में स्थायित्वपूर्ण, संपर्करत तथा अधिक सुरक्षित यातायात के व्यापक वैश्विक चलन का नेतृत्व कर रहे हैं। आज इन बसों की आपूर्ति अंतर्शहरी सार्वजनिक परिवहन में एक नये युग की घोषणा करती है और स्थायित्वपूर्ण यातायात की आकांक्षा पूरी करने की दिशा में एक अन्य कदम है। नये जमाने की टेक्नोलॉजीज को विकसित कर उन्हें अपनाने के लिये सक्रिय कार्यवाहियों के साथ हम कार्गो तथा लोगों के लिये भविष्य के लिये तैयार परिवहन समाधान बना रहे हैं, ताकि भारत में यातायात की भविष्य की आवश्यकताओं को आज ही पूरा किया जा सके।

जून 2021 में, टाटा मोटर्स को 15 एफसीईवी बसों के लिये आईओसीएल की निविदा मिली थी, जो भारत में हाइड्रोजन पर आधारित पीईएम फ्यूल-सेल टेक्नोलॉजी की क्षमता का मूल्यांकन करने के लिये थी।

इन बसों का मूल्यांकन अंतर्शहरी तथा अंतःशहरी यात्रा के लिये सार्वजनिक परिवहन के संभावित समाधानों के तौर पर होना है।

## जेके टायर यूपी में विस्तार के लिए तैयार

लखनऊ। देश के प्रमुख टायर निर्माता जेके टायर एण्ड इंडस्ट्रीज़ ने अगले वित्तीय वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश में अपनी मौजूदगी के विस्तार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का ऐलान किया है।

JKTYRE & INDUSTRIES LTD.

राज्य में कंपनी की योजनाओं के बारे में बात करते हुए जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड के प्रेसीडेंट अनुज कथूरिया ने कहा, उत्तर प्रदेश हमारे लिए महत्वपूर्ण बाज़ार है, जहां हर सेगमेन्ट में उपभोक्ताओं की बदलती ज़रूरतों के साथ विकास की अपार संभावनाएं हैं। हम क्षेत्र में बाज़ार की बदलती ज़रूरतों के अनुसार आधुनिक प्रोडक्ट्स लाकर राज्य में अपनी मौजूदगी को सशक्त बनाने के लिए प्रयासरत हैं। हम क्षेत्र के आर्थिक, बुनियादी विकास के मद्देनज़र प्रगति को बढ़ावा देने के लिए तत्पर हैं ताकि समुदाय और हमारे कारोबार दोनों को लाभ हो।

उन्होने कहा कि प्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर के तीव्र विकास एवं उच्च-निवेश की परियोजनाओं के चलते टायर उद्योग के लिए ढेरों संभवनाएं हैं। उत्तर प्रदेश राज्य में विभिन्न सेगमेन्ट्स के वाहनों की संख्या सबसे अधिक है, राज्य कमर्शियल वाहनों एवं पैसेंजर कारों की दृष्टि से दूसरे स्थान पर है। 450 से अधिक प्रोडक्ट्स के साथ कंपनी राज्य के उपभोक्ताओं की ज़रूरतों को पूरा करने में सक्षम रही है। क्षेत्र में लगातार विकसित होते सीवी सेगमेन्ट के लिए टीबीआर टायर में अग्रणी जेके टायर आज के उपभोक्ताओं की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए उच्च गुणवत्ता के आधुनिक समाधान लेकर आती है।

कंपनी ने पीसीआर मार्केट में अपनी तरह के पहले 80 फीसदी ग्रीन टायर 'यूएक्स ग्रीन' के विकास की घोषणा की है। इसकी विभिन्न मैनुफैक्चरिंग युनिट्स में उपयोग होने वाली 58 फीसदी उर्जा नवीकरणीय स्त्रोतों से आती है। कंपनी ने 2030 तक कार्बन उत्सर्जन को 50 फीसदी कम करने और 2050 तक कार्बन न्यूट्रल बनने का लक्ष्य तय किया है।

श्री कथूरिया ने कहा कि अपनी एक्सएफ (एक्स्ट्रा-फ्यूल-एफिशिएन्ट) सीरीज़ के तहत कंपनी ने हाल ही में दो नए टायर जैटवे जेयूएच एक्सएफ और जैटस्टील जेडीई एक्सएफ का लॉन्च किया है। नेक्स्ट-जनरेशन कम्पाउन्ड से बने अल्ट्रा-लो रोलिंग रेज़िस्टेन्स कोएफिशिएन्ट पर आधारित ये उर्जा प्रभावी एक्सएफ रेंज उर्जा दक्षता में 10 फीसदी तक सुधार लाती है। पैसेंजर कार कैटेगरी में जेके टायर, टायरों की एक्सक्लुज़िव एवं इनोवेटिव रेंज लेकर आती है जिसमें एसयूवी के लिए रेंजर सीरीज़, लक्ज़री कारों के लिए लेविटास अल्ट्रा रेंज, पंक्चर गार्ड टायर्स और स्मार्ट टायर शामिल हैं। कंपनी लगातार विकसित हुई है और कार, ट्रक, एलसीवी एवं पैसेंजर कारों सहित सभी श्रेणियों में ईवी-विशिष्ट स्मार्ट रेडियल टायरों की सम्पूर्ण रेंज के साथ तैयार है।

जेके टायर अपने प्रगतिशील एवं एक्सक्लुज़िव प्रोडक्ट्स के साथ-साथ तीव्र टर्नअराउण्ड टाईम में उत्कृष्ट आफ्टर सेल्स सेवाएं उपलब्ध कराती है। जिसके चलते कंपनी राज्य में मौजूद अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम हुई हैं। ब्राण्ड अपने 100 ब्राण्ड शॉप्स- जेके स्टील व्हील, जेके ट्रक व्हील्स और जेके एक्सप्रेस व्हील्स के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से उपभोक्ताओं को सेवाएं प्रदान करना जारी रखे हुए है।

### पायलटों और अकासा एयर के बीच रोजगार समझौते में हस्तक्षेप नहीं करेंगे

नई दिल्ली। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया है कि नियामक पायलटों और 'अकासा एयर' के बीच रोजगार समझौते में हस्तक्षेप नहीं कर सकता। आकासा एयर ने नोटिस अवधि पूरी किए बिना इस्तीफा देने वाले पायलटों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। डीजीसीए ने कहा कि यह संबंधित पक्षों के हित में होगा कि याचिकाकर्ता कंपनी 'अकासा एयर' उड़ान संचालन को बनाए रखने के लिए आवश्यक संख्या में पायलट नहीं होने पर सीमित संचालन बनाए रखने संबंधी डीजीसीए के आदेश का अनुपालन करे। डीजीसीए ने नई विमानन कंपनी 'अकासा एयर' की एक याचिका के जवाब में अपनी लिखित दलीलें दायर कीं। अकासा एयर की याचिका में कहा गया है कि अनिवार्य नोटिस अवधि पूरी किए बिना अचानक 43 पायलटों के इस्तीफा देने से कंपनी संकट की स्थिति में है। न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा ने 19 सितंबर को कंपनी की याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था और पक्षों से अपनी लिखित दलीलें दाखिल करने को कहा था। कंपनी और उसके सीईओ विनय दुबे ने 14 सितंबर को उच्च न्यायालय में

## पराग दुग्ध संघ झांसी मंडल का घाटा तीन महीने ने 13 लाख से घटकर हुआ 04 लाख

झांसी। उत्तर प्रदेश में जहां एक ओर विभिन्न दुग्ध संघों के बढ़ते घाटे से परेशान सरकार को इनको प्राइवेट कंपनियों को लीज़ पर देने का फैसला करना पड़ा है वहीं दूसरी ओर पराग दुग्ध संघ के झांसी मंडल का घाटा पिछले तीन माह में 13 लाख से घटकर चार लाख पर आ गया है। पराग दुग्ध संघ झांसी मंडल के सभापति प्रदीप सरावगी ने सोमवार को 'यूनीवार्ता' से खास बातचीत में इस अभूतपूर्व सफलता की कहानी के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि जब उन्हें 19 मई 2023 को झांसी दुग्ध संघ का सभापति निर्वाचित किया गया तो उस समय उन्हें एहसास नहीं था कि इस दुग्ध संघ में इतनी अधिक गड़बड़ियां हैं। उन्होंने प्रदेश विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह की मौजूदगी में पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने बारीकी से दुग्ध संघ की कार्यप्रणाली को समझना शुरू किया। श्री सरावगी ने बताया कि इस पूरे तंत्र को देखने और इसकी कार्यशैली को समझने के बाद उन्होंने सिस्टमगत खामियों पर काम करना शुरू किया। उन्होंने सिस्टम में व्याप्त भ्रष्टाचार पर प्रभावी तरीके से लगाम लगायी और कर्मचारियों की लापरवाह कार्यशैली में बदलाव के




लिए काम किया साथ ही और भी तमाम तरह की खामियों पर लगाम लगाने का काम शुरू किया। सरावगी ने बताया कि इन सभी सुधारों ने धीरे धीरे रंग दिखाना शुरू किया और संघ के विशालकाय घाटे में कमी दिखायी देने लगी। इन सकारात्मक परिणामों से उनका विश्वास और मजबूत हुआ और उन्होंने सुधारों को अगले स्तर तक बढ़ा दिया। लगातार सुधार करने ,कर्मचारियों की कार्यशैली पर सतत नजर बनाये रखने से परिणाम की दर काफी तेज हो गयी और 19 मई को उनके पदभारग्रहण करने के दौरान जो घाटा 12.97 लाख था वह 23 अगस्त तक घटकर मात्र 04.03 लाख रह गया। सरावगी ने बताया कि घाटे पर लगाम कसने की यह उपलब्धि इसलिए भी बेहद महत्वपूर्ण है कि इस दौरान दुग्ध संघ से होने वाले दूध की खरीद या बिक्री में कोई इजाफा नहीं हुआ और न ही सरकार की ओर से संघ को किसी तरह का अनुदान दिया गया।

## शार्ट न्यूज

### हॉकी : सब जूनियर में झारखंड, बिहार का जलवा

रांची। झारखंड में पहली हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष और महिला ईस्ट जोन चैंपियनशिप 2023 के दूसरे दिन सोमवार को हॉकी झारखंड, हॉकी बिहार और हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने सब जूनियर महिला वर्ग में अपने-अपने मैच जीते जबकि सब जूनियर पुरुष वर्ग में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा और मणिपुर हॉकी विजयी रहे। दिन के पहले गेम में सब जूनियर महिला वर्ग के पूल ए में हॉकी झारखंड ने मणिपुर हॉकी को 9-0 से हराया। हॉकी झारखंड के लिए गोल स्कोरर हेमरोम लियोनी (1, 15, 32), मुंडू सुकरमानी (13, 39), आइंद नेहा (37, 47), मुंदरी सरोज (6) और जोजो जुबलियानी ( 43) ने किये। पूल ए के दूसरे मैच में हॉकी बिहार ने हॉकी बंगाल को 4-0 से हराया। सिंह सपना (16) ने हॉकी बिहार के लिए खाता खोला, इसके बाद बिजली कुमारी (27), कुमारी अंजलि (41) और आकांशा यादव (47) ने गोल किये। हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने सब जूनियर महिला वर्ग के तीसरे मैच में पूल ए में असम हॉकी को 23-0 के विशाल अंतर से हराया। कैप्टन नेहारिका टोप्पो (3), अंजना ज़ाक्सा (2, 4, 4, 50), किरो संजना (10, 47, 54), तनीषा एक्का (11, 30, 36, 38 ), द्रुपति नाइक (17, 19, 60, 60), कुजूर संजना (25, 37, 44), सदाम आशिका (30), सुप्रिया (38, 47), और पटेल हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा के लिए प्रज्ञा (43) ने स्कोर किया। दिन के चौथे मैच में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने जूनियर पुरुष वर्ग के पूल ए में असम हॉकी को 18-0 से हराया।

### बंगलादेश ने पाकिस्तान को पांच विकेट हराकर कांस्य पदक जीता

हांगझोउ । चीन में चल रहे एशियाई खेलों के 19वें संस्करण में सोमवार सुबह पाकिस्तान और बंगलादेश की महिला क्रिकेट टी-20 के बीच तीसरे स्थान (कांस्य पदक) के लिए हुए मुकाबले में बंगलादेश ने पाकिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया है। बंगालदेश ने टॉस जीत कर क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने सिर्फ 18 रन पर 4 विकेट खो दिए। सातवें नंबर बल्लेबाजी करने आयी अलिया रियाज ने सर्वाधिक 17 रन बनाए। टीम की सात खिलाड़ी दहाई के आंकड़ा भी नहीं हासिल कर पाये। कप्तान निदा डार ने 14 रन बनाए। बंगलादेश की ओर से लेग स्पिनर शोरना अख्तर ने चार ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट लिए। पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 64 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगलादेश टीम को ओपनर शमिमा सुल्माना और साथी रानी ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों ने 13-13 रन बनाए और पहले विकेट के लिए 27 रन जोड़े। हालांकि एक समय बंगलादेश का स्कोर तीन विकेट पर 34 रन हो गया। इसके बाद शोरना अख्तर ने 33 गेंद पर नाबाद 14 रन बनाकर टीम की जीत सुनिश्चति कर दी। पाकिस्तान की ओर से बाएं हाथ के स्पिनर नासरा संधू ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 10 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

### तृतीय नेशनल फिजिकल डिसअबिलिटी क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 28 सितम्बर से

उदयपुर। मानव सेवा में 39 वर्षों से कार्यरत नारायण सेवा संस्थान, राजस्थान रॉयल्स एवं डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट कौंसिल (डीसीसीआई) के तत्वावधान में थर्ड नेशनल फिजिकल डिसअबिलिटी टी-20 क्रिकेट चैंपियनशिप-2023 का आयोजन 28 सितम्बर से झीलों की नगरी उदयपुर में आयोजित होगी। नारायण सेवा संस्थान के निदेशक एवं ट्रस्टी देवेंद्र चौबीसा ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि 28 सितम्बर से आठ अक्टूम्बर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में 24 राज्यों के 400 दिव्यांग क्रिकेटर्स और 100 से अधिक खेल अधिकारी हिस्सा लेंगे। उदयपुर शहर के 4 ग्राउंड में 63 मैच खेले जाएंगे। सभी मैच 20-20 ओवर के होंगे। उन्होंने बताया कि संस्थान ने वर्ष 2017 से दिव्यांग खेलों के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने लगा है। संस्थान दो नेशनल पैरा स्वीमिंग, एक नेशनल ब्लाइंड क्रिकेट और एक नेशनल व्हीलचेयर क्रिकेट चैंपियनशिप का सफलता पूर्वक आयोजन कर चूका है। व्हीलचेयर क्रिकेट चैंपियनशिप का आयोजन गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ है।

### गेंदबाजों की दरियादिली चिंता का विषय

इंदौर। पांच अक्टूबर को शुरू होने से क्रिकेट विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाज़ों का लचर प्रदर्शन टीम प्रबंधन के लिये चिंता का सबब बना हुआ है। हाल में संपन्न दक्षिण अफ्रीका सीरीज और भारत के खिलाफ पिछले दो मैचों में आस्ट्रेलिया गेंदबाजों का प्रदर्शन औसत रहा है। रविवार को इंदौर में भारतीय बल्लेबाज़ों ने उनकी जमकर पिटाई की और ऑस्ट्रेलिया को लगातार पांचवीं बार वनडे में हार का सामना करना पड़ा। टॉस हारकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए भारत ने पांच विकेट पर 399 रनों का पहाड़ खड़ा कर दिया। इससे पहले साउथ अफ्रीका ने लगातार वनडे मैचों में 416, 338 और 315 के स्कोर बनाए थे। इन चार मैचों में से तीन में खेले शॉन ऐबट ने भारत के ख़िलाफ़ दूसरे वनडे में 10 ओवर में 91 रन ख़र्च किए थे। ऐबट ने कहा, हमने एग्ज़िक्यूशन में लगातार ग़लतियां की हैं। यह कहना आसान है कि हम ऐसी हार से सीखेंगे और ख़ुद को बेहतर बनाएंगे, लेकिन हमें एक्ज़िक्युट बेहतर करना ही होगा। हमने साउथ अफ़्रीका में और आज भी, जब भी चूक की, तब हमें बड़ी मार पड़ी। ऑस्ट्रेलिया के बचाव में कहा जा सकता है कि इन मैचों में एक बार भी उनकी पहली पसंद के गेंदबाज़ साथ नहीं खेले हैं।

### ईरान में 28 संदिग्ध आतंकवादी गिरफ्तार

तेहरान। ईरान की खुफिया विभाग ने राजधानी में कई भीड़भाड़ वाले स्थानों को निशाना बनाने वाली आतंकवादी साजिश को नाकाम कर दिया है और इस सिलसिले में 28 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। ईरान के खुफिया मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित बयान में कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा को बाधित करने, लोगों के बीच भय पैदा करने और पिछले शरद ऋतु के दंगों की बरसी पर अशांति फैलाने के उद्देश्य से एक साथ 30 जगहों पर विस्फोट की योजना बनाई गई थी। बयान में कहा गया, खुफिया बलों ने तेहरान, अल्बोर्ज़ और पश्चिम अजरबैजान प्रांतों में आतंकवादियों के ठिकानों पर हमला किया और आतंकवादी नेटवर्क के सभी सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। बयान में कहा गया है कि गिरफ्तार किए गए लोग इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़े थे और उनमें से कुछ का सीरिया के 'तकफ़ीरी आतंकवादियों' से संपर्क था या अफगानिस्तान, पाकिस्तान और इराकी कुर्दिस्तान क्षेत्र की ओर यात्रा रिकॉर्ड है। इस दौरान बड़ी मात्रा में विस्फोटक, बम, उन्हें बनाने की सामग्री, आत्मघाती जैकेट और विदेशी मुद्रा बरामद किए गए हैं। मंत्रालय ने कहा कि अभियान के दौरान दो खुफिया कर्मी घायल हो गए।

### तुर्किये में 72 संदिग्ध तस्कर गिरफ्तार

अंकारा। तुर्किये के सुरक्षा बलों ने सात प्रांतों में मादक पदार्थ विरोधी अभियानों में कम से कम 72 संदिग्ध तस्करों को हिरासत में लिया है। यह जानकारी तुर्किये के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने रविवार को दी। उन्होंने कहा कि यह अभियान एग्री, मुगला, दियारबाकिर, तेकिरदाग, साकार्या, आयडिन और बिंगोल प्रांतों में चलाए गए। इस दौरान सकरिया में 9.5 किलोग्राम भांग और 0.5 किलोग्राम वजन वाले विभिन्न नशीले पदार्थ जब्त किए गए। वहीं बिंगोल में 13 किलोग्राम भांग और आयडिन में लगभग 2.2 किलोग्राम भांग और 1.6 किलोग्राम मेथामफेटामाइन जब्त किया गया। इसके अलावा तेकिरदाग में लगभग 15,680 नशीली गोलियां, दियारबाकिर में 80 किलोग्राम पाउडर वाली भांग, 834,000 भांग के पौधे आदि और मुगला और एग्री में क्रमशः 2 किलोग्राम और 25 किलोग्राम तरल मेथामफेटामाइन जब्त किए गए। उन्होंने कहा, हम मादक पदार्थों के तस्करों को कोई राहत नहीं देंगे। हम उन्हें पकड़ने और उन्हें न्याय के कटघरे में पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम उन्हें अपने भविष्य, युवाओं और समाज में जहर घोलने की इजाजत नहीं देंगे।

# रोइंग में भारत ने पांच पदक जीते



हांगझोउ। भारतीय मेंस कॉक्सलेस फोर और क्वाड्रपल स्कल्स रोइंग टीम ने सोमवार को हांगझोऊ में एशियन गेम्स 2023 में अपने-अपने इवेंट में कांस्य पदक जीते।

फुयांग वॉटर स्पोर्ट्स सेंटर में दो पोडियम फिनिश के साथ भारतीय रोवर्स ने एशियाई खेल 2023 में रोइंग में पांच पदक (दो रजत और तीन कांस्य) के साथ अपने अभियान को समाप्त किया। इससे पहले रविवार को ओलंपियन अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह की भारतीय मेंस लाइटवेट डबल स्कल्स टीम और मेंस 8 टीम ने रजत पदक जीते थे, जबकि मेंस पेयर्स टीम ने कांस्य पदक जीता था।

आशीष, भीम सिंह, जसविंदर सिंह और पुनीत कुमार की पुरुषों की कॉक्सलेस फोर टीम ने फाइनल-ए में 6: 10.81 का समय दर्ज करते हुए कांस्य पदक जीता। ये चारों रोवर्स रजत पदक विजेता मेंस 8 टीम का भी हिस्सा थे। मेंस 8 टीम रेस के पहले भाग में पदक हासिल करने से बाहर हो गई थी, लेकिन दूसरे भाग में जापान को पीछे छोड़ते हुए अंतिम पोडियम स्थान हासिल कर लिया। उज्बेकिस्तान 6:04.96 के साथ विजेता रहा, जबकि चीन ने 6: 10.04 के साथ रजत पदक हासिल किया। पदक की दौड़ में सीधे प्रवेश पाने के लिए भारतीय मेंस 4 टीम ने पहले हीट-1 में शीर्ष स्थान हासिल किया था। भारत का दिन का दूसरा पदक पुरुष क्वाड्रपल स्कल्स टीम ने हासिल किया। परमिंदर सिंह, सतनाम सिंह, जकार खान और सुखमीत सिंह ने 6:08.61 समय के साथ अपना कोर्स पूरा किया और चीन (6:02.65) और उज्बेकिस्तान (6:04.64) से पीछे रहते हुए कांस्य पदक हासिल किया।

पुरुष एकल स्कल्स में भारत के बलराज पंवार मामूली अंतर से पदक से चूक गए। अच्छी शुरुआत करने के बावजूद, अंतिम चरण में पंवार हार गए और 7:08.79 के समय के साथ चौथे स्थान पर रहे। चीन के झांग लियांग ने स्वर्ण पदक जीता जबकि जापान की रयुता अराकावा और हांगकांग, चीन की चिउ हिन चुन ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता।

गौरतलब है कि भारत ने 2018 जकार्ता खेलों में तीन पदक (एक स्वर्ण और दो कांस्य) जीते थे।

## शांतो होंगे बांग्लादेश के कप्तान

ढाका। न्यूज़ीलैंड के खिलाफ मंगलवार को तीसरे एक दिवसीय मैच में नाजमुल हुसैन शांतो बांग्लादेश के कप्तान होंगे।

मेज़बान टीम ने पहले दो वनडे मैच में कई विश्व कप दल के खिलाड़ियों को आराम दिया था और आख़िरी मुक़ाबले के लिए उन्होंने कई परिवर्तन भी किए हैं। पहले दो मैचों में आराम कर रहे अधिकतर खिलाड़ियों को वापस बुलाया गया है, जबकि अस्थायी कप्तान लिटन दास, तमीम इक़बाल और मुस्तफ़िज़ुर रहमान को आराम दिया गया है।

शांतो के अलावा स्क्वॉड में मुशफ़िकुर रहीम, मेहदी हसन मिराज़, तस्कीन अहमद और शोरिफुल इस्लाम की भी वापसी हुई है। सौम्य सरकार, नुरुल हसन और ख़ालिद अहमद को बाहर जाना पड़ा है। शांतो श्रीलंका और पाकिस्तान में आयोजित एशिया कप में बांग्लादेश के सर्वाधिक रन स्कोरर रहे थे लेकिन हैमस्ट्रिंग इंजरी से पीड़ित हुए थे। यह उस चोट के बाद उनका पहला मैच होगा। बाक़ी के चार खिलाड़ियों को एशिया कप के बाद, विश्व कप पर नज़र रखते हुए, विश्राम दिया गया था।

ऐसा समझा जा रहा है कि लिटन अभी भी पिछले दिनों हुए वायरल फ़ीवर के चलते थकान महसूस कर रहे हैं। तमीम भी न्यूज़ीलैंड सीरीज़ के लिए एक पीठ की चोट से उबरकर खेले थे और दूसरे मुक़ाबले के बाद माना था कि वह अब भी थोड़ा दर्द का अनुभव कर रहे हैं।

फ़िलहाल सीरीज़ में मेहमानों की 1-0 की बढ़त है। पहला मैच रद्द होने के बाद उन्होंने दूसरा मुक़ाबला आसानी से जीता था।

## भारत पाक मैच के प्रति दीवानगी में रिकार्ड बढोत्तरी

**नई दिल्ली ।** भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में खेला गया एशिया कप सुपर फोर मुकाबला विश्व कप के अलावा अब तक का सबसे ज्यादा रेटिंग वाला वनडे मैच बन गया है। एशिया कप 2023 के आधिकारिक प्रसारणकर्ता स्टार स्पोर्ट्स ने भारत में खेल देखने के लिए एक रिकॉर्ड मील का पत्थर हासिल किया है। एशिया कप के फाइनल को छोड़कर टूर्नामेंट का लाइव प्रसारण 266 मिलियन दर्शकों ने देखा जो अब तक का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला संस्करण बन गया है। स्टार स्पोर्टस के मुताबिक टूर्नामेंट को देखने का कुल समय पिछले संस्करण की तुलना में 75 फीसदी बढ़ गया है। फाइनल को छोड़कर टूर्नामेंट 73.5 बिलियन मिनट से अधिक देखा गया है। भारत और पाकिस्तान के बीच 'सुपर 4' मुकाबला विश्व कप के अलावा अब तक का सबसे अधिक रेटिंग वाला एकदिवसीय मैच था, जिसने 6.4 मिलियन से अधिक एएमए अर्जित किए। स्टार स्पोर्ट्स के प्रवक्ता ने कहा कि टूर्नामेंट में गैर-भारत मैचों के लिए लाइव मैच रेटिंग में भी 75 फीसदी की वृद्धि देखी गई। एशिया कप रिकॉर्ड दर्शकों की संख्या विश्व कप के दौरान प्रशंसकों के लिए नई ऊंचाइयों को छूने और पिछले रिकॉर्ड को चुनौती देने के लिए मंच तैयार करती है। स्टार स्पोर्ट्स ने दर्शकों को टीम इंडिया तक पर्दे के पीछे की विशेष पहुंच प्रदान करने के लिए अतिरिक्त प्रयास किए। क्रिकेट विशेषज्ञों के एक विविध पैनल ने अपनी अंतर्दृष्टि और विश्लेषण की पेशकश की, जिससे देखने के अनुभव को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया गया और प्रशंसकों को बारिश से प्रभावित मैच के दिनों में व्यस्त रखा गया।

### सुब्रतो कपः झारखंड और हरियाणा के बीच होगा खिताबी मुकाबला

**नई दिल्ली।** 62वें सुब्रतो कप जूनियर गर्ल्स इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल गत चैंपियन झारखंड और पूर्व चैंपियन हरियाणा के बीच मंगलवार को खेला जायेगा। डॉ बीआर अम्बेडकर स्टेडियम में शाम चार बजे खेले जाने वाले फाइनल का सीधा प्रसारण डीडी स्पोर्टस चैनल पर किया जायेगा। फाइनल में एयर मार्शल ऐपी सिंह पीवीएसएम, एवीएसएम, वायु सेना के उप प्रमुख मुख्य अतिथि होंगे। लाइव स्ट्रीमिंग स्पोर्ट्स-कास्ट इंडिया यूट्यूब चैनल पर होगी। गत चैंपियन सेंट पैट्रिक गुमला, झारखंड ने दूसरे सेमीफाइनल में होम मिशन स्कूल, आइजोल, मिजोरम को 2-0 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। बिनीता होरो और अल्फा कंडुलना ने गोल किया।

## हिमाचल पर्यटन विकास निगम ने होटलों के पैकेज किए घोषित

शिमला। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम विश्वकप के मैचों के दौरान धर्मशाला में क्रिकेट प्रेमियों की मेहमाननवाजी के लिए तैयार हो गया है। निगम ने मैच देखने आने वाले क्रिकेट प्रेमियों के लिए होटलों के आकर्षक पैकेज घोषित कर दिए हैं। पैकेज में दो दिन और तीन रात के ठहराव की सुविधा दी गई है। निगम की ओर से धर्मशाला में अपने होटल धौलाधार, कुनाल और भागसू के लिए यह पैकेज जारी किए हैं। क्रिकेट प्रेमियों को पैकेज का लाभ उठाने के लिए सबसे अधिक शुल्क कोतवाली बाजार स्थित होटल धौलाधार में चुकाना होगा।

पर्यटन विभाग के निदेशक अमित कश्यप ने कहा कि दुर्गा पूजा, दशहरा, क्रिसमस और नववर्ष के लिए बड़ी संख्या में सैलानियों के हिमाचल आने की उम्मीद है। आपदा के बाद परिस्थितियां तेजी से सामान्य हो रही हैं। दशहरा से पहले मनाली सड़क को ब्लैक टॉप तक डबल लेन खोलने का लक्ष्य है।

ट्रिपल आक्यूपेंसी के लिए डीलक्स रूम का 15,400 रुपये में तो डबल आक्यूपेंसी के लिए 11,310 रुपये का पैकेज है। इसी तरह डीलक्स रूम का 13,860 रुपये और 10,100 रुपये का पैकेज रहेगा। लोअर धर्मशाला स्थित होटल कुनाल में सबसे कम डीलक्स रूम के 8,760 और 12,060 रुपये और सेमी डीलक्स के 7,550 रुपये और 10,520 रुपये होंगे। मैक्लोडगंज स्थित होटल भागसू में पैकेज का लाभ उठाने के लिए क्रिकेट प्रेमियों को धौलाधार से कम लेकिन कुनाल से ज्यादा दाम चुकाने होंगे।

इस पैकेज में सुबह की चाय, नाश्ता और रात का शाकाहारी भोजन की सुविधा भी शामिल है। एचपीटीडीसी के एजीएम नवदीप थापा के अनुसार धर्मशाला में विश्व कप मैचों को लेकर प्रदेश और बाहरी राज्यों के क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह है। इसे देखते हुए निगम ने विशेष ऑफर के साथ पैकेज घोषित कर दिए हैं। निगम धर्मशाला के तीन होटलों में क्रिकेट प्रेमियों को यादगार अनुभव देने के लिए तैयार है।

वहीं, अक्टूबर से शुरू होने वाले दुर्गा पूजा पर्यटन सीजन से हिमाचल में पर्यटन कारोबार रफ्तार पकड़ेगा।

## कोरोना से 7 गुना खतरनाक महामारी आने का अनुमान

### 5 करोड़ लोगों की मौत का हो सकती है

**लंदन।** ब्रिटेन की वैक्सीन टास्कफोर्स के चीफ डेम केट बिंघम का कहना है कि अगली महामारी 5 करोड़ लोगों की जान ले सकती है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने इस एंटीसिपेटेड महामारी को डिसीज ङ्क नाम दिया है। वहीं, डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह महामारी कोविड-19 से 7 गुना ज्यादा खतरनाक साबित हो सकती है और जल्द ही फैल सकती है। यानी इसके मामले जल्द सामने आ सकते हैं। यह महामारी मौजूदा वायरस की वजह से ही फैलेगी। ऐसा इसलिए क्योंकि वायरस तेजी से म्यूटेट हो रहे हैं।

म्यूटेशन का मतलब होता है कि किसी जीव के जेनेटिक मटेरियल में बदलाव। जब कोई वायरस खुद की लाखों कॉपी बनाता है और एक इंसान से दूसरे इंसान तक या जानवर से इंसान में जाता है तो हर कॉपी अलग होती है। कॉपी में यह अंतर बढ़ता जाता है। कुछ समय बाद एक नया स्ट्रेन सामने



आता है। यह बहुत ही सामान्य प्रक्रिया है। वायरस अपना रूप बदलते रहते हैं। सीजनल इन्फ्लूएंजा तो हर साल नए रूप में सामने आता है।

#### महामारी आने से पहले ही वैक्सीन बनाने पर काम शुरू

ब्रिटेन के साइंटिस्ट्स ने डिसीज एक्स के आने से पहले ही इससे लड़ने के लिए वैक्सीन बनाना शुरू कर दिया है। इसके लिए 25 तरह के वायरस पर स्टडी की। साइंटिस्ट्स का फोकस जानवरों में पाए जाने वाले वायरस पर है। यानी वो वायरस जो जानवरों से इंसानों में फैल सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि क्लाइमेट चेंज की वजह से कई जानवर और जीव-जंतु रिहायशी इलाकों में रहने के लिए आ रहे हैं।

#### क्लाइमेट चेंज बीमारियां फैला रहा

इंसानों ने डेवलपमेंट के नाम पर जंगलों को काटकर यहां घर और इंडस्ट्रीज बना लीं। इस कारण हमारा जानवरों, मच्छरों, बैक्टीरिया, फंगस से संपर्क बढ़ गया है। दूसरी तरफ ये सभी जीव-जंतु खुद को बदलती क्लाइमेट कंडिशन्स के अनुकूल बना रहे हैं और हमारे वातावरण में ही रह रहे हैं। इनसे कई बीमारियां फैल रही हैं, जो हमारे जीवन के लिए खतरनाक हैं।

कंजर्वेशन इंटरनेशनल एनजीओ के फिजिशियन नील वोरा ने कहा- यह आने वाले समय की प्रॉब्लम नहीं है। क्लाइमेट चेंज अभी हो रहा है। लोगों पर इसका असर हो रहा है। वे मर रहे हैं। कई रिसर्च में सामने आया है कि जलवायु परिवर्तन से बीमारियां फैल रही हैं। निचली और गर्म जगहों पर रहने वाले जानवर बढ़ते तापमान को झेल नहीं पा रहे हैं इसलिए ऊंची और ठंडी जगहों की तरफ माइग्रेट हो रहे हैं। इनके साथ बीमारियां भी उन इलाकों तक पहुंच रही हैं, जहां पहले नहीं थीं। उदाहरण के जरिए इसे ऐसे समझें- साइंस न्यूज के मुताबिक, पोसम्स, ऑस्ट्रेलिया में पाया जाने वाला नेवले की तरह दिखने वाला जानवर बुरुली अल्सर नाम की बीमारी फैला रहा है। पोसम्स ऑस्ट्रेलिया के तापमान में ही रह सकता है लेकिन अगर वहां के तापमान में बदलाव होता है तो यह जीव अनुकूल परिस्थिति ढूंढने के लिए किसी और देश जा सकता है। मान लीजिए पोसम्स अनुकूल परिस्थिति की तलाश में न्यूजीलैंड पहुंच जाए और वहां रहने लगे। ऐसी स्थिति में पोसम्स से फैलने वाली बुरुली अल्सर बीमारी ऑस्ट्रेलिया के साथ न्यूजीलैंड में भी फैलने लगेगी।

## इजरायली आंदोलन ने कनाडा में नाजी वयोवृद्ध को सम्मानित करने की निंदा की

तेल अवीव। इजरायली फासीवाद-विरोधी आंदोलन ने कनाडा के संसद में एक यूक्रेनी नाजी वयोवृद्ध को सम्मानित करने की कड़ी निंदा की और आशा व्यक्त की कि देश के अधिकारी तदनुसार प्रतिक्रिया देंगे। यह जानकारी सोमवार को इजरायली फासीवाद-विरोधी आंदोलन के अध्यक्ष दिमित्री ट्रैपिरोव ने स्पूतनिक को दी। गौरतलब है कि शुक्रवार को, वयोवृद्ध 98 वर्षीय यूक्रेनी नाजी यारोस्लाव हंका, जो द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी एसएस के 14 वें वेफेन ग्रेनेडियर डिवीजन के रैंक में लड़े थे, को पूरे कनाडा की संसद ने खड़े होकर तालियां बजाकर सम्मानित किया। हुंका को यह पहचान तब मिली जब हाउस ऑफ कॉमन्स के कनाडा की संसद में स्पीकर एंथनी रोटा यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के संबोधन से पहले परिचयात्मक टिप्पणी दे रहे थे। ट्रापिरोव ने कहा कि फासीवाद विरोधी आंदोलन कनाडा में इजरायल के राजदूत को एक पत्र भेजेगा जिसमें इस प्रकार के कार्यों की अस्वीकार्यता के लिए अनुरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा,सबसे पहले हम इसकी निंदा करते हैं। पश्चिम भूल गया है कि फासीवाद और नाजीवाद क्या हैं। हमें उम्मीद है कि जैसा हमने किया है हमारे अधिकारी भी इसकी निंदा करेंगे, क्योंकि यहूदी लोग इन अपराधों को नहीं भूले हैं।

### वेनेजुएला जल्द ही ब्रिक्स का सदस्य बन सकता है, सभी सदस्यों का समर्थन

संयुक्त राष्ट्र। वेनेजुएला बहुत जल्द ब्रिक्स ब्लॉक का सदस्य बन सकता है, क्योंकि उसे रूस सहित सभी सदस्य देशों का समर्थन प्राप्त है। यह जानकारी वेनेजुएला के विदेश मंत्री यवन गिल ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के उच्च स्तरीय सप्ताह के अवसर पर स्पूतनिक को दी। गिल ने कहा,हमने जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया और हम इसके भागीदार बनकर बहुत खुश हैं। हमने 22 अन्य देशों के साथ सदस्यता के लिए आवेदन किया है। हम ब्रिक्स के विस्तार का स्वागत करते हैं, जो जनवरी में शुरू होगा, जब अध्यक्षता रूस को हस्तांतरित की जाएगी। वेनेजुएला जल्द ही ब्लॉक का आधिकारिक सदस्य बनना चाहता है। ब्राजील, रूस, चीन और दक्षिण अफ्रीका निर्णायक रूप से हमारे साथ हैं और सभी देश हमारी उम्मीदवारी का समर्थन करते हैं और हम इस दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला पहले से ही सभी ब्रिक्स आयोगों में काम कर रहा है और सदस्यों के साथ सूचनाओं का आदान-प्रदान कर रहा है।

### आस्ट्रेलिया में नए हाइड्रोजन हब के लिए की फंडिंग की घोषणा

कैनबरा 25 सितंबर (वार्ता) ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज ने दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में एक नया हाइड्रोजन हब बनाने के लिए फंडिंग की घोषणा की है। अल्बानीज और एसए के प्रधान पीटर मालिनौस्कस ने सोमवार को एडिलेड के उत्तर में 200 किमी से अधिक दूर व्हायल्ला के औद्योगिक शहर के पास पोर्ट बोनीथॉन हाइड्रोजन हब को विकसित करने के लिए संयुक्त रूप से 10 करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (6.42 करोड़ अमेरिकी डॉलर) की प्रतिबद्धता जताई। इस हब से 2030 तक सालाना 18 लाख टन हाइड्रोजन उत्पन्न होने और 13 अरब ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (8.3 अरब अमेरिकी डॉलर) तक की परियोजनाओं की मेजबानी करने की उम्मीद है। अल्बानीज ने मालिनौस्कस के साथ एक संयुक्त बयान में कहा,हम पोर्ट बोनीथॉन हाइड्रोजन हब विकसित करने के लिए काम कर रहे हैं, जो क्षेत्रीय नौकरियों का समर्थन करेगा और हमें नवीकरणीय ऊर्जा महाशक्ति बनने के करीब ले जाएगा। उन्होंने कहा,स्वच्छ ऊर्जा और डीकार्बोनाइज्ड अर्थव्यवस्थाओं की ओर वैश्विक बदलाव ऑस्ट्रेलिया के लिए एक बड़ा आर्थिक अवसर है। हम इस अवसर को समझने के लिए दृढ़ हैं और ऑस्ट्रेलिया के चारों ओर क्षेत्रीय हाइड्रोजन केंद्रों में आधा अरब डॉलर का निवेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोमवार को घोषित फंडिंग में से 70 प्रतिशत संघीय सरकार की ओर से प्रदान किया जाएगा। इस परियोजना में अतिरिक्त निजी क्षेत्र का धन भी डाला जाएगा।

## कनाडाई संसद में नाजी सैनिक का सम्मान, फिर माफी मांगी

### ट्रूडो मौजूद थे; हिटलर की सेना ने 11 लाख हत्याएं कीं, ज्यादातर यहूदी थे

**टोरंटो।** कनाडा की संसद- हाउस ऑफ कॉमन्स में पहले तो एक पूर्व नाजी सैनिक को सम्मान दिया गया, बाद में स्पीकर ने सांसदों की इस हरकत पर माफी मांगी। दरअसल, 24 सितंबर को स्पीकर एंथनी रोटा ने संसद में 98 साल के यारोस्लाव हुंका को वॉर हीरो बताया। इसके बाद मौजूदा सांसदों ने हुंका को 2 बार स्टैंडिंग ओवेशन दिया। इस दौरान कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो भी संसद में मौजूद थे।

हालांकि, आज यानी सोमवार को स्पीकर ने इस घटना पर सफाई दी। स्पीकर एंथनी रोटा ने कहा- यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की की स्पीच के बाद मैंने सेकेंड वर्ल्ड वॉर के



एक बुजुर्ग सैनिक को देखा। जिसके बाद उन्हें वॉर हीरो की तरह इंट्रोड्यूस कर दिया। बाद में जब मुझे उनसे जुड़ी जानकारी मिली तो अब मुझे अपने निर्णय पर पछतावा हो रहा है। मैं कनाडा में रह रहे यहूदी समुदाय के लोगों से माफी मांगता हूं।

दरअसल, नाजियों (एडोल्फ हिटलर की सेना) ने सेकेंड वर्ल्ड वॉर के दौरान 11 लाख से ज्यादा लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। इसमें ज्यादातर यहूदी थे।

#### जेलेंस्की यहूदी हैं, उन्होंने भी सम्मान दिया

रूस के साथ चल रही जंग में अपने देश के लिए सपोर्ट मांगने कनाडा पहुंचे यूक्रेनी प्रेसिडेंट वोलोदिमिर जेलेंस्की ने भी नाजी सैनिक यारोस्लाव हुंका को सम्मान दिया। संसद में नाम पुकारे जाने पर हुंका ने सैल्यूट किया। इसके बाद सभी सांसदों, जेलेंस्की, यूक्रेनी डेलिगेट्स ने ताली बजाकर और हाथ उठाकर उन्हें स्टैंडिंग ओवेशन दी।

### बंगलादेश में डेंगू से मरने वालों की संख्या 900 से अधिक

ढाका। बंगलादेश में इस साल अब तक डेंगू बुखार के 187,725 मामले सामने आए हैं जिनमें से 900 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार कुल 909 मौतों में सितंबर में 316, अगस्त में 342 और जुलाई में 204 मौतें शामिल हैं। अगस्त में 71,976 और जुलाई में 43,854 के बाद सितंबर में अब तक डेंगू के 63,917 मामले दर्ज किए गए। देश में स्थानीय समयानुसार रविवार को सुबह 8ः00 बजे तक पिछले 24 घंटों में 16 और मौतें और 3,008 अधिक डेंगू संक्रमण दर्ज किए गए। डीजीएचएस ने कहा कि इस साल अब तक देश में ठीक हुए मरीजों की कुल संख्या 176,346 है। जून-सितंबर की मानसून अवधि बंगलादेश में डेंगू बुखार का मौसम है, जिसे मच्छर जनित बीमारी के लिए उच्च जोखिम वाला देश माना जाता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### 'नवीनतम प्रणालीगत सुधार सहित सतर्कता प्रशासन में सर्वोत्तम कार्यप्रणाली' विषय पर एनएचपीसी द्वारा गहन विचार-मंथन सत्र का आयोजन



भारत की अग्रणी जल विद्युत कंपनी एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा दिनांक 25 सितंबर 2023 को नई दिल्ली में नवीनतम प्रणालीगत सुधार सहित सतर्कता प्रशासन में सर्वोत्तम कार्य प्रणाली विषय पर एक विचार-मंथन सत्र का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का आयोजन एनएचपीसी द्वारा एनएचपीसी के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री संतोष कुमार, आईएफएस के मार्गदर्शन में सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 के आयोजन की प्रस्तावना के रूप में किया गया था। कार्यक्रम के दौरान उन विभिन्न कार्य प्रणालियों, विचारों और नवीनतम उपायों पर चर्चा की गई जिस पर सतर्कता प्रशासन को मजबूत करने के लिए केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा ज़ोर दिया गया है। इस कार्यक्रम में विद्युत मंत्रालय के नियंत्रणाधीन 12 सीपीएसयू/संगठनों के मुख्य सतर्कता अधिकारियों/उप मुख्य सतर्कता अधिकारियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम की सराहना की और इसे अत्यधिक विचार-विमर्श पूर्ण और लाभदायक बताया।

### दिवंगत मुख्यमंत्रियों की प्रतिमाओं का अनावरण

भोपाल। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल स्थित मंत्रालय वल्लभ भवन के प्रांगण में कल दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्रियों की अर्द्धप्रतिमाओं का अनावरण कार्यक्रम होगा। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में भोपाल स्थित मध्य लॉन (विष्टा एरिया), मंत्रालय वल्लभ भवन प्रांगण में कल दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्रियों की अर्द्धप्रतिमाओं का अनावरण कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर राज्य शासन के मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण, पूर्व सांसदगण, पूर्व विधायकगण, विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण सहित भूतपूर्व मुख्यमंत्रियों के परिजन उपस्थित रहेंगे। राज्य शासन ने प्रदेश के चौमुखी विकास में विभिन्न कालखंडों में मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश का नेतृत्व करने वाले व्यक्तित्वों की स्मृति को चिरस्थायी बनाये रखने के लिए मंत्रालय वल्लभ भवन प्रांगण में दिवंगत समस्त 14 पूर्व मुख्यमंत्रियों की अर्द्धप्रतिमायें (ब्रान्ज मॉडल) लगाई जाने का निर्णय लिया था। इसके लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा 1 करोड़ 3 लाख 56 हजार रुपए की राशि की प्रशासकीय स्वीकृति 13 जुलाई 2020 को प्रदान की गई थी। राजधानी मंडल एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा यह कार्य दिवंगत मुख्यमंत्रियों के परिजनों से समय समय पर सहमति प्राप्त कर 31 मार्च 2023 को पूर्ण किया गया है।

### पात्र बहनों को मिले रियायती दर पर रसोई गैस सुविधा : शिवराज सिंह चौहान

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सस्ते दाम पर रसोई गैस उपलब्ध करवाने का कार्य पूरी तन्मयता से परिश्रम पूर्वक किया जाए, जिससे अधिक से अधिक पात्र बहनों को यह सुविधा उपलब्ध हो सके। चौहान मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कान्फ्रेंस द्वारा जिला कलेक्टर से प्रदेश में रियायती दर पर रसोई गैस सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए बहनों के पंजीयन कार्य की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने इस कार्य की जिलावार जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए। हितग्राहियों को शीघ्र ही राशि अंतरित किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए सभी आवश्यक प्रयास किए जाएं। जिस तरह जिला स्तर पर मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन पर ध्यान दिया गया उसी टीम भावना से रियायती रसोई गैस सिलेंडर री-फिलिंग योजना की सुविधा का लाभ दिलवाने का कार्य किया जाए। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की हितग्राही बहनों को 450 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया गया है। इस निर्णय के परिपालन के लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण विकास द्वारा संबंधित एजेंसियों, आयल कंपनियों और स्थानीय प्रशासन से समन्वय कर निर्धारित कार्यवाही की जा रही है। बहनों को गैस कंपनी से विक्रय दर पर सिलेंडर लेने के पश्चात अंतर की राशि का भुगतान उनके बैंक खाते में किया जाएगा। यह राशि राज्य सरकार वहन करेगी।

### रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह में होगा 21 हजार मंत्रों का जाप : नेपाली बाबा

अयोध्या। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में भव्य बन रहे श्री राम मंदिर निर्माण में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में इक्कीस हजार राम मंत्र का जाप किया जायेगा। रामसेवकपुरम् में स्थित आश्रम में स्वामी आत्मानन्द उर्फ नेपाली बाबा ने आज कहा कि श्रीरामजन्मभूमि पर बन रहे भव्य मंदिर निर्माण में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में इक्कीस हजार राम मंत्र का जाप किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में नौ दिनों तक इक्कीस हजार नाम जापक राम मंत्र का जाप भी होगा।सरयू तट पर दशकों कठिन परिश्रम करने वाले स्वामी आत्मानंद उर्फ नेपाली बाबा के संयोजन में नवदिवसीय सीताराम नाम जप यज्ञ का आयोजन किया जायेगा। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पूरी रामनगरी राम मय नजर आयेगी। हर ओर राम मंत्र की गूंज होगी। हवन की सुगंध से पूरी अयोध्या का वातावरण भक्तिमय नजर आयेगा। साथ ही ग्यारह सौ दम्पत्तियों द्वारा एक हजार आठ शिवलिंग की स्थापना कर नौ दिनों तक पूजन-अभिषेक किया जायेगा। नेपाली बाबा ने 2015 में भी सरयू तट पर राम मंदिर निर्माण के लिये अनुष्ठान किया था। उन्होंने बताया कि राम मंदिर निर्माण के लिये सरयू तट पर एक लाख लोगों ने मेरे संकल्प पर राम नाम जप महायज्ञ किया था। अब राम मंदिर बनने के बाद महायज्ञ करने जा रहा हूं। उन्होंने बताया कि विश्व हिन्दू परिषद के संरक्षक रहे अशोक सिंहल से मैंने कहा था कि बारह साल के अंदर राम मंदिर बनकर रहेगा। सब कुछ राम की कृपा से हो रहा है। नेपाली बाबा ने कहा हम नेपाल के नहीं हैं। नेपाल के राजा ने वहां यज्ञ कराने के कारण मेरा नाम नेपाली बाबा रख दिया।

# हर दिव्यांग को मानसिक रूप से बनना चाहिए सबल : पद्मश्री कनुभाई टेलर

**स्वाती फाउंडेशन द्वारा कनुभाई टेलर सहित 80 दिव्यांगों को किया गया सम्मानित**







लखनऊ। स्वाती फांउडेशन द्वारा सोमवार को पद्मश्री कनुभाई हसमुखई भाई टेलर सहित 80 दिव्यांग जनों और उनके लिए काम करने वाले समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। कृष्णानगर स्थित एक होटल में इस अवसर पर छह घंटे का सेमिनार भी आयोजित हुआ, जिसमें कनुभाई टेलर ने कहा कि यदि मानसिक रूप से स्वस्थ हैं, तो दिव्यांगता हमारे कामों में अवरोध नहीं उत्पन्न कर सकती। प्रकृति ने यदि कोई बांधा उत्पन्न किया है तो निश्चय ही वह कोई अच्छी विशेषता भी देता है। उसे हमें निखारने की जरुरत है।

उन्होंने अपना उदाहारण देते हुए कहा कि हमारा ही देख लीजिए, भगवान ने दोनों पैर से दिव्यांग बना दिया लेकिन उसके बाद भी मैं मन से कभी नहीं हारा और पूरे समाज के लिए काम आ रहा हूं।

हम सभी को पहले मन को जीतना चाहिए। यदि मन पर विजय है तो दिव्यांगता को कभी भी हरा सकते हैं। यह बता दें कि पद्मश्री कनूभाई हसमुखभाई टेलर एक दिव्यांग होते हुए भी गुजरात में पूरी जिंदगी दिव्यांजन को समर्पित कर दिये और उन्होंने वहां बहुत बड़ा काम किया है।

इस अवसर पर एक सेमिनार भी आयोजित किया गया, जिसमें स्वाती फाउंडेशन की अध्यक्ष और पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने कहा कि प्रकृति जिस भी व्यक्ति को शारीरिक रुप से अक्षम बनाती है, उसको निश्चय ही कुछ विशेष दिव्य दृष्टि देती है। उसको पहचानने की जरूरत है। उसको पहचान कर जो चला वह अपनी दिव्यांगता पर हावी हो गया और वह कर बैठा जो शारीरिक रूप से स्वस्थ भी नहीं कर सकते।

स्वाती सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अब तक सबसे ज्यादा दिव्यांजनों के लिए काम किया है। उन्होंने आत्मसम्मान का भाव भरने के लिए सबसे पहले विकलांग शब्द को दिव्यांगजन कर दिया, जिससे आत्मग्लानि का भाव न आये। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनेकों कार्यक्रम चलाए, जिससे आज दिव्यांगजन आत्मनिर्भर हो रहे हैं।

उन्होंने सूरदास का उदाहरण देते हुए कहा कि भगवान कृष्ण ने एक बार सूरदास का हाथ पकड़कर बांधा को पार कराया था। उसके बाद छोड़कर जाने लगे तो तुरंत सूरदास ने तुरंत उन्हें पहचान लिया और उन्होंने कहा कि आपने हमको इतना निर्बल समझ लिया है।

आप इतने सबल हैं तो मेरे मन और आत्मा से निकलकर देखिए। उन्होंने कहा कि हर दिव्यांगजन को सूरदास से प्रेरणा लेनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि समाज आगे आये और दिव्यांगजनों की मदद करे। मैं भी दिव्यांगजनों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहती हूं। इस अवसर समाजसेवी सविता सिंह, बिंदू प्रभा, डा. सुनील बिझला, कमलेश मौर्य मृदुल, लक्ष्मीकांत सिरके, हुसैन रजा, विजय सिंह विष्ठ मनोज गुप्ता, पीके वर्मा को सम्मानित किया गया।

## मेवाड़ में ब्रह्माकुमारीज का 'असीमित सुख' पर अतिथि व्याख्यान आयोजित

**स्वयं पर हंसने की क्षमता विकसित करें: बीके संजीव**



**गाजियाबाद।** 'खुद पर नफरत का बोझ डालने के बजाय खुद पर हंसने की क्षमता विकसित करें। खुद को सशक्त बनाने और खुश रहने के लिए अतीत की कड़वी भावनाओं को त्यागें।' वसुंधरा स्थित मेवाड़ इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के कल्चरल इको क्लब की ओर से 'असीमित सुख' विषय पर आयोजित अतिथि व्याख्यान में यह बात दिल्ली पुलिस में इंस्पेक्टर ब्रह्माकुमारीज के प्रमुख वक्ता बीके संजीव ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बताई। अपने सम्बोधन में बीके संजीव ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बताया कि कैसे अपने जीवन को अनुशासित कर असीमित सुख प्राप्त करें। उन्होंने भारीपन से खुशी तक, पालन-पोषण की कला, तनावमुक्त जीवन, मन-प्रबंधन, संबंध-प्रबंधन, समय-प्रबंधन, मुस्कान के साथ सेवा, आत्म सशक्तिकरण, भीतर की आपदा पर नियंत्रण, ध्यान का जादू आदि के बारे में चर्चा की। उन्होंने छात्रों के लिए एक संक्षिप्त ध्यान सत्र भी आयोजित किया और सभी को सकारात्मकता पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि सभी उज्ज्वल भविष्य और मन की प्रसन्न स्थिति बनाए रखें।

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ शांतिपूर्ण ध्यान-संगीत के बीच दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्पण के साथ हुआ। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशक डॉ. अलका अग्रवाल एवं अतिथियों ने माँ सरस्वती एवं माँ भारती के चित्र के समक्ष दीप जलाकर अतिथि व्याख्यान की शुरुआत की। इस दौरान डॉ. अलका अग्रवाल ने अतिथि वक्ता बीके संजीव को शॉल एवं बुके भेंटकर सम्मानित किया। डॉ. अलका अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन रंजना मिश्रा ने किया। राष्ट्रगान के साथ अतिथि व्याख्यान का विधिवत समापन हुआ।

## बलरामपुर साइबर क्राइम सेल द्वारा 50754.19/- रुपये कराये वापस

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**

**बलरामपुर।** शिकायतकर्ता पवन कुमार गुप्ता पुत्र दुर्गा प्रसाद गुप्ता निवासी सादुल्लानगर थाना सादुल्लानगर जनपद बलरामपुर द्वारा ऑनलाइन साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत की गयी थी कि शिकायतकर्ता पवन कुमार गुप्ता आईसीआईसीआई बैंक का क्रेडिट कार्ड धारक है, दिनांक 13.09.2023 को जालसाजो के द्वारा अपने आप को आईसीआईसीआई कस्टमर सपोर्ट अधिकारी बताकर क्रेडिट कार्ड की सर्विसेज को बेहतर करने के नाम पर धोखाधड़ी करके मेरे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड से 50754.19 रुपये निकाल लिए गए हैं।

जिस पर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार द्वारा जनपदीय साइबर क्राइम सेल को तत्काल जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। साइबर क्राइम सेल द्वारा तत्काल आवश्यक कार्यवाही करते हुए उक्त धनराशि संबंधित बैंक/गेटवे के माध्यम से बरामद करते हुए धोखाधड़ी की समस्त धनराशि शिकायतकर्ता के बैंक क्रेडिट कार्ड में वापस करा दी गयी है।

उक्त शिकायतकर्ता द्वारा शतप्रतिशत धनराशि अपने बैंक क्रेडिट कार्ड में वापस मिल जाने पर जनपदीय साइबर सेल टीम

उप निरीक्षक पवन कुमार कनौजिया प्रभारी साइबर क्राइम सेल बलरामपुर।

कांस्टेबल अनिल कुमार साइबर क्राइम सेल।

कांस्टेबल विकास कुमार, साइबर क्राइम सेल बलरामपुर।

थाना सादुल्लानगर थानाध्यक्ष बृजानंद सिंह व सादुल्ला नगर साइबर क्राइम सेल से स्वपनिल रॉय व बलरामपुर पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया एवं सभी को फूल माला पहनाकर धन्यवाद करते हुए सम्मानित किया।

## कनहर बांध परियोजना तैयार हुई चार दशकों में, अभी भी मुआवजे के लिए विलाप कर रहे विस्थापित

**विस्थापित गांव का आइपीएफ टीम ने किया दौरा, विस्थापितों की समस्याओं के तत्काल समाधान की मुखर हुई मांग**

दुद्धी (सोनभद्र)। सिंचाई के लिए अतीव महत्वाकांक्षी कनहर बाँध परियोजना ने आरम्भ से अबतक अनेक झंझावाती झकोरे झेले हैं निर्माण में जो अब चार दशक के दौर से गुजरते अब परिपूर्ण होने जी दशा में परिपक्व हुई है फिरभी समस्याओं से आम अवाम को अबतक निजात नहीं मिल सकी है।

कनहर बांध के शेष बचे हुए कामों विशेष कर नहरों के निर्माण, कनहर विस्थापितों के बचे हुए मुआवजे का भुगतान, सूची में छूटे हुए विस्थापितों को सम्मिलित कर विस्थापन पैकेज देने और अमवार स्थित कनहर विस्थापित कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं के लिए केंद्र सरकार को पिछले डेढ़ साल से लंबित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत 1050 करोड रुपए का तत्काल भुगतान करने की कवायद अभी भी जारी है जो कब



का हो जाना चाहिए था। इसकी परिपूर्ति न करने की दशा में कोई दीगरबात - प्रतिकूल परिस्थिति पैदा होने की संभावना प्रबलतर हो सकती हैं, ऐसा अंदेशा भी साफ देखने को मिल सकता है।

इंडियन पीपुल्स फ्रंट ने मौका मुआयना करते दौरे के दौरान मुखर किये अपने मन्तव्य और कहा कि समस्या समाधान नहीं किया जाता तो नागरिक समाज के लोगों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा।

यह बातें आज कनहर विस्थापित गांव कुदारी, बैरखड, सुंदरी आदि में दौरा करने के दौरान ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रदेश महासचिव दिनकर कपूर ने कही।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा डीएम सोनभद्र को कनहर विस्थापितों की समस्याओं के समाधान के लिए निर्देशित करने के बाद तहसील प्रशासन ने विस्थापित गांव के प्रधानों, पूर्व प्रधानों और सम्भ्रांत लोगों के साथ जनसुनवाई का कार्यक्रम किया लेकिन उद्देश्य पूर्ण न हो सके, महज खानापूर्ति न रह जाए इसलिए जरूरी है कि तत्काल प्रशासन पहल करे और कनहर विस्थापितों की समस्याओं का समाधान करें।

बैठक में विस्थापित नेता पूर्व प्रधान कोरची गंभीरा प्रसाद, पूर्व प्रधान बैरखड इस्लामुद्दीन, विस्थापित नेता मेराज अहमद, आईपीएफ के तहसील संयोजक शिव प्रसाद गोंड, जिला प्रवक्ता मंगरु प्रसाद श्याम, युवा मंच की सविता गोंड, मजदूर नेता भोला, मनोज भुइंया, कामेश्वर भुइंया आदि लोगों ने अपनी बात रखी।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती व हिंदी पखवाड़े पर काव्य गोष्ठी व विचार गोष्ठी संपन्न

सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज कचहरी बार एसोसिएशन - सभागार में चला विचारों का प्रवाह और बही काव्य रस सुर सरिता भी।हिंदी पखवाड़ा पर जमावड़ा हुआ कवियों एवं चिंतकों ; विचारकों का।विधायक सदर भूपेश चौबे के मुख्यातिथ्य में आयोज्य कवि गोष्ठी एवं विचार गोष्ठी में बतौर विशिष्ट अतिथि समुपस्थित रहीं रॉबर्ट्सगंज नगरपालिका की चेयरपर्सन - अध्यक्ष रूबी प्रसाद तो आयोजन की अध्यक्षता की बार एसोसिएशन सोनभद्र अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पाठक एडवोकेट ने।

वाग्देवी वंदना एवं माँ सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण से प्रारम्भ के पश्चात आयोजक प्रद्युम्न



तिवारी ने माँ ममता की खान मर्तबा आला है, भगवान् तो क्यों अपमान हो रहा सुनाकर समाज की विसंगति व हिन्दी तथा भारत माता के दर्द को उकेरा। वरिष्ठ साहित्यकार - इतिहासकार दीपक कुमार केसरवानी ने हिंदी व दीनदयाल उपाध्याय पर संदर्भित आलेख का वाचन कर गतिज उर्जा का संचरण किया। वरिष्ठ साहित्यकार पारस मिश्र, भोजपुरी के गीतकार जगदीश पंथी, कवि मदन चौबे, कवयित्री अनुपम वाणी, कौशल्या कुमारी चौहान, बाल कवयित्री कुमारी सृजा, सुधाकर पांडे स्वदेश प्रेम, शायर विकास वर्मा ने बाबा है जिंदगी का तजुर्बा मेरा यही है,आधागिलास भरा है आधा गिलास खाली शेर से सीनेट के उस बकाए को भी तरोताजा कर दिया जहां आधा गिलास खाली और आधा गिलास भरा के कथ्य याद आये। संचालन कर रहे शायर अशोक तिवारी ने गजल दिल में इक हिन्दोस्तान रखता हूँ, पांव में जमीं सर पे आसमान रखता हूँ सुनाकर फकीरी में भी जमीर का जज्बा जगाया। प्रभात सिंह चंदेल ने-भारत माँ की कोंख कलंकित कभी न होने पाये, तन मन धन उत्सर्ग करेंगे देश पे आंच न आये सुनाकर राष्ट्रभक्ति का संचरण किया। हास्य व्यंग्य के कवि दिवाकर द्विवेदी मेघ ने समाज की बिंदूपता को मुखर स्वर देती हास्य रचना बरवा कटउले कटकउवा बी0ए0 पढै लागल बा बेटौवा सुनाया तो वही जयराम सोनी ने न्यायालय में पेशी लेत देखली पेशकार के सुनाकर मनोविनोद कर अट्टहास का वातावरण सृजित किया।

## ग्वालियर में समुदाय विशेष के लोगों के प्रदर्शन के दौरान उपद्रव, पुलिस भी हुयी सक्रिय

ग्वालियर। मध्यप्रदेश के ग्वालियर में आज एक समुदाय विशेष से जुड़े लोगों के प्रदर्शन के दौरान कुछ लोगों ने कलेक्टर कार्यालय के पास पथराव और तोड़फोड़ करते हुए उपद्रव मचाया। पुलिस ने भीड़ पर काबू पाने के लिए अश्रुगैस का भी उपयोग किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार उपद्रवियों के द्वारा पथराव और तोड़फोड़ के कारण पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की कुछ गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गयीं। कलेक्ट्रेट के आसपास और शहर के अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर आरोपियों की पहचान की जा रही है। पुलिस के जवानों ने कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया है। सूत्रों ने कहा कि हिंसा पर उतारू भीड़ के उपद्रव के कारण कुछ पुलिस कर्मचारियों को चोट पहुंची है। शहर में स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल भी मौके पर बुलाया गया। दरअसल ग्वालियर के फूलबाग मैदान पर आज गुर्जर महापंचायत का आयोजन किया गया था। इस महापंचायत में ग्वालियर चंबल संभाग से गुर्जर समाज के लोग एकत्र हुये थे। समाज के व्यक्ति यहां मिहिर भोज की प्रतिमा के आसपास से आवरण (कवर) हटाने समेत कुछ मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान भीड़ में शामिल अनेक लोग कलेक्टर कार्यालय के समीप पहुंचकर मुख्य द्वार को तोड़ने का प्रयास करने लगे।

## कश्मीर को सभी लोगों ने बस एक पहेली की तरह समझा और इस्तेमाल किया है : दर्शील सफारी

मुम्बई से सटे पहाड़ियों के बीच लोनावाला में आजकल कश्मीर - एनिग्मा ऑफ पैराडाइज फ़िल्म की शूटिंग चल रही है। इस फ़िल्म का यह तीसरा शेड्यूल है। आज यहां अभिनेता दर्शील सफारी, रामगोपाल बजाज और विनीत शर्मा का सीक्वेंस शूट हो रहा है, इसके पहले इस फ़िल्म को कश्मीर के श्रीनगर, पुलवामा और कश्मीर के लोकल लोकेशन्स पर भी शूट किया गया है। इस फ़िल्म में तारे जमीं पर से फेमस हुए अभिनेता दर्शील सफारी मुख्य किरदार में सामने आने वाले हैं। उन्होंने इस फ़िल्म के बारे में बात करते हुए बताया कि वो इस फ़िल्म में कश्मीर के बच्चे का कैरेक्टर करके बेहद गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। वो एक ऐसे बच्चे का किरदार कर रहे



हैं जिसका जन्म के तुरंत बाद से ही माहौल बिगड़ा हुआ रहता है, उसके दिमाग मे उलजुलूल बातें भरी हुई रहती हैं। लेकिन वो बच्चा कैसे उन सभी हालातों से ट्रांसफॉर्मेशन पाता है और कैसे निकलकर बाकी दुनिया को एक्सप्लोर करता है यही इस कहानी की विशेषता है। कश्मीर के बारे में जो लोगों ने सिर्फ आतंकवाद की थ्योरी गढ़ रखी है वैसे लोगों का शायद कॉन्सेप्ट और परसेप्शन ही इस फ़िल्म को देखने के बाद में बदल जाये। बतौर दर्शील सफारी यह कश्मीर आज़ादी के इतने सालों बाद भी एक पहेली बनकर रह गई है। हमें इस पहेली को ही सुलझाना है। इसी के लिए हम कश्मीर के इतिहास को फिक्शन के साथ मिलाकर दिखाने का प्रयोग पहली बार कर रहे हैं। हम इस फ़िल्म में 1947 में जो हुआ वो भी दिखाने वाले हैं। और इसके बाद कि घटनाओं के बारे में उसके इफ़ेक्ट के बारे में भी आम दर्शकों को इस फ़िल्म के जरिए बताने वाले हैं।

इस फ़िल्म कश्मीर एनिग्मा ऑफ पैराडाइज का निर्देशन अतुल गर्ग कर रहे हैं, निर्देशक अतुल गर्ग के बारे में बात करते हुए दर्शील सफारी ने बताया कि अतुल जी एक मंझे और सुलझे हुए निर्देशक हैं, वे अभिनेताओं के कम्फर्ट का बहुत ख़्याल रखते हैं। उनके साथ काम करने का एक अलग ही अनुभव होता है। कभी भी वो एक्टिंग को बोझ नहीं बनने देते, वे एक्टर से वो निकलवा लेते हैं जो उनको जरूरत होती है। उनके साथ काम करने में बहुत ही आनन्द आ रहा है।


इटरनल फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बन रही हिंदी फिल्म कश्मीर - एनिग्मा ऑफ पैराडाइज का निर्देशन अतुल गर्ग ने किया है। इस फिल्म के सिनेमेटोग्राफी फसाहत खान कर रहे हैं, प्रोडक्शन डिजाइनर- श्री नायर हैं वहीं एक्शन डायरेक्टर- सुनील रोड्रिग्स हैं। इस फ़िल्म के प्रचारक संजय भूषण पटियाला है।

### महाराणा प्रताप लोक बनेगा साढ़े तीन एकड़ में

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भोपाल के हृदय स्थल स्मार्ट सिटी क्षेत्र में 28 सितंबर को वीर पराक्रमी महाराणा प्रताप के स्मारक के रूप में विकसित किए जा रहे भव्य महाराणा प्रताप लोक के लिए शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न होगा। यह स्मारक साढ़े तीन एकड़ क्षेत्र में विकसित होगा। चौहान ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में प्रदेश राजपूत समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने इसके भूमि-पूजन कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी प्राप्त कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने राजपूत समाज के पदाधिकारियों से शिलान्यास कार्यक्रम पर चर्चा की।

## राज गिल का नया एल्बम किना करदा प्यार एक इमोशनल लव रोमांटिक पंजाबी सॉन्ग है

लखबीर सिंह लक्खा के छोटे पुत्र राज गिल का नया पंजाबी एल्बम किना करदा प्यार Lsl melodies यूट्यूब चैनल पर रिलीज़ हुआ है। यह राज गिल का पहला ही वीडियो एल्बम है जिसमें राज गिल ने फीमेल सिंगर नवनीत शर्मा के साथ ड्यूएट गाया है। यह एक बेहद इमोशनल रोमांटिक लव सॉन्ग है, जिसमें प्रेमी अपनी प्रेमिका को रिझा रहा है और उसे अपने प्यार के बारे में बता रहा है। राज गिल की आवाज़ में यह पंजाबी सॉन्ग आम ट्रेडिशनल पंजाबी सॉन्ग से कुछ अलग प्रयोग के साथ रिलीज़ हुआ है। इस गाने को सुनकर यह अहसास होता है कि राज गिल की आवाज़ में वो पोटेंशियल है कि उन्हें भविष्य में बड़ा सिंगर बना सकती है। वैसे भी उनके




परिवार में सिंगिंग को लेकर बड़ा इतिहास रहा है। खुद राज गिल के पिता लखबीर सिंह लक्खा एक बड़े भजन गायक थे जिन्होंने राम ना मिलेंगे हनुमान के बिना और प्यार सजा है तेरा द्वार भवानी जैसे कालजयी भजन गाकर हर घर मे अपनी पैठ बना लिया था। एक समय तो ऐसा था कि किसी भी पूजा पंडाल में इन दोनों गीतों के बिना पूजा स्थल को शुद्ध ही नहीं माना जाता था। अब इसी परंपरा को आगे बढाने के लिए पूरी फैमिली की निगाह राज गिल पर टिकी हुई है, की क्या राज गिल भी अपनी गायकी से इस फील्ड में वो मुकाम बना पाएंगे ? अब यह तो आगे आने वाले समय मे ही पता चल पाएगा। फिलहाल आप सभी इस किना करदा प्यार को यूट्यूब चैनल lsl melodies पर सुन सकते हैं। इस वीडियो सॉन्ग के निर्माता, निर्देशक व गायक राज गिल हैं। गीत संगीत बनाया है हनी हार्डी ने। कथा पटकथा राज गिल का है जबकि इसके लेखक हैं अंकुर पांडेय। इस वीडियो सॉंग का निर्माण फ्लाइंग फ्रेम्स प्रोडक्शन से हुआ है।